# कक्षा - आठवीं

## आओ हिन्दी सीखें - 8
## ( द्वितीय भाषा )

### आठवीं कक्षा के लिए

### हल सहित अभ्यास





तैयारकर्ता :- कुमकुम, (हिंदी शिक्षिका) सरकारी हाई स्मार्ट स्कूल, शाहपुर रोड, लुधियाना

संशोधक :- विनोद कुमार (हिंदी शिक्षक) सरकारी हाई स्कूल, बुल्लेपुर (लुधियाना)

चन्द्र शेखर (हिंदी शिक्षक) सरकारी मिडल स्कूल दातारपुर (रूपनगर)





## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

सत्र 2025-26

## कक्षा आठवीं

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित 80 अंक + आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक) = 100**

***नोट-(i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे। (ii) प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न होंगे। (iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।***

**भाग-क : (i)बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न** **(10)**

प्रश्न-.1(I) पाठ्य पुस्तक में से पर्यायवाची शब्द, शब्द-शुद्धि, संज्ञा, सर्वनाम, कारक, विशेषण, क्रिया की पहचान, क्रिया-विशेषण और पंजाबी से हिंदी शब्द अनुवाद से संबंधित बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 6x1=6

(II)पाठ्य पुस्तक के कविता भाग के अभ्यासों में से दो अति लघूत्तर बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

(III) पाठ्य-पुस्तक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों से सम्बन्धित दो कठिन शब्दों के अर्थ पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

**(ii) अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(10)**

***नोट:'मिलान कीजिए", 'रिक्त स्थान भरो' 'एक शब्द' अथवा 'एक वाक्य उत्तर दें किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है ।***

(IV) पाठ्य-पुस्तक के पद्यांश पर आधारित चार प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्नों के उत्तर पद्यांश में से ढूँढकर लिखने के लिए होंगे। अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ / पद्यांश के केन्द्रीय भाव/मूल भाव से सम्बन्धित दिए जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4x1=4

(V) पाठ्य-पुस्तक में से लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विराम चिह्न से सम्बन्धित उत्तरों वाले प्रश्नों में से तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 3x1=3

(VI) पाठ्य-पुस्तक में से पुरुष, काल, वाच्य, संबंधबोधक, योजक तथा विस्मयादिबोधक की पहचान, 'र' के विभिन्न रूप से सम्बन्धित उत्तरों वाले प्रश्नों में से तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा । 3x1=3

**भाग-ख: पाठ्य पुस्तक** **(24)**

प्रश्न - 2 पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से बारह अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से दस प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 10x1=10

प्रश्न- 3 पाठ्य पुस्तक में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 3x4=12

प्रश्न-4. पाठ्य-पुस्तक में से 'संवाद-किसने किससे कहे' के अंतर्गत तीन वाक्य दिए जाएँगे जिनमें से दो के उत्तर देने के लिए कहा जाएगा। **2x1=2**

**भाग-ग: अनुवाद** **(4)**

प्रश्न-5 पाठ्य-पुस्तक में से पंजाबी के तीन वाक्य देकर उनमें से किन्हीं दो का हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। 2x2=4

**भाग-घ: अपठित गद्यांश** **(6)**

प्रश्न-6 एक अपठित गद्यांश को पढ़कर छह प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कहा जाएगा। 6x1=6

**भाग-ङ: मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ** **(6)**

प्रश्न-7 पाठ्य-पुस्तक में से आठ मुहावरे / लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं छह मुहावरे / लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा। 6x1=6

**भाग-च: रचनात्मक लेखन** **(20)**

प्रश्न- 8 कोई दो पत्र देकर उनमें से किसी एक पत्र को लिखने के लिए कहा जाएगा। 7

प्रश्न-9 किन्हीं तीन विषयों पर संकेत बिंदु देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा। 8

प्रश्न-10 एक शब्द सारिणी में बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे की ओर दिए गए आठ सार्थक शब्दों में से पाँच सार्थक शब्द चुनकर उनके वाक्य बनाने के लिए कहा जाएगा। 5

CS Scanned with CamScanner

**विषय : हिंदी**

**समय : 3 घंटे** **कक्षा आठवीं (द्वितीय भाषा)** **पूर्णांक = 80**

**भाग-क**

**प्रश्न 1. बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न**

**(I) निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** (6X1=6)

(i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'सैलानी' का पर्याय है?

(क) सैर (ख) इमारत (ग) यात्री (घ) भ्रमण

(ii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखिए :-

(क) विवहार (ख) व्यवहार (ग) वयवहार (प) बिहार

(iii) 'तुम्हें पता चल जाएगा।' वाक्य में से सर्वनाम शब्द को चुनकर लिखिए :-

(क) तुम्हें (ख) पता (ग) चल (घ) जाएगा

(iv)"वह जोर से चिल्लाया।" इस वाक्य में से क्रिया विशेषण शब्द चुनकर लिखिए :-

(क) वह (ख) जोर से (ग) से (घ) चिल्लाया

(v) 'हमने राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया।' वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक को चुनकर लिखिए।

(क) करण कारक (ख) अधिकरण कारक (ग) सम्बोधन कारक (घ) सम्प्रदान कारक

(vi) प्रभाव' शब्द से बनने वाला सही विशेषण शब्द चुनिए-

(क) भावना (ख) भाव (ग) अहसास (घ) प्रभावित

**(II) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें.** (2X1=2)

(i)'राखी की चुनौती' कविता के अनुसार बताएँ कि लता कहाँ फूली नहीं समाती ?

(क) वन में (ख) मन में (ग) धन में (घ) गगन में

(ii) 'माँ' कविता के अनुसार बताएँ कि माँ का हथियार क्या है ?

(क) ममता (ख) समय (ग) उत्सव (घ) साहस

**(III) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें -** (2X1=2)

(i)'कपोतराज' शब्द का सही अर्थ चुनकर लिखिए :-

(क) कबूतर का बच्चा (ख) कबूतरों का शिकारी (ग) कबूतरों का राजा (घ) कबूतरों का सेवक

(ii)'चेष्टा' का सही अर्थ चुनकर लिखिए :-

(क) कोशिश (ख) कष्ट (ग) दर्द (घ) पीड़ा

**अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**(IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर चार प्रश्नों के उत्तर दें.** (4X1=4)

दौलत पाय न कीजिए; सपने में अभिमान ।
चंचल जल दिन चारि को; ठाऊँ न रहत निदान।
ठाऊँ न रहत निदान; जियत जग में यश लीजे ।।
मीठे वचन सुनाय; विनय सब ही की कीजै।।
कह गिरधर कविराय; अरे यह सब घट तौलत।
पाहुन निशि दिन चारि; रहत सब ही के दौलत ।।

(i) पद्यांश के अनुसार हमें कब अभिमान नहीं करना चाहिए? (दौलत पाकर / दौलत खोकर)

(ii)....................सब ही की कीजै। रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(iii)पाहुन' शब्द का अर्थ क्या है? (मेहमान पैर)

(iv) प्रस्तुत पद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है? (अभिमान करने की शिक्षा देना/अभिमान ना करने की शिक्षा देना)





**V) निम्नलिखित तीन प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें.** **(3X1=3)**

(i) 'सदस्य' का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा?

(ii) 'धूप' शब्द का विपरीत शब्द से मिलान करें-

धप रौशनी
चमक
छाया

(III) 'सूर्य का उदय होना' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द होगा - ..................................

**(VI) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें.** **(3X1=3)**

(i) निम्नलिखित वाक्य का काल बताएँ -

दीदी आओ ! आपको कुछ दिखाती हूँ।

(ii) रिक्त स्थान में उचित संबंधबोधक शब्द भरें-

रमजान के पूरे तीस रोज़ों ........................ईद आई है। (के बाद, के साथ)

(iii) 'प्रकट' शब्द में 'र' के किस रूप का प्रयोग हुआ है ? (रेफ़/ पदेन)

**भाग-रव**

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें.** **(10X1=10)**

(i) शेर किस धातु का बना हुआ था ? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर बताएँ।

(ii) स्मार्ट कार्ड का क्या उपयोग है? 'मैट्रो रेल का सुहाना सफ़र' पाठ के आधार पर बताएँ।

(iii) नीलू ने पायलट का प्रशिक्षण कहाँ से लिया? 'नील गगन का नीलू' पाठ के आधार पर बताएँ।

(iv) लेखिका ने आँगन में क्या देखा ? 'शायद यही जीवन है' पाठ के आधार पर बताएँ।

(v) मनीष और सीमा क्या बनना चाहते थे? 'प्रेरणा' पाठ के आधार पर बताएँ।

(vi) बिजली के बल्ब का आविष्कार किसने किया? मन के जीते जीत' पाठ के आधार पर बताएँ।

(vii) नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं ? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर बताएँ।

(viii) डोम थियेटर की क्या विशेषता है? 'ज्ञान और मनोरंजन का घर- साइंस सिटी' पाठ के आधार पर बताएँ।

(ix) भगत सिंह स्कूल से कहाँ चले गये थे ? 'सरफरोशी की तमन्ना' पाठ के आधार पर बताएँ।

(x) वाघा बॉर्डर किन दो देशों के मध्य स्थित है? 'वाघा बॉर्डर' पाठ के आधार पर बताएँ।

(xi) बचपन से ही कल्पना चावला का क्या सपना था? 'अन्तरिक्ष परी-कल्पना चावला' पाठ के आधार परबताएँ।

(xii) सहयोग का क्या अर्थ है? 'सहयोग' पाठ के आधार पर बताएँ।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्य में दें-** (3X4=12)

I. हामिद का चिमटा रुस्तमे हिन्द कैसे हैं? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ii. वाघा गांव के बारे में आपने क्या जाना? 'वाघा बार्डर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

iii. कल्पना चावला का सपना कब और कैसे पूरा हुआ ? 'अंतरिक्ष परी-कल्पना चावला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

iv. भूमिगत प्लेटफार्म से आप क्या समझते हैं ? मैट्रो रेल का सुहाना सफर' पाठ के आधार पर बताएँ।

V. चन्द्रगुप्त ने पिंजरे के शेर को कैसे बाहर निकाला? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर बताएँ।

**4.निम्नलिखित संवाद किसने किससे कहे ? किन्हीं दो के उत्तर दें -** (2X1=2)

i. यह चिमटा कहाँ से लाया? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ii. इस बेबे के हाथ से बनी रोटियाँ खायेंगे हम। 'सरफरोशी की तमन्ना' पाठ के आधार पर बताएँ।

iii.इस पिंजरे के चारों ओर आग जलाने का प्रबंध किया जाए। 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर बताएँ।

भाग-ग

**5.निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें-** **(2X2=4)**

(i) ਸਾਰੇ ਬੱਚੇ ਇੱਕਠੇ ਹੱਸ ਪਏ ।

(ii) ਅੱਜ ਮੇਰੇ ਜੀਵਨ ਨੂੰ ਖਤਰਾ ਲੱਗ ਰਿਹਾ ਹੈ ।

(iii) ਇਹ ਧਰਤੀ ਤੇ ਜੀਵਨ ਦਾ ਮੂਲ ਅਧਾਰ ਹੈ।

**भाग-घ**

**6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए -** **(6X1=6)**

मेरे देश का नाम भारत है, जो महाराज दुष्यंत एवं शकुंतला के प्रतापी पुत्र "भरत" के नाम पर रखा गया। पहले इसे "आर्यावर्त" कहा जाता था। इस पावन देश में राम, कृष्ण, महात्मा बुद्ध, वर्धमान महावीर आदि महापुरुषों ने जन्म लिया। इस देश में अशोक और महाराणा प्रताप जैसे प्रतापी सम्राट भी हुए हैं। इस देश के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, लोकमान्य तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले, लाला लाजपत राय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरोजनी नायडू आदि ने कंधे से कंधे मिलाकर संघर्ष किया।

प्रश्न 1 : भारत का नाम किसके नाम पर रखा गया ?

प्रश्न 2 : इस देश को पहले किस नाम से जाना जाता था ?

प्रश्न 3 : प्राचीन काल में किन-किन महापुरुषों ने इस देश में जन्म लिया ?

प्रश्न 4 : स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष करने वाले प्रमुख नेताओं के नाम बताइए।

प्रश्न 5 : प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 6 : शकुंतला के पुत्र का क्या नाम था ?

भाग -ङ

**7. निम्नलिखित में से किन्ही छह मुहावरों लोकोक्तियों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं-** (6X1=6)

दंग रह जाना, ताकते रह जाना, पारखी आँखों वाला, दांत खट्टे करना, लोहा मनवाना, करारा जवाब देना, चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात, जहाँ चाह वहाँ राह

**भाग-च**

**8. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखें -** (7)

स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र लेने हेतु अपने मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

अपनी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को पत्र लिखिए।

**9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए-** (8)

(i) प्रदूषण की समस्या व् समाधान

(ii) शहीद भगत सिंह

(iii) प्रातः काल की सैर

**10. निम्नलिखित सारिणी में बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे आठ सार्थक शब्द छिपे हैं. इनमें से पाँच सार्थक शब्द ढूंढिए और उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए -** (5)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खु | श | हा | ली | रा | मीं |
| जी | व | न | खे | त | ह |
| ध | र | ती | सो | ना | पा |
| ह | रा | म | वे' | शी | नी |





**कक्षा – आठवीं**

**पाठ – 1**

**हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती**

**कवि : डॉ. हरिवंशराय बच्चन**

**अभ्यास हल सहित**

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਹਾਰ | = | हार | 4. ਮੋਤੀ | = | मोती |
| 2. ਨੀਂਦ | = | नींद | 5. ਲਹਿਰ | = | लहर |
| 3. ਮੁੱਠੀ | = | मुट्ठी | 6. ਜੈ-ਜੈਕਾਰ | = | जय-जयकार |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਹੌਂਸਲਾ | = | हिम्मत | 4. ਕੀੜੀ | = | चींटी |
| 2. ਜੋਸ਼ | = | उत्साह | 5. ਕਿਸ਼ਤੀ | = | नैया |
| 3. ਨਾੜੀ, ਨਸ | = | रग | 6. ਦੁਗਣਾ | = | दूना |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **हिम्मत** | = | हौसला | 5. **गोताखोर** | = | पानी में डुबकी लगाने वाला |
| 2. **नैया** | = | जीवन रूपी नैया | 6. **सहज ही** | = | आसानी से |
| 3. **रग** | = | नाड़ी, नस | 7. **चुनौती** | = | ललकार |
| 4. **सिंधु** | = | सागर, समुद्र | 8. **चैन** | = | आराम |

**4. इन प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) कवि के अनुसार किन लोगों की हार नहीं होती?**

उत्तर :- कवि के अनुसार हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती।

**प्रश्न (ख) नन्हीं चींटी की क्या विशेषता है?**

उत्तर :- नन्हीं चींटी की विशेषता यह है कि चींटी दीवार पर चढ़ते हुए बार-बार फिसलने पर भी कभी हार नहीं मानती। अंत में उसे सफलता अवश्य प्राप्त होती है और वह दीवार पर चढ़ जाती है।

**प्रश्न (ग) गोताखोर सिंधु में डुबकियाँ क्यों लगाता है?**

उत्तर :- गोताखोर मोती प्राप्त करने के लिए सिंधु में डुबकियाँ लगाता है।

**प्रश्न (घ) हिम्मत करने वालों को असफलता को किस रूप में स्वीकार करना चाहिए?**

उत्तर :- हिम्मत करने वालों को असफलता को चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) 'चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है' यह पंक्ति कवि ने किसके लिए कही है और क्यों?**

उत्तर :- यह पंक्ति कवि ने चींटी के लिए कही है क्योंकि नन्हीं चींटी दीवार पर चढ़ते हुए बार-बार फिसल कर गिरती रहती है, परन्तु फिर भी उसे इस बात का बुरा नहीं लगता। वह हार नहीं मानती और कोशिश करती ही रहती है। अंत में वह दीवार पर चढ़ ही जाती है।

**प्रश्न (ख) गोताखोर को सागर से मोती निकालने के लिए क्या-क्या करना पड़ता है?**

उत्तर :- गोताखोर को सागर से मोती निकालने के लिए बार-बार पानी में डुबकी लगानी पड़ती है। पानी में जाकर उसे बहुत बार खाली हाथ लौट कर आना पड़ता है। उसे आसानी से मोती प्राप्त नहीं होते फिर भी वह हिम्मत नहीं हारता, अंत में वह मोती निकाल ही लेता है।

**6. पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. लहर | = | **तरंग, हिलोर, उर्मि** | 5. उत्साह | = | **साहस, जोश, हिम्मत** |
| 2. नैया | = | **नाव, नौका, किश्ती** | 6. हाथ | = | **कर, हस्त, पाणि** |
| 3. कोशिश | = | **प्रयास, यत्न, प्रयत्न** | 7. संघर्ष | = | **लड़ाई, युद्ध, टकराव** |
| 4. सिन्धु | = | **सागर, समुद्र, जलधि** | 8. हिम्मत | = | **साहस, जोश, हौंसला** |

**7. विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नन्हीं | = | **विशाल** | 4. | सफल | = | **असफल** |
| 2. | मेहनत | = | **आलस्य** | 5. | हार | = | **जीत** |
| 3. | विश्वास | = | **अविश्वास** | 6. | साहस | = | **कायरता** |

**8. संज्ञा शब्द चुनें :-**

| | | |
|---|---|---|
| डरकर | दाना | मोती |
| चींटी | जब | देखो |
| चढ़ना | हाथ | असफलता |
| सिन्धु | साहस | पानी |

## पाठ – 2
## पिंजरे का शेर
### अभ्यास हल सहित

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਫੁਸਫੁਸਾਹਟ | = | फुसफुसाहट | 4. | ਵਚਿੱਤਰ | = | विचित्र |
| 2. | ਨੀਂਹ | = | नींव | 5. | ਸਾਮਰਾਜ | = | साम्राज्य |
| 3. | ਸੂਤਰ | = | सूत्र | 6. | ਪੁਰਸਕਾਰ | = | पुरस्कार |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਕੀਮਤੀ | = | बहुमूल्य | 6. | ਬਿਨਾਂ ਅੱਖ ਝਮਕੇ | = | अपलक |
| 2. | ਮੌਤ ਦੀ ਸਜ਼ਾ | = | मृत्युदण्ड | 7. | ਹੋਂਦ | = | अस्तित्व |
| 3. | ਕਦਮ | = | डग | 8. | ਸ਼ੋਰ | = | कोलाहल |
| 4. | ਨਿਡਰ | = | निर्भीक | 9. | ਨਿਰੀਖਣ | = | निरीक्षण |
| 5. | ਚੁਪਚਾਪ | = | सन्नाटा | 10. | ਮਜ਼ਬੂਤ | = | सुदृढ़ |

**3. शब्दार्थ :-**

1. **दूत** = हरकारा, एक जगह से दूसरी जगह चिट्ठी-पत्र, संदेश आदि पहुँचाने वाला
2. **निरीक्षण** = ग़ौर से देखना, मुआइना करना
3. **फुसफुसाहट** = बहुत धीमी आवाज़ में बोलना
4. **सीसा** = एक प्रसिद्ध मूल धातु जिसकी चादरें, गोलियाँ आदि बनती हैं

**4. उपयुक्त शब्द भरकर वाक्य पूरे करें :-**

(क) मगध राज्य सबसे शक्तिशाली समझा जाता था ।
(ख) पिंजरे को खोले या **तोड़े** बग़ैर शेर को पिंजरे से बाहर निकालना है ।
(ग) नौकरों ने पिंजरे के चारों ओर **आग** लगा दी ।
(घ) पिंजरे का शेर **पिघल** कर धरती पर फैल गया ।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) महापद्म नन्द के दरबार में किस देश के दूत आये थे?**
उत्तर :- महापद्म नन्द के दरबार में रोम देश के दूत आये थे।
**प्रश्न (ख) रोम के राजदूत मगध के सम्राट के लिए क्या लाये?**
उत्तर :- रोम के राजदूत मगध के सम्राट के लिए किसी धातु का बना पिंजरे में बंद एक शेर तथा अन्य कई बहुमूल्य उपहार लाये।
**प्रश्न (ग) सम्राट महापद्म नन्द के मन्त्री का क्या नाम था ?**
उत्तर :- सम्राट महापद्म नन्द के मन्त्री का नाम शकटार था।





**प्रश्न (घ) शेर किस धातु का बना था?**
उत्तर :- शेर सीसा धातु का बना था।
**प्रश्न (ङ) शेर को पिंजरे से निकालने वाला किशोर बड़ा होकर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ?**
उत्तर :- शेर को पिंजरे से निकालने वाला किशोर बड़ा होकर चन्द्रगुप्त मौर्य के नाम से प्रसिद्ध हुआ।
**प्रश्न (च) पिंजरा किस धातु का बना था?**
उत्तर :- पिंजरा लोहा धातु का बना था।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) रोम के राजदूत ने पिंजरे के शेर को बाहर निकालने की क्या शर्तें बतायीं ?**
उत्तर :- रोम के राजदूत ने पिंजरे के शेर को बाहर निकालने की निम्न शर्तें बतायीं :-
- पिंजरे को न तो खोलना है और न ही काटना है।
- पिंजरे को खोले या तोड़े बिना ही शेर को पिंजरे से बाहर निकालना है।

**प्रश्न (ख) पिंजरे के शेर के चारों ओर आग लगती देख सभा में सन्नाटा क्यों छा गया?**
उत्तर :- जब किशोर ने पिंजरे के चारों ओर आग लगा दी तो सभा में सन्नाटा छा गया। सभी की साँसें रुक गई। हर व्यक्ति एकटक पिंजरे की ओर देख रहा था। क्योंकि सभी को इस बात को जानने की उत्सुकता थी कि शेर किस प्रकार पिंजरे में से बाहर निकलेगा।
**प्रश्न (ग) चन्द्रगुप्त ने पिंजरे के शेर को बाहर कैसे निकाला?**
उत्तर :- चन्द्रगुप्त ने सबसे पहले पिंजरे के शेर को पानी के बड़े टब में डुबो दिया। फिर पिंजरे को पानी से बाहर निकाल कर पिंजरे के चारों ओर आग लगा दी। शेर सीसा धातु का बना हुआ था इसलिए आग की गर्मी से पिघलने लगा और देखते ही देखते पिंजरे का शेर पिघल कर धरती पर फैल गया। लोहे का पिंजरा ज्यों का त्यों पड़ा था । इस प्रकार चन्द्रगुप्त ने पिंजरे के शेर को बाहर निकाला।

**7. इन शब्दों के लिंग बदलो :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सम्राट | = | **सम्राज्ञी** | 4. | शेर | = | **शेरनी** |
| 2. | महाराज | = | **महारानी** | 5. | नौकर | = | **नौकरानी** |
| 3. | किशोर | = | **किशोरी** | 6. | राजा | = | **रानी** |

**8. इन शब्दों के वचन बदलो :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पिंजरा | = | **पिंजरे** | 4. | सभा | = | **सभाएँ** |
| 2. | मूर्ति | = | **मूर्तियाँ** | 5. | यह | = | **ये** |
| 3. | बूँद | = | **बूँदें** | 6. | मंदिर | = | **मंदिर /मंदिरों** |

**9. विपरीत शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुराना | = | **नया** | 3. | अनेक | = | **एक** |
| 2. | असफल | = | **सफल** | 4. | धरती | = | **आकाश** |

**10. शुद्ध करके लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शकतीशाली | = | **शक्तिशाली** | 4. | घोषना | = | **घोषणा** |
| 2. | सूदरिढ़ | = | **सुदृढ़** | 5. | बहुमूलय | = | **बहुमूल्य** |
| 3. | पुरसकार | = | **पुरस्कार** | 6. | मरितयु | = | **मृत्यु** |

**11. उचित विराम चिह्न लगायें :-**

(क) किशोर ने मुस्कराते हुए कहा वह देखिए महामन्त्री
- ➢ किशोर ने मुस्कराते हुए कहा, “वह देखिए, महामन्त्री ।”

(ख) शेर को कौन बाहर निकाल सकता है सहसा सम्राट ने कहा
- ➢ “शेर को कौन बाहर निकाल सकता है ?” सहसा सम्राट ने कहा ।

(ग) किशोर ने सिर झुकाकर कहा महाराज शेर पिंजरे से बाहर आ गया है

➢ किशोर ने सिर झुकाकर कहा, "महाराज ! शेर पिंजरे से बाहर आ गया है ।"

**12. प्रत्येक शब्द के आगे लिखो, यह कौन-सी संज्ञा है ?:-**

| शब्द | | संज्ञा | शब्द | | संज्ञा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. शेर | = | **जातिवाचक संज्ञा** | 6. शकटार | = | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** |
| 2. लज्जा | = | **भाववाचक संज्ञा** | 7. पिंजरा | = | **जातिवाचक संज्ञा** |
| 3. गर्मी | = | **भाववाचक संज्ञा** | 8. गुस्सा | = | **भाववाचक संज्ञा** |
| 4. किशोर | = | **जातिवाचक संज्ञा** | 9. दूत | = | **जातिवाचक संज्ञा** |
| 5. पानी | = | **जातिवाचक संज्ञा** | 10. मन्दिर | = | **जातिवाचक संज्ञा** |

**13. नीचे दी गई जातिवाचक संज्ञा से सम्बन्धित व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखें :-**

| राज्य (जातिवाचक संज्ञा) | लड़का (जातिवाचक संज्ञा) | देश (जातिवाचक संज्ञा) | राजा (जातिवाचक संज्ञा) |
|---|---|---|---|
| मगध, पंजाब | मोहन, भरत | भारत, जापान | राम, हर्ष |

**पाठ – 3**

**मैट्रो रेल का सुहाना सफर**

**लेखक : महेश कुमार शर्मा**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਯੋਗ | = | योग | 4. ਰੇਲਵੇ ਸਟੇਸ਼ਨ | = | रेलवे स्टेशन |
| 2. ਮੈਟਰੋ ਰੇਲ | = | मैट्रो रेल | 5. ਪਲੇਟਫਾਰਮ | = | प्लेटफार्म |
| 3. ਲਿਫਟ | = | लिफ्ट | 6. ਸਵੈ-ਚਾਲਿਤ | = | स्वचालित |

**2.नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਖੇਡਾਂ | = | राष्ट्रीय खेलें | 7. ਕਸੂਰ/ਦੋਸ਼ | = | अपराध |
| 2. ਸਰਕਾਰੀ | = | राजकीय | 8. ਸੁਰੱਖਿਆ ਕਰਮਚਾਰੀ | = | सुरक्षाकर्मी |
| 3. ਸਕੂਲ | = | विद्यालय | 9. ਇੰਤਜ਼ਾਰ | = | प्रतीक्षा |
| 4. ਖਿਡਾਰੀ | = | खिलाड़ी | 10. ਪੌੜੀਆਂ | = | सीढ़ियाँ |
| 5. ਯਾਤਰੀ | = | पर्यटक | 11. ਬੁੱਢੇ | = | वृद्ध |
| 6. ਅਪੰਗ | = | अपाहिज | 12. ਯੰਤਰ | = | उपकरण |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. **उपहार** | = | भेंट |
| 2. **लिफ्ट** | = | बड़ी इमारतों के ऊपर ले जाने वाला यान स्वरूप यंत्र |
| 3. **अपाहिज** | = | अपंग |
| 4. **विस्फोटक सामग्री** | = | विस्फोट करने वाला पदार्थ |
| 5. **स्वचालित प्रवेश द्वार** | = | अपने आप खुलने वाला दरवाज़ा |
| 6. **दंडनीय अपराध** | = | दंडित किए जाने योग्य अपराध |
| 7. **उद्घोषणा** | = | ऊँची आवाज़ में कहना, सरकारी घोषणा |
| 8. **वातानुकूलित** | = | हवा के तापमान के अनुकूल बनाया गया |
| 9. **इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट** | = | बिजली से चलने वाला पटल जिस पर लगातार सूचनाएँ दी जाती हैं |
| 10. **भूमिगत प्लेटफार्म** | = | भूमि के अंदर बना प्लेटफार्म |





**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) गुरु जी ने बच्चों को क्या वचन दिया था?**

उत्तर :- गुरु जी ने बच्चों को वचन दिया था कि यदि उनकी टीम प्रथम आती है तो उन्हें मैट्रो रेल के सुहावने सफर का उपहार दिया जाएगा।

**प्रश्न (ख) कैसे पता चलता है कि बच्चे पंजाब से आये हैं?**

उत्तर :- बच्चों के ट्रैक सूटों पर 'पंजाब' छपा हुआ था जिससे पता चलता था कि ये बच्चे पंजाब से आये हैं।

**प्रश्न (ग) मैट्रो रेल की पटरी कहाँ-कहाँ बिछाई जाती है?**

उत्तर :- मैट्रो रेल की पटरी ज़मीन पर, सड़क पर पुल बनाकर या सड़क के नीचे सुरंग खोदकर बिछाई जाती है।

**प्रश्न (घ) लिफ्ट का प्रयोग किन लोगों के लिए किया जाता है?**

उत्तर :- लिफ्ट का प्रयोग वृद्धों, बीमारों और अपाहिजों को पहिया कुर्सी सहित लाने और ले जाने के लिए किया जाता है।

**प्रश्न (ङ) स्टेशन पहुँचने पर बच्चे क्या देखकर हैरान हुये?**

उत्तर :- स्टेशन पहुँचने पर बच्चे स्टेशन की साफ़-सफ़ाई और सजावट देखकर हैरान हुये।

**प्रश्न (च) स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा-जाँच कैसे की जाती है?**

उत्तर :- स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा-जाँच एक विशेष यंत्र के द्वारा की जाती है जो किसी भी विस्फोटक सामग्री के पास आते ही अपने आप एक विशेष ध्वनि निकालने लगता है।

**प्रश्न (छ) स्वचालित प्रवेश-द्वार किस प्रकार कार्य करता है?**

उत्तर :- मैट्रो रेल यात्रा के लिए एक टोकन प्रति यात्री दिया जाता है। इस टोकन को स्वचालित प्रवेश-द्वार के निकट लाने पर प्रवेश द्वार खुल जाता है।

**प्रश्न (ज) स्मार्ट-कार्ड का क्या उपयोग है?**

उत्तर :- रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए स्मार्ट-कार्ड की सुविधा उपलब्ध होती है। इस कार्ड को मशीन के पास लाने से एक तो यात्रा के अनुसार किराया अपने आप कट जाता है दूसरा टोकन खरीदने में लगने वाला समय बच जाता है।

**प्रश्न (झ) पर्यटन-कार्ड द्वारा कितने दिन तक यात्रा कर सकते हैं?**

उत्तर :- पर्यटन-कार्ड द्वारा एक से तीन दिन तक असीमित मैट्रो रेल यात्रा कर सकते हैं।

**प्रश्न (ञ) गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय कौन-से रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए?**

उत्तर :- गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय प्लेटफार्म पर बनी पीले रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए।

**प्रश्न (त) प्लेटफार्म पर हमें क्या-क्या नहीं करना चाहिए?**

उत्तर :- प्लेटफार्म पर थूकने, गंदगी फैलाने तथा कोई भी वस्तु खाने-पीने से परहेज़ करना चाहिए।

**प्रश्न (थ) मैट्रो गाड़ी की खिड़कियाँ क्यों नहीं खुलतीं?**

उत्तर :- मैट्रो गाड़ी के वातानुकूलित होने के कारण इसके शीशे स्थायी तौर पर बंद होते हैं इसलिए इसकी खिड़कियाँ नहीं खुलतीं।

**प्रश्न (द) इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट पर क्या सूचनाएँ दी जाती हैं?**

उत्तर :- इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट पर लगातार आने वाले स्टेशनों की जानकारी हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में दी जाती है।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) मैट्रो स्टेशन आम स्टेशनों से किस प्रकार भिन्न है?**

उत्तर :- मैट्रो स्टेशन आम स्टेशनों से निम्न प्रकार से भिन्न है :-

- मैट्रो रेल की पटरी ज़मीन या सड़क पर पुल बनाकर या ज़मीन के नीचे सुरंग खोद कर बिछाई जाती है जबकि आम स्टेशन प्राय: ज़मीन पर ही होते हैं।
- मैट्रो स्टेशन पर संगमरमर का फर्श और अत्याधुनिक बिजली उपकरण होते हैं जो आम स्टेशनों पर नहीं होते।
- मैट्रो स्टेशन पर लिफ्ट और स्वचालित प्रवेश-द्वार जैसी सुविधाएँ होती हैं जो आम स्टेशनों पर नहीं होतीं।

**प्रश्न (ख) टोकन, स्मार्ट कार्ड और पर्यटक कार्ड में क्या अंतर है?**

उत्तर :- टोकन का प्रयोग टिकट के रूप में किया जाता है।

स्मार्ट कार्ड का प्रयोग रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए किया जाता है। इस कार्ड को मशीन के पास लाने से एक तो यात्रा के अनुसार किराया अपने आप कट जाता है दूसरा टोकन खरीदने में लगने वाला समय बच जाता है।

पर्यटक कार्ड का प्रयोग तीन दिन के लिए असीमित मैट्रो रेल यात्रा के लिए किया जाता है।

**प्रश्न (ग) मैट्रो गाड़ी के स्वचालित द्वार द्वारा जाने और निकलने में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?**
उत्तर :- मैट्रो गाड़ी के स्वचालित द्वार अपने आप ही बंद हो जाते हैं तथा अपने आप ही खुल जाते हैं इसलिए इसके द्वारा जाने और निकलने में हमें सतर्क व सावधान रहना चाहिए। द्वार के खुलते ही तुरन्त गाड़ी पर चढ़ या उतर जाना चाहिए। द्वार के बंद होने पर गाड़ी से उतरने या उस पर चढ़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए।
**प्रश्न (घ) भूमिगत प्लेटफार्म से आप क्या समझते हैं?**
उत्तर :- भूमिगत शब्द का अर्थ है भूमि के नीचे गया हुआ। अत: भूमिगत प्लेटफार्म का अर्थ है भूमि के अंदर बना हुआ प्लेटफार्म। जिसे भूमि के नीचे सुरंग खोदकर बनाया जाता है और उसकी पटरी भी भूमि के अंदर ही बनाई जाती है ।

**6. बहुवचन रूप लिखें : -**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **खेल** | = | **खेलें** | 4. | **पंक्ति** | = | **पंक्तियाँ** |
| 2. | **वृद्ध** | = | **वृद्धों / वृद्धजन** | 5. | **सीढ़ी** | = | **सीढ़ियाँ** |
| 3. | **स्टेशन** | = | **स्टेशनों** | 6. | **खिड़की** | = | **खिड़कियाँ** |

**7. इन वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर गोला लगायें :-**
(क) हम लालकिला देखने जायेंगे।
(ख) तुम्हें पता चल जायेगा।
(ग) मैं आपको गाड़ी में बैठाकर आता हूँ।
(घ) उसने कहा, "चलो, आपकी गाड़ी का समय होने वाला है।"
(ङ) उसे कन्हैया नगर स्टेशन से अधिकारियों ने हमारे आने की सूचना पहले ही दे दी थी।

**8. 'असीमित' शब्द में 'अ' लगाकर विपरीत शब्द बना है । इसी प्रकार अन्य विपरीत शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अ + सुविधा | = | **असुविधा** | 3. | अ + सुर | = | **असुर** |
| 2. | अ + सहयोग | = | **असहयोग** | 4. | अ + भिन्न | = | **अभिन्न** |

**9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर वाक्यों में प्रयोग करें :-**
**1. दिल बल्लियाँ उछलना = बहुत प्रसन्न होना =**
- **कक्षा मे प्रथम आने पर मोहन का दिल बल्लियाँ उछलने लगा।**

**2. दंग रह जाना = हैरान होना =**
- **स्टेशन की साफ़-सफ़ाई देखकर सभी दंग रह गये।**

**3. खुशी से झूम उठना = बहुत खुश होना =**
- **कक्षा मे प्रथम आने पर मोहन खुशी से झूम उठा।**

**4. मन बहलाना = मनोरंजन करना =**
- **माँ कहानी सुनाकर बच्चे का मन बहलाती है।**

**10. नीचे लिखे शब्दों में अक्षरों को उचित क्रम में रखकर सार्थक शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गालरेड़ी | = | **रेलगाड़ी** | 10. | किललाला | = | **लालकिला** |
| 2. | पहाउर | = | **उपहार** | 11. | लतारगा | = | **लगातार** |
| 3. | लीजबि | = | **बिजली** | 12. | रीजाकान | = | **जानकारी** |
| 4. | परआध | = | **अपराध** | 13. | लासफा | = | **फासला** |
| 5. | जापंब | = | **पंजाब** | 14. | फालेप्टर्म | = | **प्लेटफार्म** |
| 6. | कानिस | = | **निकास** | 15. | अरोधनु | = | **अनुरोध** |
| 7. | नुशाअसन | = | **अनुशासन** | 16. | वानुकूतलिता | = | **वातानुकूलित** |
| 8. | मगसंरमर | = | **संगमरमर** | 17. | भूतगमि | = | **भूमिगत** |
| 9. | टवसजा | = | **सजावट** | 18. | अबाजू | = | **अजूबा** |





**11. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों में कारक बतायें :-**

| | |
|---|---|
| (क) भास्कर रेलगाड़ी **देखने के लिए** प्लेटफार्म के किनारे जा पहुँचा। | **सम्प्रदान कारक** |
| (ख) आज हम सभी **मैट्रो रेल के द्वारा** जायेंगे। | **करण कारक** |
| (ग) प्रतिभा खिड़की वाली **सीट पर** बैठ गयी। | **अधिकरण कारक** |
| (घ) सभी स्वचालित **सीढ़ियों के द्वारा** भूमिगत प्लेटफार्म पर पहुँच गये। | **करण कारक** |
| (ङ) **गुरु जी ने** बच्चों को बड़े प्यार से समझाया। | **कर्ता कारक** |
| (च) हमने राष्ट्रीय **खेलों में** भाग लिया। | **अधिकरण कारक** |

## पाठ - 4
## राखी की चुनौती
### कवयित्री : सुभद्रा कुमारी चौहान
### अभ्यास हल सहित

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਚਮਕ | = | चमक | 4. | ਖੁਸ਼ੀ | = | खुशी |
| 2. | ਬੂੰਦ | = | बूँद | 5. | ਘਰ | = | घर |
| 3. | ਹੱਥਕੜੀ | = | हथकड़ी | 6. | ਬੰਦੀ | = | बंदी |

**2.नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਬਿਜਲੀ | = | तड़ित | 5. | ਭੇਦਭਾਵ | = | विषमता |
| 2. | ਭੈਣ | = | बहन | 6. | ਫੁੱਲ | = | पुष्प |
| 3. | ਬੱਦਲ | = | घन | 7. | ਆਸਮਾਨ | = | गगन |
| 4. | ਬਦਲੀ | = | घटा | 8. | ਪੁੰਨਿਆ, ਪੂਰਨਮਾਸ਼ੀ | = | पूनी |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **घटा** | = | जल भरे बादलों का समूह |
| 2. | **कलाई** | = | हाथ में हथेली के जोड़ के ऊपर का गट्टा |
| 3. | **भादों** | = | भादों का महीना, भाद्रपद, सावन के बाद पड़ने वाला देसी महीना |
| 4. | **ज़ालिम** | = | जुल्म करने वाला |
| 5. | **धूनी** | = | ठंड से बचने के लिए जलायी जाने वाली आग |
| 6. | **विषमता** | = | असमता, भीषणता, जटिलता |
| 7. | **चुनौती** | = | युद्ध, शास्त्रार्थ आदि के लिए आह्वान, ललकार |

**4. उपयुक्त शब्द भरकर काव्य-पंक्तियाँ पूरी करें :-**
**(क) घटा** है न फूली समाती गगन में,
**लता आज फूली समाती न** वन में ।।
(ख) ये आई है राखी सुहाई है **पूनी**
**बधाई** उन्हें जिनको **भाई** मिले हैं ।।
(ग) मेरा बन्धु **माँ** की पुकारों को सुनकर -
के तैयार हो **जेलखाने** गया है ।
(घ) **छीनी** हुई माँ की **स्वाधीनता** को,
वह **ज़ालिम** के घर में से लाने गया है ।।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें :-**
**प्रश्न (क) लता कहाँ पर फूली नहीं समाती?**
उत्तर :- लता **वन में** फूली नहीं समाती।

**प्रश्न (ख) राखी का त्योहार किस दिन होता है?**
उत्तर :- राखी का त्योहार **भादों मास की पूर्णिमा** को होता है।
**प्रश्न (ग) इस कविता में आई बहन का भाई कहाँ है?**
उत्तर :- इस कविता में आई बहन का भाई देश को स्वतंत्र करवाने के लिए अंग्रेजों की जेल में गया हुआ है।
**प्रश्न (घ) बहन किस को बधाई देती है?**
उत्तर :- बहन उन बहनों को बधाई देती है जिन के भाई उन के पास हैं।
**प्रश्न (ङ) 'मुझे गर्व है किंतु राखी है सूनी' का क्या भाव है?**
उत्तर :- 'मुझे गर्व है किंतु राखी है सूनी' का भाव यह है कि मुझे इस बात का गर्व है कि मेरा भाई भारत माता को स्वतंत्र करवाने के लिए अंग्रेजों की जेल में गया हुआ है परंतु दुख इस बात का है कि आज मेरी राखी सूनी पड़ी है।
**प्रश्न (च) यह कविता भारत की स्वतंत्रता से पहले लिखी गई या बाद में?**
उत्तर :- यह कविता भारत की स्वतंत्रता से पहले लिखी गई।

**8. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तड़ित | = | बिजली, | चपला, | विद्युत |
| 2. | गगन | = | आकाश, | अम्बर, | आसमान |
| 3. | खुशी | = | हर्ष, | आनंद, | प्रसन्नता |
| 4. | घन | = | मेघ, | जलद, | बादल |
| 5. | पुष्प | = | फूल, | प्रसून, | सुमन |
| 6. | भाई | = | भ्राता, | सहोदर, | बन्धु |

**9. शुद्ध करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राखीयाँ | = | राखियाँ | 5. | प्रन | = | प्रण |
| 2. | विशमता | = | विषमता | 6. | स्वाधिनता | = | स्वाधीनता |
| 3. | पुश्प | = | पुष्प | 7. | चुनोती | = | चुनौती |
| 4. | खूशी | = | खुशी | 8. | जालिम | = | ज़ालिम |

**10. मुहावरों के वाक्य बनाएं :-**
**1. फूले न समाना = बहुत खुश होना =**
- **कक्षा मे प्रथम आने पर मोहन फूला न समाया।**

**2. धूनी तपना = कष्ट सहना =**
- **कवयित्री का भाई अंग्रजों की जेल में धूनी तप रहा था।**

**3. खुशी दोगुनी होना = दोहरी खुशी मिलना =**
- **कक्षा मे प्रथम आने के साथ-साथ जब मोहन को अच्छी नौकरी भी मिल गई तो उसकी खुशी दोगुनी हो गई।**

**11. विपरीत शब्द :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धरती | = | आकाश | 4. | अमावस | = | पूर्णिमा |
| 2. | पराधीनता | = | स्वाधीनता | 5. | अमंगल | = | मंगल |
| 3. | कठोर | = | कोमल | 6. | मुक्ति | = | बंधन |

## पाठ - 5
## शायद यही जीवन है
**लेखिका : डॉ. मीनाक्षी वर्मा**
**अभ्यास हल सहित**

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਬਗੀਚਾ | = | बगीचा | 4. | ਗਤੀਵਿਧੀਆਂ | = | गतिविधियाँ |
| 2. | ਬੈਂਗਨ | = | बैंगन | 5. | ਸੰਬੰਧ | = | संबंध |
| 3. | ਅੰਡੇ | = | अंडे | 6. | ਮੂਲ ਮੰਤਰ | = | मूल मंत्र |





**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਵਿਹੜਾ | = | आँगन | 4. | ਧੰਨਵਾਦ | = | धन्यवाद |
| 2. | ਇੰਤਜ਼ਾਰ | = | प्रतीक्षा | 5. | ਚੁੰਝ | = | चोंच |
| 3. | ਆਲ੍ਹਣਾ | = | घोंसला | 6. | ਭੋਜਨ | = | आहार |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **असमंजस** | = | कुछ न सूझना | 6. | **अचेत** | = | मूर्छित, बेसुध, होश न होना |
| 2. | **समयाभाव** | = | समय का अभाव या कमी | 7. | **अवलम्ब** | = | सहारा |
| 3. | **नीड़** | = | घोंसला | 8. | **आशंकित** | = | शंका होना |
| 4. | **निहारना** | = | प्यार से देखना | 9. | **अंतरंग बातें** | = | पक्षी जगत का अंदरूनी व्यवहार |
| 5. | **निश्चिंत** | = | बिना किसी चिंता के, बेफिक्र | | | | |

**4. एक दो वाक्यों में उत्तर दें :-**
**प्रश्न (क) लेखिका ने आँगन में क्या देखा?**
उत्तर :- लेखिका ने आँगन में चिड़िया का घोंसला देखा।
**प्रश्न (ख) चिड़िया का रंग रूप कैसा था?**
उत्तर :- चिड़िया का रंग जैतूनी हरा, नीचे के अंग सफेद, जंग जैसे रंग की शिखा तथा दुम में तन कर खड़े दो सुई की तरह नोकीले पर थे।
**प्रश्न (ग) चिड़िया के कितने बच्चे थे?**
उत्तर :- चिड़िया के चार बच्चे थे।
**प्रश्न (घ) बच्चे भोजन की माँग किस प्रकार करते थे?**
उत्तर :- बच्चे अपनी खुली चोंच बार-बार ऊपर की ओर उठा कर भोजन की माँग करते थे।
**प्रश्न (ङ) घोंसला नीचे मिट्टी में कैसे गिर गया?**
उत्तर :- घोंसले से जुड़े दो पत्तों में से एक पत्ते के टूट जाने के कारण घोंसला दूसरे पत्ते के सहारे लटक कर नीचे मिट्टी में गिर गया।
**प्रश्न (च) लेखिका ने घोंसले को ऊपर की टहनी पर बाँधने का निश्चय क्यों किया?**
उत्तर :- लेखिका ने पौधे के पास छिपकर बैठी बिल्ली को देखा तो बिल्ली के डर से घबरा कर उसने घोंसले को ऊपर की टहनी पर बाँधने का निश्चय किया।
**प्रश्न (छ) बच्चे अपनी माँ से संपर्क किस प्रकार स्थापित करते थे?**
उत्तर :- बच्चे घोंसले से मुँह बाहर निकाल कर चीं-चीं कर अपनी माँ से संपर्क स्थापित करते थे।
**प्रश्न (ज) तीन बच्चे मुक्त हो गये थे परन्तु चौथा बच्चा क्यों नहीं मुक्त हो पाया?**
उत्तर :- तीन बच्चे मुक्त हो गये थे परन्तु चौथा बच्चा छोटा होने के कारण मुक्त नहीं हो पाया।
**प्रश्न (झ) लेखिका चौथे बच्चे के भी उड़ जाने पर उदास क्यों हो गई?**
उत्तर :- चौथे बच्चे के भी उड़ जाने पर घोंसला खाली हो गया था जिस कारण लेखिका उदास हो गई।

**6. सही विशेषण शब्द चुन कर लिखें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **हरे-भरे** पेड़ | 5. | **पतली** रस्सी |
| 2. | **नोकीले** पर | 6. | **चंचल** चिड़िया |
| 3. | **गोल** डिब्बे | 7. | **ऊँची** डाली |
| 4. | **मेरी** ननद | 8. | **रंग बिरंगे** फूल |

**7. विशेषण बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुमान | = | अनुमानित | 4. | सुरक्षा | = | सुरक्षित |
| 2. | परिचय | = | परिचित | 5. | आशंका | = | आशंकित |
| 3. | स्थापना | = | स्थापित | 6. | केन्द्र | = | केन्द्रित |

**8. विपरीत शब्द :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. परिचित | = | अपरिचित | 6. धूप | = | छाया |
| 2. आगमन | = | गमन | 7. उपलब्ध | = | अनुपलब्ध |
| 3. दर्शक | = | श्रोता | 8. अचेत | = | सचेत |
| 4. मुक्त | = | बन्दी | 9. बंधन | = | मुक्ति |
| 5. निर्माण | = | ध्वंस | | | |

**9. नये शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. समय | + | अभाव | = | समयाभाव | 4. मूल | + | मंत्र | = | मूलमंत्र |
| 2. विद्या | + | आलय | = | विद्यालय | 5. परिवर्तन | + | शील | = | परिवर्तनशील |
| 3. कार्य | + | आलय | = | कार्यालय | | | | | |

**10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सूर्य का उदय होना | = | सूर्योदय |
| 2. देखने वाला | = | दर्शक |
| 3. समय का अभाव | = | समयाभाव |
| 4. जिसकी जानकारी हो चुकी हो | = | ज्ञात |
| 5. जिसकी जानकारी न हो | = | अज्ञात |
| 6. पक्षी जगत की जानकारी रखने वाला | = | पक्षीविद् |
| 7. बिना पलक झपकाए | = | अपलक |

**11. मुहावरों के वाक्य बनाएं :-**

**1. फूला नहीं समाना = बहुत खुश होना =**
- **कक्षा में प्रथम आने पर मोहन फूला नहीं समाया।**

**2. धावा बोलना = हमला करना =**
- **बिल्ली ने चूहे पर धावा बोल दिया।**

**3. मन गद्‌गद् हो जाना = खुश होना =**
- **पूरे ज़िले में प्रथम आने पर मोहन का मन गद्‌गद् हो गया।**

**4. दिल धक से रह जाना = घबरा जाना =**
- **घोंसले के पास बिल्ली को देखकर लेखिका का दिल धक से रह गया।**

**12. काल को पहचान कर लिखें :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. दीदी, आओ ! आपको कुछ दिखाती हूँ। | = | **वर्तमान काल** |
| 2. उन्हें अपलक देखकर फूला नहीं समा रही थी। | = | **भूतकाल** |
| 3. यह भी एक दिन उस चिड़िया की तरह उड़ जाएगी। | = | **भविष्य काल** |
| 4. अनेक चिड़ियों को फुदकता देखकर हम अपनी चिड़िया पहचान लेते थे। | = | **भूतकाल** |

---

**पाठ - 6**

**नील गगन का नीलू**

**लेखिका : सुधा जैन 'सुदीप'**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਰਾਸ਼ਟਰੀ | = | राष्ट्रीय | 7. ਭਰਤੀ | = | भर्ती |
| 2. ਪੁਰਸਕਾਰ | = | पुरस्कार | 8. ਮਿਸਾਈਲ | = | मिसाइल |
| 3. ਮਹਿਸੂਸ | = | महसूस | 9. ਕਿਸ਼ਤੀਆਂ | = | किश्तियाँ |
| 4. ਗਣਿਤ | = | गणित | 10. ਸ਼ਹੀਦ | = | शहीद |
| 5. ਬਾਰਾਂ | = | बारह | 11. ਪ੍ਰੇਰਨਾ | = | प्रेरणा |
| 6. ਮੁਲਾਂਕਣ | = | मूल्याँकन | 12. ਕੁਰਬਾਨ | = | कुर्बान |





**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਖਿਡੌਣੇ | = | खिलौने | 5. ਬਚਪਨ | = | बाल्यकाल |
| 2. ਪ੍ਰੀਖਿਆ | = | परीक्षा | 6. ਸਲਾਹ | = | परामर्श |
| 3. ਵਿਸ਼ਾ | = | विषय | 7. ਮਜ਼ਬੂਤ | = | पुख्ता |
| 4. ਜ਼ਿੱਦ | = | बालहठ | 8. ਹੱਦ | = | सीमा |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. लालायित | = | इच्छुक | 8. सक्षम | = | समर्थ |
| 2. मूल्यवान | = | कीमती | 9. मेधावी | = | तीव्र बुद्धि वाला, ज्ञानी |
| 3. मूल्याँकन | = | मूल्य आँकना | 10. अल्प | = | थोड़ा |
| 4. सीमा-भेदन | = | सीमा तोड़ना | 11. ध्येय | = | लक्ष्य |
| 5. दुर्भाग्यवश | = | बदकिस्मती से | 12. बाल हठ | = | बच्चे की ज़िद्द |
| 6. परामर्श | = | सलाह | 13. अनुमानित | = | अनुमान लगाया हुआ |
| 7. एकमात्र | = | अकेला | 14. दखल-अंदाजी | = | रोड़ा अटकाना,हस्तक्षेप करना |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) नीलू का पूरा नाम क्या था ?**

उत्तर :- नीलू का पूरा नाम अनिल शर्मा था ।

**प्रश्न (ख) बचपन से ही उसकी रुचि फलाईंग में क्यों हो गई ?**

उत्तर :- बचपन से ही उसकी रुचि फलाईंग में हो गई क्योंकि उसके पिता भी वायुसेना में सार्जेण्ट थे ।

**प्रश्न (ग) उड़ते हुए वायुयान को देखकर वह मन ही मन क्या सोचता ?**

उत्तर :- उड़ते हुए वायुयान को देखकर वह मन ही मन सोचता कि वह भी बड़ा होकर देश का परचम फहराएगा ।

**प्रश्न (घ) उसने पायलट का प्रशिक्षण कहाँ से लिया ?**

उत्तर :- उसने पायलट का प्रशिक्षण **बिदर** से लिया ।

**प्रश्न (ङ) उसने किन-किन क्षेत्रों में देश की सेवा की ?**

उत्तर :- अनिल शर्मा ने देश के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों तथा गुजरात के दलदलीय कच्छ क्षेत्रों में देश की सेवा की ।

**प्रश्न (च) उसे किस प्रकार के कार्यों में रुचि थी ?**

उत्तर :- उसे हमेशा चुनौती पूर्ण कार्यों में रुचि थी ।

**प्रश्न (छ) 12 नवम्बर, 2000 को भारतीय तट रक्षा बल ने पश्चिमी सीमा पर क्या देखा ?**

उत्तर :- 12 नवम्बर, 2000 को भारतीय तट रक्षा बल ने पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तानी मछुआरों की किश्तियाँ देखीं जो कि भारत की सीमा में दाखिल होने को थी।

**प्रश्न (ज) पाकिस्तानी मछुआरों ने किसे अपना निशाना बनाया ?**

उत्तर :- पाकिस्तानी मछुआरों ने अनिल शर्मा के हैलीकाप्टर को अपना निशाना बनाया ।

**प्रश्न (झ) 26 नवम्बर, 2009 को ऐसी ही घुसपैठ किस स्थान पर हुई ?**

उत्तर :- 26 नवम्बर, 2009 को ऐसी ही घुसपैठ **मुम्बई** में हुई ।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) किन-किन घटनाओं से पता चलता है कि अनिल शर्मा असाधारण प्रतिभा के स्वामी थे ?**

उत्तर :- निम्नलिखित घटनाओं से पता चलता है कि अनिल शर्मा असाधारण प्रतिभा के स्वामी थे :-

- बाल हठ से चार वर्ष की आयु में ही प्रथम कक्षा में दाखिला करवा लिया।
- जहाज़ों को उड़ते देखकर बचपन में ही जहाज़ उड़ाने का संकल्प कर लिया था।
- मात्र चौदह वर्ष की आयु में विशेष अनुमति द्वारा मैट्रिक की परीक्षा पास की।
- सन् 1987 में सी. डी. एस. की परीक्षा में चंडीगढ़ से सफल होने वाले एकमात्र युवक अनिल शर्मा ही थे।
- उनमें पूरा आत्मविश्वास था।

**प्रश्न (ख) किस घटना से पता चलता है कि उनमें पूरा आत्मविश्वास था ?**
उत्तर :- बी. एस. सी. की गणित की परीक्षा में अनिल शर्मा के 100 में से 71 अंक आए। परन्तु उनके अनुसार 91 अंक होने चाहिये थे। आज तक उन्होंने जितने अंकों का अनुमान लगाया था उतने ही अंक आए थे। तब माँ के परामर्श से उन्होंने दोबारा मूल्याँकन करवाया तो 91 अंक ही निकले जिससे पता चलता है कि उनमें पूरा आत्मविश्वास था।

**6. इन मुहावरों / लोकोक्तियों के अर्थ समझते हुए वाक्यों में प्रयोग करें : -**

**1. मौत की नींद सुलाना = मार देना =**
- अनिल शर्मा ने दुश्मनों को मौत की नींद सुला दिया ।

**2. सीना छलनी करना = मार देना =**
- भारतीय सैनिकों ने अपनी गोलियों से दुश्मनों का सीना छलनी कर दिया ।

**3. गौरवान्वित करना = मान अनुभव करना =**
- अनिल शर्मा ने अपने कार्यों से पूरे देश को गौरवान्वित किया ।

**4. होनहार बिरवान के होत चीकने पात = मेधावी तो बचपन में ही दिख जाता है =**
- अनिल शर्मा बचपन से ही बहुत होनहार, साहसी और मेधावी थे उन पर यह उक्ति पूरी तरह से चरितार्थ होती है होनहार बिरवान के होत चीकने पात ।

**5. सुध लेना = ध्यान देना =**
- माता-पिता हमेशा अपने बच्चों की सुध लेते हैं।

**6. ताकते रह जाना = देखते रह जाना =**
- अनिल शर्मा के करतबों को सभी ताकते ही रह गये।

**7. मंत्र-मुग्ध होना = लीन हो जाना =**
- मंदिर की सजावट देखकर सभी मंत्र-मुग्ध हो गये।

**7. अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | देश की रक्षा के लिए कुर्बान होना | = | **शहीद** |
| 2. | कभी न थकने वाला | = | **अथक** |
| 3. | जिसे किसी का डर न हो | = | **निडर** |
| 4. | अपने आप पर भरोसा होना | = | **आत्मविश्वास** |
| 5. | वायुयान चलाने वाला | = | **वायुयान चालक / पायलट** |
| 6. | समय से पूर्व | = | **असमय** |
| 7. | बचपन की ज़िद्द | = | **बालहठ** |
| 8. | घुसपैठ करने वाला | = | **घुसपैठिया** |

**8. विपरीत शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अ + साधारण | = | **असाधारण** | 4. | अ + टूट | = | **अटूट** |
| 2. | अ + समय | = | **असमय** | 5. | अ + न्याय | = | **अन्याय** |
| 3. | अ + सफल | = | **असफल** | | | | |

**9. इन वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करें एवं विशेषण शब्दों पर गोला लगायें:-**

(क) वे निपुण परीक्षक के रूप में प्रसिद्ध हो गये।
(ख) वे अटूट साहस वाले व्यक्ति थे।
(ग) उनका ध्येय राष्ट्रीय पुरस्कार या सम्मान पाना ही नहीं था।
(घ) पिता को उनका दाखिला चार वर्ष की आयु में ही प्रथम कक्षा में करवाना पड़ा।
(ङ) उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने का कार्य स्काड्रन लीडर अनिल शर्मा ने कर दिखाया।





**पाठ – 7**
**नवयुवकों के प्रति**
**कवि : मैथिलीशरण गुप्त**
**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਸ਼ੁਭ | = | शुभ | 4. | ਅੱਜ ਕੱਲ | = | आजकल |
| 2. | ਸੰਸਾਰ | = | संसार | 5. | ਜਨਮ | = | जन्म |
| 3. | ਜੋਤੀ | = | ज्योति | 6. | ਜੀਵਨ | = | जीवन |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਨਜ਼ਰ | = | दृष्टि | 3. | ਬਦਲਨਾ | = | परिणत |
| 2. | ਹਿੱਸਾ,ਯੋਗਦਾਨ | = | योग | 4. | ਪਹਿਲਾ | = | प्रथम |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **भक्तवर** | = | भक्तों में श्रेष्ठ | 5. | **निम्नोक्ति** | = | नीचे लिखी उक्ति या कथन |
| 2. | **देशोद्धार** | = | देश का उद्धार करना | 6. | **धर्माचरण** | = | धर्म के अनुसार आचरण / व्यवहार करना |
| 3. | **योग** | = | सहयोग | | | | |
| 4. | **कौमार** | = | कुमार / यौवन की अवस्था | 7. | **धरो** | = | धारण करना |

**4. इन प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) इस कविता के कवि का नाम लिखें ?**
उत्तर :- इस कविता के कवि का नाम **'मैथिलीशरण गुप्त'** है ।
**प्रश्न (ख) यह कविता किसे सम्बोधित की गई है ?**
उत्तर :- यह कविता **नवयुवकों को** सम्बोधित की गई है ।
**प्रश्न (ग) 'जो कुछ पढ़ो तुम कार्य में भी साथ ही परिणत करो ।' इस काव्य-पंक्ति का अर्थ लिखें ।**
उत्तर :- इस काव्य-पंक्ति का अर्थ है कि हम जो कुछ भी पढ़ते हैं उसे अपने कामों और जीवन में अपनाना भी चाहिए ।
**प्रश्न (घ) नवयुवकों के सम्मुख कौन-से दो पथ हैं ? उन्हें किस पथ का चुनाव करना चाहिए ?**
उत्तर :- नवयुवकों के सम्मुख **संयम और असंयम** दो पथ हैं । उन्हें हमेशा **संयम** के पथ का चुनाव करना चाहिए ।

**5. इन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनुज | = | **नर, मनुष्य, मानव,** | 3. | संसार | = | **जगत, जग, दुनिया** |
| 2. | ज्योति | = | **प्रकाश, आलोक, रोशनी** | 4. | पथ | = | **मार्ग, रास्ता, राह** |

**6. विपरीत शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अ + संयम | = | **असंयम** | 3. | अ + धर्म | = | **अधर्म** |
| 2. | अ + शुभ | = | **अशुभ** | 4. | अ + विश्वास | = | **अविश्वास** |

**पाठ – 8**
**प्रेरणा**
**लेखिका : मीना शर्मा**
**अभ्यास हल सहित**

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਪ੍ਰੇਰਣਾ | = | प्रेरणा | 3. | ਦੁਪਹਿਰ | = | दोपहर |
| 2. | ਗੁਬਾਰੇ | = | गुब्बारे | 4. | ਵਿੱਦਿਆ | = | विद्या |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਪਿੱਛੇ ਚਲਣਾ | = | अनुसरण | 2. | ਜੂਝਣਾ | = | जद्दोजहद |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰਨਾ | = | जीवन बसर करना | 4. ਬੁਖਾਰ | = | ज्वर |

3. **शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **संकेत** | = | इशारा | 4. **अंतर्गत** | = | भीतर समाया हुआ |
| 2. **अनसुनी** | = | ध्यान न देना | 5. **अपनापन** | = | आत्मीय |
| 3. **चेष्टा** | = | कोशिश | 6. **दयनीय अवस्था** | = | दीन-हीन हालत |
| 7. **पारखी** | = | परखने वाला, वह जिसमें परखने की शक्ति हो | | | |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) लड़के और उसकी बहन का क्या नाम था ?**
उत्तर :- लड़के का नाम **मनीष** और उसकी बहन का नाम **सीमा** था।
**प्रश्न (ख) मनीष क्या बेचकर अपना जीवन बसर कर रहा था ?**
उत्तर :- मनीष **गुब्बारे** बेचकर अपना जीवन बसर कर रहा था।
**प्रश्न (ग) गुब्बारे बेचने के पीछे मनीष ने अपनी क्या विवशता बतायी ?**
उत्तर :- गुब्बारे बेचने के पीछे मनीष ने अपनी यह विवशता बतायी कि उसके पिता जी मर चुके हैं और गुब्बारे बेचकर वे अपने परिवार का गुजारा करते हैं ।
**प्रश्न (घ) 'पढ़ोगे' पूछने पर उसने क्या उत्तर दिया ?**
उत्तर :- 'पढ़ोगे' पूछने पर उसने '**न**' में सिर हिला दिया ।
**प्रश्न (ङ) बच्चों को किस संस्था के अन्तर्गत पढ़ाने के लिए ले जाया गया ?**
उत्तर :- बच्चों को **'प्रेरणा सहायता सोसायटी'** संस्था के अन्तर्गत पढ़ाने के लिए ले जाया गया।
**प्रश्न (च) मनीष और सीमा क्या बनना चाहते थे ?**
उत्तर :- मनीष **पुलिस इंस्पैक्टर** और सीमा **मैडम** बनना चाहती थी।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) लेखिका ने बच्चों को पढ़ाई का क्या महत्त्व समझाया ?**
उत्तर :- लेखिका ने बच्चों को पढ़ाई का महत्त्व समझाते हुए कहा कि अगर वे पढ़ेंगे नहीं तो उनका बचपन, जवानी, बुढ़ापा सब इसी तरह निकल जाएंगे। अच्छी नौकरी, अच्छे कपड़े, एक घर यह सब बस केवल पढ़ाई से ही संभव हो सकते हैं। किस्मत बनाना तो अपने हाथ में होता है और सपने देखोगे नहीं, तो साकार कैसे होंगे?
**प्रश्न (ख) मनीष का चरित्र-चित्रण करें ?**
उत्तर :- मनीष इस कहानी का प्रमुख पात्र है। सारी कहानी उसी के इर्द-गिर्द घूमती है। उसकी आयु लगभग सात-आठ वर्ष है। वह लाल बत्ती चौक पर गुब्बारे बेचता है। वह बहुत समझदार और ज़िम्मेदार बालक है। वह मेहनत करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। वह अपनी बहन से बहुत प्यार करता है। वह पढ़-लिख कर पुलिस इंस्पैक्टर बनना चाहता है।

**5. इन मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग करें : -**

**1. पारखी आँखों वाला = पहचानने वाला =**
- **मनीष बहुत समझदार बालक है क्योंकि वह पारखी आँखों वाला है ।**

**2. जीवन की पहली जरूरत = आवश्यक वस्तु =**
- **जीवन की पहली जरूरत भोजन है ।**

**3. जीवन बसर करना = जीवन चलाना =**
- **मोहन गुब्बारे बेचकर अपना जीवन बसर कर रहा था ।**

**4. सपने दिखाना = प्रेरणा देना =**
- **अध्यापक बच्चों को सपने दिखाते हैं ।**

**5. हरी झण्डी मिलना = स्वीकृति मिलना =**
- **मनीष को पढ़ने के लिए माँ से हरी झण्डी मिल गई ।**





**7. इन शब्दों के विपरीत शब्द लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. नाराज़गी | = | **प्रसन्नता** | 6. साकार | = | **निराकार** |
| 2. अपनापन | = | **परायापन** | 7. बदकिस्मत | = | **खुशकिस्मत** |
| 3. विश्वास | = | **अविश्वास** | 8. सहमति | = | **असहमति** |
| 4. इन्कार | = | **स्वीकार** | 9. सफल | = | **असफल** |
| 5. सम्भव | = | **असम्भव** | | | |

**8. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर लिखें :-**

| | |
|---|---|
| (क) मैं जल्दी-जल्दी काम निपटा कर उसी चौराहे पर पहुँची । | **जल्दी-जल्दी** |
| (ख) वह मेरी तरफ एकटक देखने लगा । | **एकटक** |
| (ग) वह गाड़ी के पास आकर झट से बोला । | **झट से** |
| (घ) मैं कल आऊँगी । | **कल** |
| (ङ) वह उधर बैठी है । | **उधर** |

**9. कोष्ठक में से उचित विस्मयादि बोधक शब्द लेकर रिक्त स्थान भरें :-**

| | |
|---|---|
| (क) **अरे** ! तुम पढ़ोगे नहीं ? | (वाह, अरे) |
| (ख) **हाँ** ! तुमने ठीक पहचाना । | (उफ, हाँ) |
| (ग) **उफ** ! बड़े दुःख की बात है । | (अहा, उफ) |
| (घ) **अच्छा** ! हम तुम्हारा इंतज़ार करेंगे । | (हाय, अच्छा) |
| (ङ) **वाह** ! बहुत अच्छा किया । | (वाह, आह) |

**10. नये शब्द बनायें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. आत्म + विश्वास | = | आत्मविश्वास | 6. अनु + कूल | = | अनुकूल |
| 2. आत्म + रक्षा | = | आत्मरक्षा | 7. अन + सुनी | = | अनसुनी |
| 3. बे + चैन | = | बेचैन | 8. अन + वरत | = | अनवरत |
| 4. बे + कसूर | = | बेकसूर | 9. उत्सुक + ता | = | उत्सुकता |
| 5. अनु + सरण | = | अनुसरण | 10. दीन + ता | = | दीनता |

## पाठ - 9
## मन के जीते जीत
**लेखक : डॉ. सुनील बहल**
**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਸਫਲਤਾ | = | सफलता | 9. ਤਕਨੀਕ | = | तकनीक |
| 2. ਖਤਮ | = | खत्म | 10. ਕਾਰਬਨ | = | कार्बन |
| 3. ਸਾਹਿਤ | = | साहित्य | 11. ਕਾਗਜ਼ | = | कागज़ |
| 4. ਕਾਵਿ-ਰਚਨਾ | = | काव्य-रचना | 12. ਚੇਚਕ | = | चेचक |
| 5. ਬਿਜਲੀ | = | बिजली | 13. ਅਨੇਕ | = | अनेक |
| 6. ਸਥਾਨ | = | स्थान | 14. ਆਤਮ ਵਿਸ਼ਵਾਸ | = | आत्मविश्वास |
| 7. ਸ਼੍ਰੀਕ੍ਰਿਸ਼ਨ | = | श्री कृष्ण | 15. ਅੰਗਰੇਜ਼ੀ | = | अंग्रेज़ी |
| 8. ਲਿਪੀ | = | लिपि | 16. ਜੀਵਨ | = | जीवन |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਹਨੇਰਾ | = | अंधकार | 4. ਮਜ਼ਾਕ | = | उपहास |
| 2. ਨਤੀਜਾ | = | परिणाम | 5. ਸ਼ਰਮਿੰਦਾ | = | लज्जित |
| 3. ਅੱਖ | = | आँख | 6. ਉੱਨੀ | = | उन्नीस |

3. शब्दार्थ :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **विकलांग** | = | अंग से हीन, बेकाम अंग वाला | 7. **अनथक** | = | न थकने वाला |
| 2. **दूषित** | = | गंदा, मैला | 8. **कर्णप्रिय** | = | कानों को प्रिय लगने वाला |
| 3. **विभूतियाँ** | = | ऐश्वर्यशाली व्यक्तित्व | 9. **अस्थि** | = | हड्डी |
| 4. **अन्यत्र** | = | दूसरी जगह, और कहीं | 10. **व्यक्तित्व** | = | व्यक्ति की विशेषता या गुण |
| 5. **कंठहार** | = | गले का हार | 11. **एकाग्रता** | = | तल्लीन होने का भाव |
| 6. **बुलंदी** | = | ऊँचाई, उत्कर्ष | 12. **जज़्बा** | = | भाव, जोश, भावना |

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) जीवन में मुश्किलों से पार कौन लोग जा सकते हैं?**
उत्तर :- जीवन में मुश्किलों से पार वही लोग जा सकते हैं जो उनके आगे सिर नहीं झुकाते और उनका दृढ़ता से सामना करते हैं।
**प्रश्न (ख) राजा जनक के दरबार में अष्टावक्र को देखकर सभी क्यों हँसने लगे?**
उत्तर :- राजा जनक के दरबार में अष्टावक्र के टेढ़े-मेढ़े शरीर को देखकर सभी हँसने लगे।
**प्रश्न (ग) राजा जनक तथा दरबारी अष्टावक्र के सामने क्यों नतमस्तक हुए?**
उत्तर :- अष्टावक्र के **ज्ञान और विद्वता के कारण** राजा जनक तथा दरबारी उनके सामने नतमस्तक हो गए।
**प्रश्न (घ) सूरदास ने किसकी आराधना में काव्य रचना की?**
उत्तर :- सूरदास ने **श्री कृष्ण जी** की आराधना में काव्य रचना की।
**प्रश्न (ङ) जायसी के प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम लिखें।**
उत्तर :- जायसी के प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम **पद्मावत** है।
**प्रश्न (च) रामानन्द सागर द्वारा टेलीविज़न पर प्रसारित धारावाहिक 'रामायण' में संगीत मुख्य रूप से किसने दिया?**
उत्तर :- रामानन्द सागर द्वारा टेलीविज़न पर प्रसारित धारावाहिक 'रामायण' में संगीत मुख्य रूप से **रवीन्द्र जैन** ने दिया।
**प्रश्न (छ) बिजली के बल्ब का आविष्कार किसने किया?**
उत्तर :- बिजली के बल्ब का आविष्कार **थामस अल्वा एडीसन ने** किया।
**प्रश्न (ज) ब्रेल लिपि का आविष्कार किसने किया?**
उत्तर :- ब्रेल लिपि का आविष्कार **लुई ब्रेल** ने किया।
**प्रश्न (झ) महाराजा रणजीत सिंह ने कितनी आयु में लाहौर पर अधिकार कर लिया था?**
उत्तर :- महाराजा रणजीत सिंह ने **उन्नीस वर्ष** की आयु में लाहौर पर अधिकार कर लिया था।
**प्रश्न (ञ) बाबा आम्टे को भारत सरकार ने समाज सेवा के लिए पद्मश्री तथा पद्मभूषण का सम्मान कब दिया?**
उत्तर :- बाबा आम्टे को भारत सरकार ने समाज सेवा के लिए **1971 ई· में पद्मश्री** तथा **1986 ई· में पद्मभूषण** का सम्मान दिया।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) राजा जनक के दरबार में अष्टावक्र को देखकर जब सभी हँसने लगे तो अष्टावक्र ने क्या कहा?**
उत्तर :- राजा जनक के दरबार में अष्टावक्र के टेढ़े-मेढ़े शरीर को को देखकर जब सभी हँसने लगे तो अष्टावक्र ने कहा कि गन्ने के टेढ़े-मेढ़े होने से उसकी मिठास में कमी नहीं आती। फूल की पंखुड़ी के टेढ़े होने से उसकी खुशबू खत्म नहीं हो जाती और नदी के टेढ़े होने से उसका जल दूषित नहीं हो जाता। जिसे सुनकर राजा जनक व उसके दरबारी लज्जित हो गये।
**प्रश्न (ख) शेरशाह क्यों लज्जित हुआ और उसने जायसी को क्यों सम्मान दिया ?**
उत्तर :- जायसी के एक आँख और कान न होने के कारण जब शेरशाह ने उनका उपहास उड़ाया तो उन्होंने कहा,"मोहि का हँससि के कोहरहिं?" अर्थात तुम मुझ पर हँस रहे हो या उस कुम्हार रूपी ईश्वर पर जिसने मुझे बनाया है? यह सुनकर शेरशाह लज्जित हुआ और उसने जायसी को उनकी विद्वता के कारण सम्मान दिया।
**प्रश्न (ग) थामस एडीसन के ध्वनि सम्बन्धी आविष्कारों से लोग क्यों आश्चर्यचकित हो जाते थे ?**
उत्तर :- थामस एडीसन स्वयं पूरी तरह सुन नहीं सकते थे परन्तु फिर भी उन्होंने ध्वनि से सम्बन्धित कई अद्भुत आविष्कार किये जैसे माइक्रोफोन, फोनोग्राफ़, कार्बन टेलिफ़ोन ट्रांसमीटर। जिन्हें देखकर लोग आश्चर्यचकित होते थे कि जो व्यक्ति पूरी तरह सुन नहीं सकता वह किस प्रकार ध्वनि के हर पहलू को भली-भाँति समझ लेता है।





**प्रश्न (घ) लुई ब्रेल द्वारा नेत्रहीनों के पढ़ने के लिए बनाई लिपि की क्या विशेषता है ?**
उत्तर :- लुई ब्रेल ने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया जिससे नेत्रहीन पढ़ने में समर्थ हो सके। यह लिपि कागज़ पर उभरे हुए चिह्न होते हैं जिन्हें स्पर्श करके नेत्रहीन लोग पढ़ते हैं। आज यह लिपि दुनिया भर में प्रयुक्त हो रही है।
**प्रश्न (ङ) बाबा आम्टे का समाज सेवा में क्या योगदान रहा है ?**
उत्तर :- बाबा आम्टे का समाज सेवा में विशेष योगदान रहा है। वे स्वयं भयंकर अस्थि विकलांगता के शिकार थे परन्तु फिर भी उन्होंने अपनी सारी उम्र कुष्ठ रोगियों तथा समाज से परित्यक्त लोगों की सेवा में बिता दी। इनकी प्रेरणा व अनथक प्रयासों से अनेक कुष्ठ रोगी भीख माँगना छोड़कर मेहनत करके पसीने की कमाई करने में समर्थ हुए व सम्मानपूर्वक जीवन जीने लगे।
**प्रश्न (च) भारतीय स्पिनर चंद्रशेखर का क्रिकेट में क्या योगदान रहा है ?**
उत्तर :- भारतीय स्पिनर चंद्रशेखर का एक हाथ पोलियोग्रस्त हो गया था किन्तु वह उसी हाथ से बहुत अच्छी गेंदबाजी करते थे और बल्लेबाज को पैविलियन पहुँचा देते थे। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से 58 टैस्ट मैच खेले तथा 7199 रन देकर 242 विकेट लिए।
**प्रश्न (छ) राणा सांगा और महाराजा रणजीत सिंह की वीरता के विषय में आप क्या जानते हैं?**
उत्तर :- राणा सांगा की वीरता और साहस से बड़े-बड़े शासक थर-थर काँपते थे। उन्होंने इब्राहिम लोदी जैसे अनेक शत्रुओं को पराजित किया। महाराजा रणजीत सिंह ने अपनी वीरता से केवल 19 वर्ष की आयु में लाहौर पर अधिकार कर लिया था। इसके बाद धीरे-धीरे जम्मू कश्मीर, अमृतसर, मुलतान, पेशावर आदि पर अधिकार कर लिया।
**प्रश्न (ज) भाग्य संवरता नहीं, संवारना पड़ता है - इन पंक्तियों में लेखक क्या कहना चाहता है ?**
उत्तर :- इन पंक्तियों में लेखक कहना चाहता है कि किसी व्यक्ति का भाग्य अपने आप नहीं संवरता, बल्कि उसे अपने आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय, मन की एकाग्रता से अपनी शक्तियों को केन्द्रित करके अपने लक्ष्य की ओर बढ़ कर संवारना पड़ता है। कहा भी गया है कि ईश्वर भी उन्हीं की सहायता करते हैं जो अपनी सहायता आप करते हैं।

**6. इन मुहावरों के अर्थ बताते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयोग करें:-**

**1. घुटने टेकना = हार मानना =**
➢ **दुश्मनों ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिए।**
**2. सिर न झुकाना = हार न मानना =**
➢ **साहसी लोग कभी मुसीबतों के सामने सिर नहीं झुकाते।**
**3. दाँत खट्टे करना = बुरी तरह हराना =**
➢ **भारतीय सैनिकों ने दुश्मनों के दाँत खट्टे कर दिये।**
**4. लोहा मनवाना = जय-जयकार करवाना =**
➢ **महाराजा रणजीत सिंह ने पूरी दुनिया में अपनी ताकत का लोहा मनवाया।**
**5. थर-थर काँपना = डरना =**
➢ **साँप को देखकर मोहन थर-थर काँपने लगा।**
**6. बुलंदियाँ छूना = तरक्की करना =**
➢ **मेहनती लोग हमेशा सफलता की बुलंदियों को छूते हैं ।**

**7. इन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. चुनौती | = | **ललकार,** | **आह्वान** | 10. भाग्य | = | **तकदीर,** | **किस्मत** |
| 2. सेवा | = | **परिचर्या,** | **खिदमत** | 11. मस्तिष्क | = | **दिमाग,** | **भेजा** |
| 3. अनूठा | = | **अनुपम,** | **अनोखा** | 12. लक्ष्य | = | **मंज़िल,** | **उद्देश्य** |
| 4. पुरस्कार | = | **इनाम,** | **पारितोषिक** | 13. प्रयत्न | = | **प्रयास,** | **कोशिश** |
| 5. दृढ़ता | = | **मज़बूती,** | **प्रगाढ़ता** | 14. पैर | = | **पाँव,** | **चरण** |
| 6. हाथ | = | **कर,** | **हस्त** | 15. अध्यापक | = | **शिक्षक,** | **गुरु** |
| 7. उपहास | = | **हँसी,** | **मज़ाक** | 16. अंधकार | = | **अन्धेरा,** | **तम** |
| 8. अधिकार | = | **हक,** | **प्रभुत्व** | 17. लज्जित | = | **शर्मसार,** | **शर्मिंदा** |
| 9. शक्ति | = | **ताकत,** | **बल** | 18. जल | = | **पानी,** | **नीर** |

8. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिसे आँखों से दिखाई न देता हो | = | **नेत्रहीन** |
| 2. | गले का हार | = | **कंठहार** |
| 3. | संगीत देने वाला | = | **संगीतकार** |
| 4. | अपने पर विश्वास होना | = | **आत्मविश्वास** |
| 5. | जिसका कोई मोल न हो | = | **अनमोल** |
| 6. | कानों को प्रिय लगने वाला | = | **कर्णप्रिय** |
| 7. | आविष्कार करने वाला | = | **आविष्कारक** |

11. एन शब्दों के विशेषण बनाएं :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत | = | भारतीय | 4. | सम्मान | = | सम्मानित |
| 2. | स्वर्ग | = | स्वर्गीय | 5. | साहित्य | = | साहित्यिक |
| 3. | प्रभाव | = | प्रभावशाली / प्रभावित | 6. | दया | = | दयालु |

## पाठ – 10
## रब्बा मींह दे-पानी दे (कविता)
### कवि : विनोद शर्मा
### अभ्यास हल सहित

1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਰੱਬਾ | = | रब्बा | 4. | ਲੂ | = | लू |
| 2. | ਪਾਣੀ | = | पानी | 5. | ਹਰਿਆਲੀ | = | हरियाली |
| 3. | ਕਿਸ਼ਤੀ | = | कश्ती | 6. | ਪ੍ਰਦੂਸ਼ਿਤ | = | प्रदूषित |

2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਝੋਨਾ | = | चावल की फसल | 4. | ਫਜ਼ੂਲ | = | व्यर्थ |
| 2. | ਪਸ਼ੂ | = | मवेशी | 5. | ਦੂਜਿਆਂ ਦਾ ਦੁੱਖ | = | पर दु:ख |
| 3. | ਰੱਬਾ | = | परमात्मा | 6. | ਸਿੱਖਿਆ | = | सीख |

3. शब्दार्थ :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **रब्बा** | = | प्रभु, परमात्मा | 4. | **मींह** | = | वर्षा |
| 2. | **दूना** | = | दुगुना | 5. | **मवेशी** | = | पशु |
| 3. | **पर दु:ख** | = | दूसरों का दु:ख | 6. | **सीख** | = | शिक्षा |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें :-

**प्रश्न (क) इस कविता में ईश्वर से क्या प्रार्थना की गई है?**
उत्तर :- इस कविता में ईश्वर से वर्षा लाने की प्रार्थना की गई है।

**प्रश्न (ख) 'खेतों में सोना' का क्या अर्थ है?**
उत्तर :-'खेतों में सोना' का अर्थ गेहूँ और चावल की अच्छी फसलों से है।

**प्रश्न (ग) पानी के बिना मवेशी और खेतों पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
उत्तर :- पानी के बिना मवेशी मर जाते हैं और खेत सूख जाते हैं।

**प्रश्न (घ) इस कविता में देश के प्रत्येक नागरिक को क्या सीख दी गई है?**
उत्तर :- इस कविता में देश के प्रत्येक नागरिक को पानी को नष्ट, प्रदूषित और व्यर्थ न करने की सीख दी गई है।

**प्रश्न (ङ) पानी का स्वभाव कैसा है?**
उत्तर :- पानी का स्वभाव मिलनसार है। यह जिस रंग में मिल जाता है उसी रंग में खिल जाता है।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें:-





**प्रश्न (ख) जीवन में पानी की आवश्यकता क्यों है? कविता के आधार पर उत्तर दें?**
उत्तर :- पानी जीवन का आधार है। पानी से ही जीवन चलता है, नहीं तो जीवन खत्म हो जाता है। पानी हमें गर्मी और लू से बचाता है। इसी से खेतों में अन्न पैदा होता है। बिना पानी के तो कत्था और चूना भी बेकार हैं। पानी के नष्ट होने पर जीवन में सब कुछ नष्ट हो जाएगा। इसलिए जीवन में पानी की आवश्यकता है।

**प्रश्न (ग) दूसरों के दु:ख में हम उनकी सहायता कैसे कर सकते हैं?**
उत्तर :- हमें दूसरों के दु:ख को अपना दु:ख समझना चाहिए। किसी की आँखों में आँसू देखकर हमारी आँखों में भी पानी आ जाना चाहिए। इससे दूसरों का दु:ख कम हो जाता है।

6. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पानी | = | जल, नीर, सलिल | 5. | दु:ख | = | पीड़ा, कष्ट, तकलीफ |
| 2. | मींह | = | वर्षा, बारिश, मेंह | 6. | आँख | = | नेत्र, नयन, लोचन |
| 3. | सीख | = | शिक्षा, ज्ञान, नसीहत | 7. | धरती | = | भूमि, धरा, भू |
| 4. | जन | = | लोग, नर, व्यक्ति | | | | |

## पाठ – 11
## ईदगाह
### कवि : मुंशी प्रेमचन्द
### अभ्यास हल सहित

1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਈਦਗਾਹ | = | ईदगाह | 5. | ਧੋਬਣ | = | धोबिन |
| 2. | ਪੰਦਰਾਂ | = | पन्द्रह | 6. | ਵਿਦਵਤਾ | = | विद्वता |
| 3. | ਇਮਲੀ | = | इमली | 7. | ਅਦਾਲਤ | = | अदालत |
| 4. | ਵਜ਼ੂ | = | वज़ू | 8. | ਕਵਾਇਦ | = | कवायद |

2.नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਸੰਪਤੀ | = | बिसात | 6. | ਖਜ਼ਾਨਾ | = | कोष |
| 2. | ਗਰੀਬੀ | = | विपन्नता | 7. | ਮਾਸ਼ਕੀ | = | भिश्ती |
| 3. | ਸਿਰ ਝੁਕਣਾ | = | सिजदे | 8. | ਰੱਬ | = | अल्लाह |
| 4. | ਝੂਲਾ | = | हिंडोला | 9. | ਝਿੜਕਾਂ | = | घुड़कियाँ |
| 5. | ਇਤਰਾਜ਼ | = | आपत्ति | 10. | ਪਿਆਰ | = | स्नेह |

3. शब्दार्थ :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **ईदगाह** | = | ईद के दिन मुसलमानों के एकत्र होकर नमाज़ पढ़ने की जगह |
| 2. | **अनगिनत** | = | जिसे गिना न जा सके |
| 3. | **बिसात** | = | पूँजी |
| 4. | **विपन्नता** | = | ग़रीबी |
| 5. | **जाज़िम** | = | दरी के ऊपर बिछाने की चादर |
| 6. | **हिंडोला** | = | झूला |
| 7. | **मशक** | = | भेड़ या बकरी की खाल को सीकर बनाया हुआ थैला जिसमें भिश्ती पानी ढोते हैं। |
| 8. | **भिश्ती** | = | मशक से पानी ढोने वाला |

4. इन वाक्यों में उपयुक्त शब्द भरकर वाक्य पूरा करें :-

(क) रमज़ान के **पूरे तीस** रोजों के बाद ईद आयी है।
(ख) ग्रामीणों का दल अपनी **विपन्नता** से बेखबर सन्तोष और धैर्य में मग्न चला जा रहा था।
(ग) इस्लाम की निगाह में सब **बराबर** हैं।
(घ) तुम्हारी **उंगलियाँ** तवे से जल जाती हैं, इसलिए मैंने इसे लिया।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) अमीना हामिद को मेले में क्यों नहीं भेजना चाहती?**

उत्तर :- हामिद एक छोटा-सा दुबला-पतला बालक था। मेला बहुत दूर था। छोटा-सा बालक तीस कोस कैसे चलेगा और कहीं भीड़ में खो न जाए, यह सब सोच कर ही अमीना हामिद को मेले में नहीं भेजना चाहती।

**प्रश्न (ख) नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं?**

उत्तर :- नमाज़ खत्म होने पर लोग आपस में गले मिलते हैं।

**प्रश्न (ग) हामिद हिंडोले में क्यों नहीं चढ़ता?**

उत्तर :- हामिद के पास केवल तीन पैसे थे। हिंडोले में चढ़ कर वह अपने कोष का एक तिहाई हिस्सा बेकार में खर्च नहीं करना चाहता था इसलिए हामिद हिंडोले में नहीं चढ़ता।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) हामिद का चिमटा रुस्तमे हिन्द कैसे है ?**

उत्तर :- हामिद का चिमटा रुस्तमे हिन्द इसलिए है क्योंकि वह बड़ा बहादुर है। उसमें आग में कूदने की शक्ति है और आग में तो केवल बहादुर ही कूद सकते हैं। उसके साथियों के मिट्टी के बने वकील, भिश्ती और सिपाही बहादुरी का कोई काम नहीं कर सकते। यहाँ तक कि हामिद का चिमटा उसके दोस्तों के मिट्टी के खिलौनों को भी एक ही चोट में तोड़ सकता है।

**प्रश्न (ख) हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा क्यों खरीदा?**

उत्तर :- हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा इसलिए खरीदा क्योंकि चिमटा देखकर उसे याद आया कि उसके घर में चिमटा नहीं है। रोटी पकाते समय उसकी बूढ़ी दादी के हाथ जल जाते हैं। चिमटा ले लेने से घर में एक काम की चीज़ आ जाएगी। उसकी दादी की उंगलियाँ फिर नहीं जलेंगी। चिमटे को पाकर दादी प्रसन्न हो जाएगी और उसे दुआएँ भी देगी।

**प्रश्न (ग) हामिद के हाथ में चिमटा देखकर अमीना क्रोध में क्यों आई?**

उत्तर :- अमीना ने हामिद को पैसे कुछ खाने-पीने के लिए या कोई मनचाही वस्तु खरीदने के लिए दिए थे। परन्तु उसने अपनी खुशी के लिए कुछ भी नहीं खरीदा। अमीना का मन इस बात के लिए भी कचोट रहा था कि वह नन्हा-सा बालक सुबह से भूखा था। इसलिए हामिद के हाथ में चिमटा देखकर अमीना को क्रोध आ गया। शायद अमीना तब तक यह समझ ही नहीं पा रही थी कि हामिद ने चिमटा उसी के सुख के लिए खरीदा था।

**प्रश्न (घ) ईदगाह के नमाज़ के दृश्य का वर्णन करें।**

उत्तर :- ईदगाह में नमाज़ का दृश्य बहुत ही प्रभावशाली था। ज़मीन पर जाजिम बिछा हुआ था। रोज़े रखने वालों की कई पंक्तियाँ लगी हुई थीं। वहाँ सब लोग बराबर थे। अमीर-ग़रीब का कोई फर्क नहीं था। लाखों लोग सिजदे में एक साथ सिर झुकाते, फिर एक साथ खड़े हो जाते। एक साथ झुकते और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते। यह प्रक्रिया कई बार हुई। नमाज़ खत्म होने पर सब लोग आपस में गले मिले।

**प्रश्न (ङ) हामिद के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखें ।**

उत्तर :- हामिद ईदगाह कहानी का प्रमुख पात्र है। सारी कहानी उसी के इर्द-गिर्द घूमती है। वह 13-14 साल का एक छोटा-सा बालक है। उसके माता-पिता नहीं हैं और वह अपनी बूढ़ी दादी अमीना के पास रहता है। वह अपनी दादी से बहुत प्यार करता है। इसलिए उसकी दादी ईदगाह में जाते समय उसे जो 3 पैसे देती है उससे वह अपने लिए कुछ भी नहीं खरीदता बल्कि अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदता है ताकि रोटियाँ सेंकते समय उसके हाथ न जलें। उसे विश्वास था कि चिमटा पाकर उसकी दादी उसे दुआएँ भी देगी। वह अपनी बुद्धिमता से अपने साथियों को अपने चिमटे के गुण इस प्रकार बताता है कि वे सब भी उसका चिमटा देखने के लिए उत्सुक हो जाते हैं और उसे अपने खिलौने भी दिखाते हैं। इस प्रकार हामिद एक समझदार, त्यागी तथा सन्तोषी बालक है।

**7. इन मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :-**

**1. धावा बोलना = हमला करना =**

➢ **भारतीय सेना ने दुश्मनों पर धावा बोल दिया ।**

**2. पैरों में पर लगना = बहुत तेज़ चलना =**

➢ **मेले में जाने के नाम पर बच्चों के पैरों में पर लग गए ।**

**3. दिल बैठ जाना = घबराना =**

➢ **हामिद को सुबह से भूखा जान कर अमीना का दिल बैठ गया।**





**4. राई का पर्वत बनाना = छोटी-सी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना =**

➢ **राई का पर्वत बनाना कोई मोहन से सीखे।**

**5. गद्-गद् होना = बहुत खुश होना =**

➢ **माता-पिता अपने बच्चों को खुश देखकर गद्-गद् हो जाते हैं।**

**6. बाल भी बाँका न होना = कुछ न बिगड़ना =**

➢ **माता-पिता के होते बच्चों का बाल भी बाँका नहीं होता।**

**7. गले मिलना = खुशी प्रकट करना =**

➢ **नमाज़ खत्म होने पर सब आपस में गले मिलते हैं।**

**8. रंग जमाना = प्रभाव डालना =**

➢ **हामिद ने चिमटा खरीद कर सब में अपना रंग जमा लिया।**

**9. रंग जमना = प्रभाव पड़ना =**

➢ **सीता के मधुर गीत से महफिल में रंग जम गया।**

**10. नाम रटना = बार-बार नाम लेना =**

➢ **मोहन की दादी सारा दिन भगवान का नाम रटती रहती है।**

**11. दिल कचोटना = दु:ख पहुँचना =**

➢ **हामिद को सुबह से भूखा जान कर अमीना का दिल कचोटने लगा।**

**12. देखते ही रह जाना = बार-बार देखना =**

➢ **सभी बच्चे हामिद का चिमटा देखते ही रह गये।**

**8. वचन बदलें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बन्दूक | = | बन्दूकें | 4. | चिमटा | = | चिमटे |
| 2. | पैसा | = | पैसे | 5. | आलोचना | = | आलोचनाएँ |
| 3. | खिलौना | = | खिलौने | 6. | टोली | = | टोलियाँ |

**9. लिंग बदलें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बूढ़ा | = | बुढ़िया | 4. | धोबिन | = | धोबी |
| 2. | लड़की | = | लड़का | 5. | ऊँट | = | ऊँटनी |
| 3. | दादा | = | दादी | | | | |

**10. विपरीत शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विवेक | = | अविवेक | 3. | धीरे | = | तेज़ |
| 2. | आगे | = | पीछे | 4. | धूप | = | छाया |

**11. शुद्ध करके लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कानुन | = | कानून | 3. | प्रिथक | = | पृथक |
| 2. | अनगिणत | = | अनगिनत | 4. | बुराईयाँ | = | बुराइयाँ |

**12. इन शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **रोज़ा** | = | मुसलमान **रोज़ा** रखते हैं। |
| 2. | **दुआएँ** | = | माता-पिता सदा अपने बच्चों को **दुआएँ** देते हैं। |
| 3. | **गत वर्ष** | = | मैं **गत वर्ष** दिल्ली गया था। |
| 4. | **ग्रामीण** | = | **ग्रामीण** लोग साधारण जीवन जीते हैं। |
| 5. | **फौरन** | = | माँ का फोन आने पर मोहन **फौरन** अपने घर चला गया। |
| 6. | **व्यवस्था** | = | हमारे विद्यालय में पानी की अच्छी **व्यवस्था** है। |

**13. इन वाक्यों में क्रियाविशेषण को रेखांकित करके उसका भेद भी लिखें :-**

| **वाक्य** | **क्रियाविशेषण का भेद** |
|---|---|
| (क) ये लोग क्यों **धीरे-धीरे** चल रहे हैं । | **रीतिवाचक** क्रियाविशेषण |
| (ख) **इधर** दुकानों की कतार लगी हुई है । | **स्थानवाचक** क्रियाविशेषण |
| (ग) **आज** ईद आ गई है । | **कालवाचक** क्रियाविशेषण |
| (घ) उसने **कुछ** नहीं खाया । | **परिमाणवाचक** क्रियाविशेषण |
| (ङ) वह **ज़ोर से** चिल्लाया । | **रीतिवाचक** क्रियाविशेषण |

**14. निम्नलिखित वाक्यों में उचित योजक चिन्ह लगाकर वाक्य पूरे करें :-**

(क) मोहसिन इतना उदार नहीं **लेकिन** वह जानकर भी उसके पास जाता है। (क्योंकि, लेकिन)
(ख) **अगर** वह चिमटा ले जाकर दादी को दे दे **तो** वह कितनी प्रसन्न होगी। (अगर..तो, यद्यपि..तथापि)
(ग) हामिद बड़ा चालाक है **इसलिए** अपने पैसे बचा कर रखे हैं। (इसलिए, परन्तु)
(घ) वे बार-बार अपनी जेबों से अपना खज़ाना निकाल कर गिनते हैं **और** खुश होकर फिर रख लेते हैं। (और, या)
(ङ) हामिद ने चिमटे को इस तरह कन्धे पर रखा **मानो** बंदूक हो। (मानो, ताकि)
(च) अमीना हामिद की आवाज़ सुनते ही दौड़ी **और** उसे गोद में उठा कर प्यार करने लगी। (या, और)
(छ) तुम्हारी उंगलियाँ तवे से जल जाती थीं, **इसलिए** मैंने इसे लिया। (क्योंकि, इसलिए)

**15. नीचे लिखे वाक्यों में क्रियाएं अकर्मक हैं अथवा सकर्मक**

| | |
|---|---|
| (क) हामिद हाथ फैलाता है । | **सकर्मक क्रिया** |
| (ख) अमीना ने छाती पीट ली । | **सकर्मक क्रिया** |
| (ग) वह रोने लगी । | **अकर्मक क्रिया** |
| (घ) लोग आपस में गले मिल रहे हैं । | **सकर्मक क्रिया** |
| (ङ) ईदगाह जाने वालों की टोलियाँ नज़र आने लगीं । | **सकर्मक क्रिया** |
| (च) बच्चों के लिए नगर की सभी चीजें अनोखी थीं । | **सकर्मक क्रिया** |

**16. नीचे लिखे वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें :-**

(ਕ) ਹਾਮਿਦ ਤਾਂ ਮੋਟਰ ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਆਉਂਦਾ-ਆਉਂਦਾ ਬਚਿਆ।
- **हामिद तो मोटर के नीचे आता-आता बचा।**

(ਖ) ਉਸਦਾ ਚਿਮਟਾ ਰੁਸਤਮੇ ਹਿੰਦ ਹੈ।
- **उसका चिमटा रुस्तमे हिन्द है।**

(ਗ) ਤੇਰੀਆਂ ਉਂਗਲੀਆਂ ਤਵੇ ਨਾਲ ਸੜ ਜਾਂਦੀਆਂ ਸਨ।
- **तुम्हारी उंगलियाँ तवे से जल जाती थीं।**

**17. निम्नलिखित में से उचित सम्बन्धबोधक शब्द लगाकर वाक्य पूरे करें :-**

(क) हामिद का बाप अमीना **के सिवा** और कौन है। (के साथ, के सिवा)
(ख) रमज़ान के पूरे तीस रोज़ों **के बाद** ईद आई है। (के बाद, के साथ)
(ग) हामिद बच्चों **के साथ** जा रहा था। (के सिवा, के साथ)
(घ) हामिद तो मोटर **के नीचे** आते-आते बचा। (के नीचे, के बाद)

---

**पाठ – 12**

**ज्ञान और मनोरंजन का घर : साइंस सिटी**

**कवि : विनोद शर्मा**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਛੁੱਟੀਆਂ | = | छुट्टियाँ | 4. | ਚਹੇਤੀ | = | चहेती |
| 2. | ਅਧਿਆਪਕਾ | = | अध्यापिका | 5. | ਸਾਇੰਸ ਸਿਟੀ | = | साइंस सिटी |
| 3. | ਡਰਾਵਣਾ | = | डरावना | 6. | ਪ੍ਰਤੀਯੋਗਿਤਾ | = | प्रतियोगिता |





**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਜਮਾਤ | = | कक्षा | 4. | ਮੇਲ ਜੋਲ | = | तालमेल |
| 2. | ਫਿਲਮ | = | पिक्चर | 5. | ਐਨਕ | = | चश्मा |
| 3. | ਆਗਿਆ | = | अनुमति | | | | |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **अभिवादन** | = | सम्मान करना | 3. | **प्राचार्य** | = | स्कूल का मुखिया |
| 2. | **शिलान्यास** | = | नींव पत्थर रखना | 4. | **वरिष्ठ** | = | पद या क्रम में बड़ा |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) साइंस सिटी का पूरा नाम क्या है? यह किसके नाम पर रखा गया है?**
उत्तर :- साइंस सिटी का पूरा नाम 'पुष्पा गुजराल साइंस सिटी' है। इसका यह नाम हमारे पूर्व प्रधानमन्त्री 'श्री इन्द्र कुमार गुजराल जी' की पूज्य माता जी के नाम पर रखा गया है।

**प्रश्न (ख) इसका उद्घाटन कब हुआ? और किसने किया?**
उत्तर :- इसका उद्घाटन 19 मार्च,2005 को एस. एफ. रोडरिज ने किया।

**प्रश्न (ग) दिल के मॉडल में क्या दिखाया गया है ?**
उत्तर :- हैल्थ गैलरी में 12 फुट ऊँचा दिल का मॉडल है, जिसमें रक्त संचार प्रणाली दिखाई गई है।

**प्रश्न (घ) डायनासोर पार्क में कुल कितनी तरह के डायनासोर हैं?**
उत्तर :- डायनासोर पार्क में कुल 26 तरह के डायनासोर हैं जिन्हें 45 अलग-अलग मॉडलों में दिखाया गया है।

**प्रश्न (ङ) वोल्केनो आकृति की क्या विशेषता है?**
उत्तर :- वोल्केनो आकृति में चार हिलते-जुलते, मुँह-फैलाते डायनासोर दिखाई देते हैं।

**प्रश्न (च) डोम थियेटर की क्या विशेषता है?**
उत्तर :- डोम थियेटर का फ्रेम आम थियेटर से दस गुणा बड़ा होता है। इसमें पिक्चर बहुत बड़ी आती है। आवाज़ बहुत साफ होती है। ऐसा लगता है मानो सब कुछ आपके सामने हो रहा हो।

**प्रश्न (छ) फ्लाइट सिमुलेटर में क्या दिखाया गया है?**
उत्तर :- फ्लाइट सिमुलेटर एक हवाई जहाज़ जैसे आकार का मॉडल है जिसमें दर्शक बैठते हैं। वहाँ वीडियो के माध्यम से स्क्रीन पर हवाई उड़ान दिखाई जाती है।

**प्रश्न (ज) विजयन्त टैंक और एयर क्राफ्ट मिग 23 कहाँ पर हैं?**
उत्तर :- विजयन्त टैंक और एयर क्राफ्ट मिग 23 डिफैंस गैलरी में है।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) साइंस सिटी में आपको सबसे अच्छा क्या लगा, उसके बारे में लिखें।**
उत्तर :- वैसे तो साइंस सिटी में सब कुछ बहुत अच्छा, ज्ञानवर्धक व आकर्षक था। परन्तु हमें सबसे अच्छा डायनासोर पार्क लगा। वहाँ 26 तरह के अलग-अलग डायनासोर हैं जिन्हें 45 अलग-अलग मॉडलों में दिखाया गया है। वहाँ एक 35 फुट ऊँची 'वोल्केनो' आकृति में चार हिलते-जुलते, मुँह फैलाते, आवाज़ें निकालते डायनासोर भी थे जो बहुत आकर्षक थे।

**प्रश्न (ख) साइंस सिटी में ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है, स्पष्ट करें।**
उत्तर :- हाँ, यह बात सच है कि साइंस सिटी में ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है क्योंकि वहाँ हमें विज्ञान के विभिन्न तथ्यों के बारे में ज्ञान भी मिलता है और तरह-तरह के कई मनोरंजक दृश्य भी देखने को मिलते हैं। वहाँ हमें कई नई-नई जानकारियाँ मिलती हैं। इसके अतिरिक्त डायनासोर पार्क, फ्लाइट सिमुलेटर तथा चारों शो देखने से मनोरंजन भी होता है।

**6. शब्दों से नये शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फैला | = | फैलाव | 5. | रोमांच | = | रोमांचक |
| 2. | भाव | = | भावना | 6. | मनोरंजन | = | मनोरंजक |
| 3. | बोझ | = | बोझा | 7. | असल | = | असली |
| 4. | डर | = | डरना | 8. | आनंद | = | आनंदपूर्वक |

**7. लिंग बदलें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छात्र | = | छात्रा | 2. | शिष्य | = | शिष्या |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | सुत | = | सुता | 7. नायक | = | नायिका |
| 4. | प्रिय | = | प्रिया | 8. सेवक | = | सेविका |
| 5. | लेखक | = | लेखिका | 9. गायक | = | गायिका |
| 6. | अध्यापक | = | अध्यापिका | | | |

**8. शुद्ध करके लिखें :-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छुटियां | = | छुट्टियाँ | 9. अधियापिका | = | अध्यापिका |
| 2. | खेलकुद | = | खेलकूद | 10. परदर्शनी | = | प्रदर्शनी |
| 3. | परणाली | = | प्रणाली | 11. कारयालय | = | कार्यालय |
| 4. | पराचारय | = | प्राचार्य | 12. ब्रहमंड | = | ब्रह्मांड |
| 5. | द्रशक | = | दर्शक | 13. अनुरोद | = | अनुरोध |
| 6. | म्यूजिक | = | म्यूज़िक | 14. ज्ञानवरधक | = | ज्ञानवर्धक |
| 7. | दरासल | = | दरअसल | 15. आपरेशन | = | ऑप्रेशन |
| 8. | अभीवादन | = | अभिवादन | | | |

**9. उचित योजक चिन्ह रिक्त स्थान भरें :-**

(क) **यदि** उन्होंने अनुमति दी **तो** हम साइंस सिटी देखने कपूरथला जायेंगे। (यद्यपि..तथापि, यदि..तो)

(ख) ऐसा लगता है **मानो** सब कुछ आपके पास हो रहा हो। (ताकि, मानो)

(ग) इनके मुँह में हाथ मत डालना **नहीं तो** दुर्घटना हो सकती है। (नहीं तो, यानि)

(घ) यहाँ 3डी में एक खास तरह का चश्मा पहनकर शो देखा जाता है **जिससे कि** दूर स्क्रीन पर दिखाए जा रहे चित्र आपके सामने लगते हैं। (और, जिससे कि)

(ङ) हमने वहाँ बोटिंग की **और** डायनासोर देखे। (या, और)

(च) मैंने वहाँ देखा तो सब कुछ था **परन्तु** कुछ याद नहीं आ रहा। (चाहे, परन्तु)

**10. इन शब्दों और मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :-**

**1. शिलान्यास = नींव रखना =**
- **साइंस सिटी का शिलान्यास हमारे देश के पूर्व प्रधानमन्त्री ने किया।**

**2. कार्यालय = दफ्तर =**
- **हमारे विद्यालय का कार्यालय बहुत साफ-सुथरा है।**

**3. नाकों चने चबाना = परेशान करना =**
- **भारत ने पाकिस्तान को युद्ध में नाकों चने चबा दिए।**

**4. खुशी में गद्‌गद् होना = बहुत खुश होना =**
- **कक्षा में प्रथम आने पर मोहन का मन खुशी में गद्‌गद् हो गया।**

**5. करारा जवाब देना = उल्टा जवाब देना =**
- **भारत ने पाकिस्तान को क्रिकेट मैच में करारा जवाब दिया।**

**6. छक्के छुड़ाना = बुरी तरह हराना =**
- **भारत ने विश्व कप जीत कर बाकी सभी देशों के छक्के छुड़ा दिए।**

**11. उचित विराम चिह्न लगायें :-**

**(क) बच्चो आप सब कैसे हो**
- बच्चो, आप सब कैसे हो ?

**(ख) क्या आपको इसका पूरा नाम पता है**
- क्या आपको इसका पूरा नाम पता है ?

**(ग) हाँ सावधानी ज़रूर रखनी होगी**
- हाँ, सावधानी ज़रूर रखनी होगी ।

**(घ) ओ शरारती वहाँ इस तरह की फिल्में नहीं होतीं**
- ओ शरारती! वहाँ इस तरह की फिल्में नहीं होतीं ।





**(ङ) दीपशिखा पढ़ाई के साथ-साथ संगीत खेलकूद ज्ञान विज्ञान में सबसे आगे रहती थी**
- दीपशिखा पढ़ाई के साथ-साथ संगीत, खेलकूद, ज्ञान-विज्ञान में सबसे आगे रहती थी ।

**12. निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें :-**

(क) ਗਰਮੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਸਕੂਲ ਦਾ ਅੱਜ ਪਹਿਲਾ ਦਿਨ ਸੀ।
- **गर्मी के बाद स्कूल का आज पहला दिन था ।**

(ख) ਇਹ ਅਸਲੀ ਡਾਇਨਾਸੋਰ ਨਹੀਂ ਹਨ ।
- **ये असली डायनासोर नहीं हैं।**

(ग) ਹੈਲਥ ਗੈਲਰੀ ਵਿੱਚ 12 ਫੁੱਟ ਉੱਚਾ ਦਿਲ ਦਾ ਮਾਡਲ ਸੀ।
- **हैल्थ गैलरी में 12 फुट ऊँचा दिल का मॉडल था ।**

(घ) ਸਾਰੇ ਬੱਚੇ ਇੱਕਠੇ ਹੱਸ ਪਏ ।
- **सभी बच्चे इकट्ठे हँस पड़े ।**

(ङ) ਅਧਿਆਪਕਾ ਸਟਾਫ ਰੂਮ ਵੱਲ ਚਲ ਪਏ।
- **अध्यापिका स्टाफ रूम की ओर चल पड़ी ।**

---

पाठ – 13

## माँ

**कवयित्री : डॉ. मीनाक्षी वर्मा**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਈਸ਼ਵਰ | = | ईश्वर | 4. ਊਰਜਾ | = | ऊर्जा |
| 2. | ਮਾਂ | = | माँ | 5. ਚਮਤਕਾਰ | = | चमत्कार |
| 3. | ਹਥਿਆਰ | = | हथियार | 6. ਨਦੀ | = | नदी |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਸਮਾਂ | = | समय | 4. ਹੌਂਸਲਾ | = | साहस |
| 2. | ਸਵੇਰ | = | प्रभात | 5. ਬੱਤੀ | = | बाती |
| 3. | ਮੁਸੀਬਤ | = | विपदा | 6. ਸੁਭਾਅ | = | स्वभाव |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **कथनी** | = | कही हुई बात, कथन | 6. **मर्यादित** | = | प्रतिष्ठित |
| 2. | **शिष्टाचार** | = | शिष्टता पूर्ण आचरण एवं व्यवहार | 7. **सहनशीलता** | = | सहनशील (सहन करने वाला) होना |
| 3. | **संस्कार** | = | व्यवस्थित करना, सजाना | | | |
| 4. | **विपदा** | = | संकट | 8. **नि:स्वार्थ** | = | बिना किसी स्वार्थ के |
| 5. | **बाती** | = | दीपक | 9. **उत्सव** | = | मंगल कार्य |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) माँ किसका वरदान है ?**

उत्तर :- माँ ईश्वर का वरदान है ।

**प्रश्न (ख) माँ समय के रूप में क्या करती है ?**

उत्तर :- माँ समय के रूप में हर क्षण का अहसास कराती है ।

**प्रश्न (ग) हर विपदा को हराने पर माँ को क्या कहा गया है ?**

उत्तर :- हर विपदा को हराने पर माँ को हिमालय कहा गया है ।

**प्रश्न (घ) माँ का हथियार क्या है ?**

उत्तर :- माँ का हथियार साहस है ।

**प्रश्न (ङ) माँ बाती के रूप में क्या करती है ?**
उत्तर :- माँ बाती के रूप में ममता का प्रकाश फैलाती है ।
**प्रश्न (च) खुशी के आँसू बहाने पर माँ को क्या कहा गया है ?**
उत्तर :- खुशी के आँसू बहाने पर माँ को उत्सव कहा गया है ।
**प्रश्न (छ) माँ गौरैया कब बन जाती है ?**
उत्तर :- जब माँ खुद कम खाकर बच्चों को खिलाती है तब वह गौरैया बन जाती है ।
**प्रश्न (ज) आगे बढ़ने का गीत सुनाने पर माँ को क्या पुकारा गया है ?**
उत्तर :- आगे बढ़ने का गीत सुनाने पर माँ को नदी पुकारा गया है ।
**प्रश्न (झ) इस कविता में माँ का उपहार क्या बताया गया है ?**
उत्तर :- इस कविता में माँ का उपहार सहनशीलता बताया गया है ।
**प्रश्न (ञ) माँ के चरणों में किसका द्वार है ?**
उत्तर :- माँ के चरणों में स्वर्ग का द्वार है ।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**
**प्रश्न (क) इस कविता में माँ की कथनी और करनी में किसके दर्शन होते हैं ?**
उत्तर :- माँ सभी के लिए ईश्वर का वरदान होती है। माँ जीवन जीने की शिक्षा देती है। उसकी कथनी में शिष्टाचार झलकता है और उसकी करनी में संस्कार के दर्शन होते हैं।
**प्रश्न (ख) दु:ख और सुख में माँ की क्या भूमिका है ?**
उत्तर :- दु:ख और सुख में माँ की अहम् भूमिका होती है। माँ सभी दुखों को खुशी से स्वीकार कर लेती है। वह दूसरों के दुखों को भी अपने ऊपर ले लेती है। सुख देना उसका सदाचार है और वह सदा दूसरों को सुख बाँटती है।
**प्रश्न (ग) माँ की दुआओं और प्रोत्साहन से क्या होता है ?**
उत्तर :- माँ की दुआओं से चमत्कार और प्रोत्साहन से जय जयकार होती है। अर्थात जब माँ दुआएँ देती है तो वह अवश्य पूरी होती हैं और वह किसी चमत्कार से कम नहीं होती। जब माँ हमारा उत्साह बढ़ाती है तो हमारी सब जगह जय जयकार होती है।
**प्रश्न (घ) धरती के रूप में माँ क्या करती है ?**
उत्तर :- धरती के रूप में माँ नि:स्वार्थ भाव से सभी की सेवा करती है। वह सभी को समान भाव से देखती है और धरती के समान सभी का कल्याण करती है।

**6. पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ईश्वर** | = | **प्रभु,** | **परमात्मा,** | **भगवान** |
| 2. | **प्रभात** | = | **सुबह,** | **सवेरा,** | **प्रात:काल** |
| 3. | **रात** | = | **रात्रि,** | **विभावरी,** | **रजनी** |
| 4. | **नदी** | = | **सरिता,** | **तटिनी,** | **तरंगिनी** |
| 5. | **चरण** | = | **पैर,** | **पाँव,** | **पाद** |
| 6. | **धरती** | = | **धरा,** | **भूमि,** | **पृथ्वी** |
| 7. | **किताब** | = | **पुस्तक,** | **पोथी,** | **ग्रन्थ** |

**7. विपरीत शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **वरदान** | = | **अभिशाप** | 5. | **विस्तार** | = | **संक्षेप** |
| 2. | **जीवन** | = | **मरण** | 6. | **सदाचार** | = | **दुराचार** |
| 3. | **स्वीकार** | = | **अस्वीकार** | 7. | **जय** | = | **पराजय** |
| 4. | **प्रेम** | = | **घृणा** | | | | |

**8. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिसका पार न हो | = | **अपार** |
| 2. | किसी का उत्साह बढ़ाना | = | **उत्साहवर्धन** |





| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | बिना स्वार्थ के | = | **नि:स्वार्थ** |
| 4. | माँ का बच्चे के प्रति प्यार | = | **वात्सल्य** |
| 5. | अच्छा व्यवहार | = | **सद्व्यवहार** |

**9. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शिश्टाचार** | = | **शिष्टाचार** | 6. | **पड़ाती** | = | **पढ़ाती** |
| 2. | **कीताब** | = | **किताब** | 7. | **हीमालय** | = | **हिमालय** |
| 3. | **सविकार** | = | **स्वीकार** | 8. | **चमतकार** | = | **चमत्कार** |
| 4. | **आँसु** | = | **आँसू** | 9. | **सुभाव** | = | **स्वभाव** |
| 5. | **विवहार** | = | **व्यवहार** | 10. | **वातसलय** | = | **वात्सल्य** |

## पाठ – 14
## सहयोग
### अभ्यास हल सहित

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਸਹਿਯੋਗ | = | सहयोग | 4. | ਸ਼ਾਮਿਲ | = | शामिल |
| 2. | ਉਦੇਸ਼ | = | उद्देश्य | 5. | ਮਿੱਤਰਤਾ ਪੂਰਨ | = | मैत्रीपूर्ण |
| 3. | ਮਦਮਸਤ | = | मदमस्त | 6. | ਸਰਬਜਨਕ | = | सार्वजनिक |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ਵਿਭਿੰਨਤਾ | = | विविधता | 10. | ਜ਼ਰੂਰੀ | = | अनिवार्य |
| 2. | ਛੂਹ | = | स्पर्श | 11. | ਵੱਖਰਾ | = | पृथक |
| 3. | ਕਬੂਤਰਾਂ ਦਾ ਰਾਜਾ | = | कपोतराज | 12. | ਉੱਨਤੀ | = | प्रगति |
| 4. | ਆਪਸੀ | = | परस्पर | 13. | ਸ਼ੇਵਾ-ਭਾਵ | = | सेवा-शुश्रूषा |
| 5. | ਕੁਦਰਤੀ | = | प्राकृतिक | 14. | ਬਰਾਬਰ | = | तुल्य |
| 6. | ਅੰਦਰੂਨੀ | = | आन्तरिक | 15. | ਕਲੇਸ਼ | = | द्वेष |
| 7. | ਨਿਰਭਰ | = | अवलम्बित | 16. | ਹਿਸਾਬ | = | गणित |
| 8. | ਆਪਸੀ ਤਾਲਮੇਲ | = | अंगांगी | 17. | ਵਿਸ਼ਾਲ | = | विस्तृत |
| 9. | ਵਿਰੋਧੀ | = | प्रतिद्वंद्वी | 18. | ਮੁੱਢਲੀ | = | प्राथमिक |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **पारस** | = | वह पत्थर जिसके छूने से लोहा भी सोना बन जाता है |
| 2. | **मदमस्त** | = | मद में चूर |
| 3. | **कपोतराज** | = | कबूतरों का राजा |
| 4. | **हितोपदेश** | = | विष्णु शर्मा कृत नीति शास्त्र संबंधी एक प्रसिद्ध ग्रंथ |
| 5. | **अवलम्बित** | = | निर्भर |
| 6. | **सतत** | = | निरन्तर, लगातार |
| 7. | **प्रतिद्वंद्वी** | = | विरोधी |
| 8. | **सार्वजनिक** | = | सब जन का |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**
**प्रश्न (क) सहयोग का क्या अर्थ है ?**
उत्तर :- 'सहयोग' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'सह' + 'योग'। 'सह' का अर्थ है 'साथ' तथा 'योग' का अर्थ है 'मेल'। अत: सहयोग का अर्थ है एक-दूसरे के साथ मिल-जुल कर काम करना।
**प्रश्न (ख) लंगड़े ने अन्धे को क्या उपाय बताया?**

उत्तर :- लंगड़े ने अन्धे को यह उपाय बताया कि तुम मुझे अपने कंधे पर बिठा लो, मैं तुम्हें रास्ता बताता जाऊँगा और तुम चलते जाना इस प्रकार हम दोनों सुरक्षित स्थान पर पहुँच जाएँगे।

**प्रश्न (ग) कपोतराज चित्रग्रीव ने कबूतरों को क्या सलाह दी?**

उत्तर :- कपोतराज चित्रग्रीव ने कबूतरों को साहस के साथ इकट्ठे होकर, मिलकर उड़ने की सलाह दी।

**प्रश्न (घ) हमें पड़ोसियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए?**

उत्तर :- हमें पड़ोसियों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए । उनके साथ मेलजोल बढ़ाना चाहिए। किसी के घर के आगे कूड़ा-कर्कट नहीं फेंकना चाहिए। उनके सुख-दु:ख में शामिल होना चाहिए।

**प्रश्न (ङ) हमें अपने सहपाठियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए?**

उत्तर :- हमें अपने सहपाठियों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। पढ़ाई में कमज़ोर सहपाठी की पढ़ाई में मदद करके तथा धन से कमज़ोर सहपाठी की धन देकर सहायता करनी चाहिए। उनसे कभी भेदभाव नहीं करना चाहिए।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) सहयोग के दो उदाहरण लिखें?**

उत्तर :- सहयोग के दो उदाहरण निम्नलिखित हैं :-

1. लंगड़े और अन्धे की कहानी सहयोग की सबसे अच्छी उदाहरण है। गाँव में बाढ़ आ जाने पर अन्धा लंगड़े को अपने कन्धे पर बिठा लेता है। लंगड़ा रास्ता बताता जाता है और अन्धा चलता जाता है इस प्रकार दोनों एक दूसरे के सहयोग से सुरक्षित स्थान पर पहुँच जाते हैं।

2. कमज़ोर तिनका भी अनेक तिनकों के सहयोग से मज़बूत रस्से का रूप धारण कर लेता है, जिससे मदमस्त हाथी भी बाँधा सकता है।

**प्रश्न (ख) सहयोग से दोनों पक्षों को लाभ होता है। क्या आप इससे सहमत हैं? अपने विचार लिखें?**

उत्तर :- हाँ, हम इस बात से पूरी तरह से सहमत हैं कि सहयोग से दोनों पक्षों को लाभ होता है। यह सच है कि कोई भी मानव अपने में पूरा नहीं होता। किसी में बुद्धि की कमी है, किसी में शारीरिक बल की कमी है, कोई धन के अभाव से दु:खी है। यही नहीं स्वभाव में भी विविधता दिखाई पड़ती है, जिसके कारण अनेक कमियाँ मानव में आ जाती हैं। परन्तु सहयोग से दोनों पक्षों के काम बन जाते हैं। एक दूसरे की कमी भी लाभ में बदल जाती है। कठिन काम भी सरल बन जाते हैं। उद्देश्य प्राप्त कर सकते हैं। लंगड़े और अन्धे की कहानी इसकी सबसे अच्छी उदाहरण है। गाँव में बाढ़ आ जाने पर दोनों एक दूसरे के सहयोग से सुरक्षित स्थान पर पहुँच जाते हैं और उनकी जान बच जाती है।

**6. नीचे दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार उत्तर दें :-**

(क) सहयोग से लोहा भी सोना बन जाता है, उसका मूल्य सौ गुणा बढ़ जाता है । (यहाँ सर्वनाम कौन-सा है)
- **उसका**

(ख) शरीर को पूर्णता विभिन्न अंगों के सहयोग से मिलती है । (भाववाचक संज्ञा छाँटें)
- **पूर्णता**

(ग) पड़ोसियों से सहयोग करना चाहिए । (संज्ञा शब्द छाँटकर उनका भेद लिखें)
- **पड़ोसियों, जातिवाचक संज्ञा**

(घ) सहयोग से कक्षा का वातावरण मैत्रीपूर्ण हो जायेगा । (जातिवाचक संज्ञा छाँटें)
- **कक्षा**

(ङ) नदी के किनारे एक गाँव था । (सम्बन्धबोधक अव्यय छाँटें)
- **के**

(च) बच्चे माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हैं और अपना काम मन लगाकर करते हैं । (योजक छाँटें)
- **और**

**7. इन मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :-**

**1. अंगूठा दिखाना = इंकार करना =**
- मैंने जब मोहन से किताब माँगी तो उसने मुझे अंगूठा दिखा दिया ।





**2. आँखों का तारा = बहुत प्यारा =**
- बच्चे अपने माता-पिता की आँखों के तारे होते हैं।

**3. मुँह उतर जाना = दुखी होना =**
- परीक्षा में असफल को जाने पर मोहन का मुँह उतर गया।

**4. एक पंथ दो काज = एक काम से दोहरा लाभ =**
- राजन कल दिल्ली अपने मित्र की शादी में गया और साथ ही वहाँ लाल किला भी देख आया इसे कहते हैं एक पंथ दो काज।

**5. जान बचना = मुसीबत से बचना =**
- कल मैं गाड़ी के नीचे आने ही वाली थी परंतु सीमा की मदद के कारण मेरी जान बच गई।

**6. जाल में फँसना = चंगुल में फसना =**
- कबूतर शिकारी के जाल में फँस गये।

**7. मौत दिखाई देना = मृत्यु का सामना करना =**
- अपने सामने साँप देखते ही मोहन को मौत दिखाई देने लगी।

**8. धैर्य बंधवाना = हौसला देना =**
- मोहन के पिता जी की मृत्यु हो जाने पर सोहन ने उसे धैर्य बंधवाया।

**9. हक्का-बक्का रह जाना = हैरान होना =**
- कबूतरों को जाल उड़ा कर ले जाते हुए देखकर शिकारी हक्का-बक्का रह गया।

**10. दिन-दूनी रात चौगुनी उन्नति करना = बहुत उन्नति करना =**
- हर माँ चाहती है कि उसके बच्चे दिन-दूनी रात चौगुनी उन्नति करें।

**8. इन वाक्यों में रेखांकित शब्दों केवचन बदल कर वाक्य पुन: लिखें :-**

**(क) यह तिनका है।**
- ये तिनके हैं।

**(ख) मुझे रस्सा दो।**
- मुझे रस्से दो।

**(ग) मेरी आँख में दर्द है।**
- मेरी आँखों में दर्द है।

**(घ) मेरे पास कहानी की पुस्तक है।**
- मेरे पास कहानियों की पुस्तकें हैं।

**(ङ) यह सूती कपड़ा है।**
- ये सूती कपड़े हैं।

**(च) अपनी पेंसिल मुझे दो।**
- अपनी पेंसिलें मुझे दो।

**9. भाववाचक संज्ञा बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्ण | = | पूर्णता | 5. | पशु | = | पशुता |
| 2. | मित्र | = | मित्रता | 6. | आवश्यक | = | आवश्यकता |
| 3. | मानव | = | मानवता | 7. | मनुष्य | = | मनुष्यता |
| 4. | सभ्य | = | सभ्यता | | | | |

**10. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मानव | = | मनुष्य, | इंसान | 4. | शरीर | = | तन, | काया |
| 2. | आँख | = | नेत्र, | नयन | 5. | हाथ | = | कर, | हस्त |
| 3. | मित्र | = | सखा, | दोस्त | | | | | |

**11. विपरीत शब्द बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहयोग | = | असहयोग | 3. | भाव | = | अभाव |
| 2. | सभ्य | = | असभ्य | 4. | सुविधा | = | असुविधा |

**12. विशेषण बनायें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर | = | नागरिक | 3. | प्रकृति | = | प्राकृतिक |
| 2. | समाज | = | सामाजिक | 4. | अंतर | = | आंतरिक |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. शरीर | = | शारीरिक | 9. प्रसिद्धि | = | प्रसिद्ध |
| 6. प्रथम | = | प्राथमिक | 10. शांति | = | शांत |
| 7. ईमानदार | = | ईमानदारी | 11. सच्चाई | = | सच्चा |
| 8. परेशान | = | परेशानी | 12. कमज़ोरी | = | कमज़ोर |

## पाठ – 15
वाघा बार्डर

**लेखक : प्रो. नवसंगीत सिंह**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਬਾਰਡਰ | = | बार्डर | 4. ਵਾਘਾ | = | वाघा |
| 2. ਪਾਕਿਸਤਾਨ | = | पाकिस्तान | 5. ਲਾਹੌਰ | = | लाहौर |
| 3. ਅਮ੍ਰਿਤਸਰ | = | अमृतसर | 6. ਡਿਵੀਜ਼ਨ | = | डिवीज़न |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਮੂਰਤੀ | = | प्रतिमा | 3. ਆਜ਼ਾਦੀ ਦਿਵਸ | = | स्वतंत्रता दिवस |
| 2. ਸਾਮਰਾਜ | = | साम्राज्य | 4. ਆਵਾਜਾਈ | = | यातायात |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **बार्डर** | = | सीमा, हद | 7. **मुस्तैदी** | = | तेज़ी |
| 2. **आदमकद** | = | मनुष्य के आकार का | 8. **क्षमता** | = | सामर्थ्य |
| 3. **प्रतिमा** | = | मूर्ति | 9. **हौसला अफजाई** | = | हौसला, धैर्य बढ़ाना |
| 4. **सैलानी** | = | पर्यटक | 10. **सौहार्द** | = | दोस्ती, सद्भाव, हृदय की सरलता |
| 5. **एकमात्र** | = | अकेला | | | |
| 6. **ऐतिहासिक** | = | इतिहास से सम्बन्धित | | | |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) वाघा बार्डर को किस नाम से जाना जाता है?**

उत्तर :- वाघा बार्डर को एशिया की बर्लिन दीवार के नाम से जाना जाता है।

**प्रश्न (ख) यह बार्डर किन दो देशों के मध्य स्थित है?**

उत्तर :- यह बार्डर भारत और पाकिस्तान दो देशों के मध्य स्थित है।

**प्रश्न (ग) इस बार्डर के दोनों ओर कौन-कौन से प्रसिद्ध नगर हैं ?**

उत्तर :- इस बार्डर के एक ओर लाहौर तथा दूसरी ओर अमृतसर नामक प्रसिद्ध नगर हैं।

**प्रश्न (घ) इसका विशेष आर्कषण क्या है?**

उत्तर :- इसका विशेष आर्कषण झण्डा उतारने की रस्म है जिसे रिट्रीट कहते हैं।

**प्रश्न (ङ) बी.एस.एफ. के जवान कौन-कौन से नारे लगाते हैं?**

उत्तर :- बी.एस.एफ. के जवान वन्दे मातरम्, भारत माता की जय तथा हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाते हैं।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) वाघा गाँव के बारे में आपने क्या जाना?**

उत्तर :- वाघा गाँव में वाघा बार्डर है जिसे 'एशिया की बर्लिन दीवार' के नाम से जाना जाता है। यह गाँव अमृतसर से करीब 33 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आज़ादी से पहले अंग्रेज़ी साम्राज्य के समय वाघा गाँव ब्रिटिश पंजाब की लाहौर डिवीज़न में स्थित था। 1947 में विभाजन के बाद यह गाँव भारत और पाकिस्तान दो देशों में बँट गया। इसके एक ओर लाहौर और दूसरी ओर अमृतसर नामक प्रसिद्ध नगर हैं।

**प्रश्न (ख) बार्डर पर झण्डा उतारने की रस्म कैसे सम्पन्न होती है ?**





उत्तर :- बार्डर पर झण्डा उतारने की रस्म को रिट्रीट कहा जाता है। यह रस्म प्राय: सायं 5.30 बजे आरम्भ होती है और आधे पौने घंटे बाद पूरी हो जाती है। इससे पूर्व बी.एस.एफ. के जवान पूरे उत्साह व जोश के साथ परेड में हिस्सा लेते हैं और पूरे वेग के साथ अपने बूट धरती पर मारते हैं। उस समय दर्शक तालियाँ बजाकर सैनिकों की हौसला-अफजाई करते हैं। झण्डा उतारते समय लोहे के दोनों गेट खोल दिए जाते हैं। दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे से हाथ मिलाते हैं व धीरे-धीरे दोनों देशों के जवान संगीत की मधुर ध्वनि में अपने-अपने देश के झण्डे उतारकर संभाल लेते हैं और गेटों को पुन: बंद कर दिया जाता है।

**6. नये शब्द बनायें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **सुरक्षा** | = | सुरक्षित | 5. **आकर्षण** | = | आकर्षित |
| 2. **रेखांकन** | = | रेखांकित | 6. **उत्साह** | = | उत्साहित |
| 3. **निर्माण** | = | निर्मित | 7. **केन्द्र** | = | केन्द्रित |
| 4. **प्रोत्साहन** | = | प्रोत्साहित | | | |

**7. पर्यायवाची शब्द लिखें :-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. **झण्डा** | = | ध्वज, | पताका | 3. **आज्ञा** | = | अनुमति, | इजाजत |
| 2. **सैलानी** | = | पर्यटक, | घुमक्कड़ | 4. **अमन** | = | शांति, | चैन |

**8. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुन: लिखें :-**

**(क) सड़क को लोहे के गेट द्वारा बन्द किया गया है।**
- सड़कों को लोहे के गेटों द्वारा बन्द किया गया है।

**(ख) चारों ओर कंटीली तार लगी हुई है ।**
- चारों ओर कंटीली तारें लगी हुई हैं।

**(ग) वह अपने भावों को नृत्य द्वारा प्रकट करता है।**
- वे अपने भावों को नृत्य द्वारा प्रकट करते हैं।

**(घ) अपने-अपने देश के झण्डे उतार लेते हैं।**
- अपने-अपने देशों के झण्डे उतार लेते हैं।

**9. निम्नलिखित शब्दों में 'र' आधा है या पूरा?**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **बार्डर** | = | **आधा** | 6. **राष्ट्रीयता** | = | **पूरा** |
| 2. **ब्रिटिश** | = | **पूरा** | 7. **रेंजर्ज़** | = | **आधा** |
| 3. **रिट्रीट** | = | **पूरा** | 8. **ट्रक** | = | **पूरा** |
| 4. **दर्शक** | = | **आधा** | 9. **कार्य** | = | **आधा** |
| 5. **मार्ग** | = | **आधा** | 10. **प्रकट** | = | **पूरा** |

**10. शुद्ध करके लिखिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **विशवविद्यालय** | = | **विश्वविद्यालय** | 5. **इजाजत** | = | **इजाज़त** |
| 2. **रस्ते** | = | **रास्ते** | 6. **धवन** | = | **ध्वनि** |
| 3. **जशन** | = | **जश्न** | 7. **वृद्धी** | = | **वृद्धि** |
| 4. **जिंदाबाद** | = | **ज़िंदाबाद** | 8. **भुमिका** | = | **भूमिका** |

## पाठ – 16
**गिरधर की कुण्डलियाँ**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਜਗ | = | जग | 4. ਪੈਸਾ | = | पैसा |
| 2. ਦੁੱਖ | = | दु:ख | 5. ਭਾਈ | = | भाई |
| 3. ਸਾਈਂ | = | साईं | 6. ਸੁਪਨਾ | = | सपना |

2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਗੰਢ | = गाँठ | | 4. ਰਾਤ | = | निशि/निशा |
| 2. ਯਾਰ | = दोस्त | | 5. ਧੰਨ | = | दौलत |
| 3. ਘਮੰਡ | = अभिमान | | | | |

3. शब्दार्थ :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **बिगारे** | = | बिगाड़ना | 8. **मनहि** | = | मन को |
| 2. **यहि** | = | यही, ऐसा ही | 9. **पाहुन** | = | अतिथि, मेहमान |
| 3. **हँसाय** | = | हँसी मज़ाक | 10. **भावे** | = | अच्छा लगना |
| 4. **बेगरज़ी** | = | नि:स्वार्थ, बिना मतलब के | 11. **निशि** | = | रात |
| 5. **चैन** | = | शान्ति | 12. **टरत** | = | दूर करना, टालना |
| 6. **ठाउँ** | = | स्थान | 13. **ताको** | = | उसका |
| 7. **निदान** | = | अंत में | | | |
| 14. **राग-रंग** | = | प्रेमादि करने का आनंद, ऐशो-आराम का आनंद | | | |

5. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

प्रश्न (क) **बिना विचारे काम करने से क्या होता है?**

उत्तर :- बिना विचारे काम करने से काम बिगड़ जाता है। इससे जग में हँसी होती है और आदमी को पछताना पड़ता है।

प्रश्न (ख) **कवि के अनुसार प्राय: दोस्त कैसे होते हैं?**

उत्तर :- कवि के अनुसार प्राय: दोस्त मतलबी होते हैं। जब तक जेब में पैसे रहते हैं तब तक साथ रहते हैं बाद में साथ छोड़ जाते हैं।

प्रश्न (ग) **चार दिन का मेहमान कौन है?**

उत्तर :- चार दिन का मेहमान पैसा और जीवन है जो सदा के लिए किसी के पास नहीं रहता।

प्रश्न (घ) **प्राय: मनुष्य अभिमान क्यों करता है?**

उत्तर :- प्राय: मनुष्य धन-दौलत पाने पर अभिमान करता है।

6. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

प्रश्न (क) **दौलत पाकर मनुष्य को अभिमान क्यों नहीं करना चाहिए?**

उत्तर :- दौलत पाकर मनुष्य को अभिमान इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि दौलत बहुत चंचल होती है। वह किसी के भी पास अधिक दिन तक नहीं रहती। क्योंकि वह हमेशा किसी के पास भी स्थिर नहीं रहती अत: दौलत का अभिमान करना उचित नहीं है।

**प्रश्न (ख) बिना सोच-विचार के कोई काम करने से क्या दशा होती है?**

उत्तर :- बिना सोच-विचार के कभी भी कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि बिना सोचे-समझे काम करने से काम बिगड़ जाता है। इससे सारे संसार में हँसी होती है। मनुष्य का मन बेचैन हो जाता है। उसे खाना-पीना यहाँ तक कि मनोरंजन के साधन भी अच्छे नहीं लगते और मनुष्य को पछताना पड़ता है।

6. **उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें :-**

(क) जब लगि पैसा गाँठ में;तब लगि ताको यार ।

(ख) पैसा रहा न पास यार मुख से नहीं बोले ।

(ग) करत बेगरज़ी प्रीति; यार बिरला कोई साईं ।

(घ) दौलत पाय न कीजिए; सपने में अभिमान ।

(ङ) मीठे वचन, सुनाय; विनय सब ही की कीजै ।

7. **इन शब्दों / लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग करें : -**

**1. बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय = बिना सोचे-समझे कार्य करने पर पछताना पड़ता है =**





➢ मोहन ने बिना सोचे-समझे अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी और दुकान खोल ली जो न चली अब वह सारा दिन रोता रहता है इसे ही कहते है बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय।

**2. खटकना = बुरा लगना =**

➢ काँटा सबकी आँखों में खटकता है।

**3. साईं सब संसार में मतलब का व्यवहार = मतलबी दुनिया =**

➢ जब तक मोहन के पास धन था तब तक उसके बहुत मित्र थे परंतु जैसे ही उस पर गरीबी आई सब उसका साथ छोड़ कर चले गए किसी ने ठीक ही कहा है साईं सब संसार में मतलब का व्यवहार।

**4. चार दिन की चान्दनी फिर अन्धेरी रात = थोड़े दिन का आनन्द =**

➢ धन-दौलत और जवानी का घमण्ड नहीं करना चाहिए क्योंकि यह चार दिन की चाँदनी और फिर अन्धेरी रात जैसा होता है।

## पाठ - 17
### मेरा दम घुटता है
**लेखक : पंकज चतुर्वेदी**

**अभ्यास हल सहित**

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਆਕਸੀਜਨ | = | ऑक्सीजन | 5. ਰੇਫ੍ਰੀਜਰੇਟਰ | = | रेफ़्रिजरेटर |
| 2. ਨਾਈਟ੍ਰੋਜਨ | = | नाइट्रोजन | 6. ਪੇੜ-ਪੌਧੇ | = | पेड़-पौधे |
| 3. ਹਾਈਡ੍ਰੋਜਨ | = | हाइड्रोजन | 7. ਵਾਯੂਮੰਡਲ | = | वायुमंडल |
| 4. ਓਜ਼ੋਨ | = | ओज़ोन | | | |
| 8. ਕਾਰਬਨ-ਡਾਈ-ਆਕਸਾਈਡ | = | कार्बन-डाइ-ऑक्साइड | | | |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਪਰਦੇ ਦੇ ਪਿੱਛੇ | = | नेपथ्य | 4. ਰਾਜ | = | साम्राज्य |
| 2. ਹੋਂਦ | = | अस्तित्व | 5. ਲੁੱਕ | = | तारकोल |
| 3. ਰਾਖਸ਼ | = | दैत्य | 6. ਸਿਹਤ | = | स्वास्थ्य |

**3. शब्दार्थ : -**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **नेपथ्य** | = | पर्दे के पीछे | 5. **दैत्य** | = | राक्षस |
| 2. **घटक** | = | तत्व | 6. **माशाअल्लाह** | = | जो अल्लाह चाहे |
| 3. **जीवनदायी** | = | जीवन देने वाली | 7. **क्षमता** | = | सामर्थ्य |
| 4. **अस्तित्व** | = | होंद, होने का भाव | | | |
| 8. **खलनायिका** | = | नाटक या उपन्यास के मुख्य नायक का प्रतिद्वंद्वी जो लक्ष्य प्राप्ति में रुकावटें उपस्थित करती है। | | | |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) हवा की घटक गैसें कौन-कौन सी हैं?**

उत्तर :- हवा की घटक गैसें ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन, कार्बन-डाइ-ऑक्साइड तथा ओज़ोन हैं।

**प्रश्न (ख) पृथ्वी पर जीवन का मूल आधार क्या है ?**

उत्तर :- पृथ्वी पर जीवन का मूल आधार ऑक्सीजन है।

**प्रश्न (ग) पानी की घटक कौन-कौन सी गैसें हैं?**

उत्तर :- पानी की घटक गैसें ऑक्सीजन और हाइड्रोजन हैं ।

**प्रश्न (घ) इस एकाँकी में काले-कलूटे राक्षस किसे कहा गया है?**

उत्तर :- इस एकाँकी में काले-कलूटे राक्षस स्कूटर, बस, ट्रैक्टर से निकलने वाले काले धुएँ को कहा गया है।

**प्रश्न (ङ) वायु प्रदूषण से कौन-कौन से रोग हो रहे हैं?**
उत्तर :- वायु प्रदूषण से दमा, खाँसी, साँस से सम्बन्धित रोग, फेफड़ों के रोग तथा त्वचा संबंधी रोग हो रहे हैं।
**प्रश्न (च) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड का रूप क्यों बदल रहा है?**
उत्तर :- मानव जाति द्वारा बढ़ाए जा रहे प्रदूषण के कारण कार्बन-डाइ-ऑक्साइड का रूप बदल रहा है।
**प्रश्न (छ) वह कौन-सी गैस है जो कार्बन-डाइ-ऑक्साइड से अधिक मानव जाति का नुकसान कर रही है?**
उत्तर :- कार्बन-मोनो-ऑक्साइड गैस, कार्बन-डाइ-ऑक्साइड से भी अधिक मानव जाति का नुकसान कर रही है।

**प्रश्न (ज) ओज़ोन की सुरक्षा परत किस गैस के कारण टूटती-फूटती जा रही है?**
उत्तर :- रेफ्रिजरेटरों और एयर कंडीशनरों में प्रशीतक के रूप में काम आने वाली गैस के कारण ओज़ोन की सुरक्षा परत टूटती-फूटती जा रही है।
**प्रश्न (झ) धरती का तापमान किस गैस के कारण बढ़ रहा है?**
उत्तर :- धरती का तापमान कार्बन-डाइ-ऑक्साइड गैस के कारण बढ़ रहा है।
**प्रश्न (ञ) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड गैस ने अपनी सेहत सुधारने का क्या उपाय बताया?**
उत्तर :- कार्बन-डाइ-ऑक्साइड गैस ने अपनी सेहत सुधारने का उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना बताया है।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**
**प्रश्न (क) ऑक्सीजन गैस को जीवन का मूल आधार क्यों कहा गया है?**
उत्तर :- ऑक्सीजन गैस को जीवन का मूल आधार इसलिए कहा गया है क्योंकि इसी से हमारी साँसें चलती हैं। हम ऑक्सीजन गैस ग्रहण करते हैं और कार्बन-डाइ-ऑक्साइड गैस छोड़ते हैं। इसके अतिरिक्त ऑक्सीजन गैस के बिना पानी भी नहीं बन सकता है और पानी के बिना भी जीवन संभव नहीं है।
**प्रश्न (ख) ज़हरीली गैसों के स्त्रोत कौन-कौन से हैं?**
उत्तर :- ज़हरीली गैसों के स्त्रोत बहुत सारे हैं जैसे :-
- स्कूटर, बस, ट्रैक्टर आदि से निकलने वाला धुआँ।
- कारखानों की चिमनियों से निकलने वाला विषैला धुआँ।
- सड़कों के लिए प्रयोग होने वाले तारकोल में से निकलने वाला धुआँ।
- कूड़ा-कचरा।
- रेफ्रिजरेटरों और एयर कंडीशनरों से निकलने वाली रासायनिक गैसें।

**प्रश्न (ग) वायुमण्डल का तापमान बढ़ाने में ओज़ोन की क्या भूमिका है?**
उत्तर :- धरती से 10 से 50 किलोमीटर की ऊँचाई पर ओज़ोन की पतली परत है। यह परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों को धरती तक पहुँचने से रोकती है। परन्तु मानव जाति द्वारा रेफ्रिज़रेटरों तथा एयर कंडीशनरों के अन्धाधुंध प्रयोग से रासायनिक गैसें निकल रही हैं, जिसके कारण ओज़ोन की सुरक्षा परत टूटती-फूटती जा रही है। इसी कारण वायुमण्डल का तापमान बढ़ रहा है।
**प्रश्न (घ) अम्लीय वर्षा किस कारण होती है ?**
उत्तर :- कारखानों की ऊँची-ऊँची चिमनियों से धुआँ निकलता है। इस धुएँ में नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर-डाइ-ऑक्साइड गैसें होती हैं जो पानी के साथ मिलकर अम्ल बन जाती हैं इसी कारण अम्लीय वर्षा होती है।
**प्रश्न (ङ) पेड़ किस प्रकार वायुमण्डल को शुद्ध करते हैं?**
उत्तर :- पेड़ कार्बन-डाइ-ऑक्साइड की बढ़ती हुई मात्रा को प्रकाश संश्लेषण वाली भोजन बनाने की क्रिया के द्वारा सोख लेते हैं और ऑक्सीजन को वायुमण्डल में छोड़ देते हैं जिससे वायुमण्डल शुद्ध हो जाता है। इसीलिए पेड़ों को ऑक्सीजन का कारखाना भी कहते हैं।
**प्रश्न (च) लेखक ने इस बैठक के माध्यम से क्या सन्देश दिया है?**
उत्तर :- लेखक ने इस बैठक के माध्यम से यह सन्देश दिया है कि मनुष्य को वायुमण्डल के प्रति सचेत रहना चाहिए। पृथ्वी पर जीवन का मूल आधार ऑक्सीजन है। जो हमें केवल पेड़ों से ही प्राप्त हो सकती है। आजकल प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ता जा रहा है। अत: इस बढ़ते हुए प्रदूषण को कम करने के लिए, ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए तथा वायुमण्डल शुद्ध करने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

**6. इन शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करें :-**





**1. नेपथ्य = पर्दे के पीछे =**
➢ नेपथ्य से कलाकारों के बोलने की आवाज़ें आ रही थीं।
**2. घटक = तत्व =**
➢ पानी की घटक गैसें ऑक्सीजन और हाइड्रोजन हैं।
3. **जीवनदायी = जीवन देने वाली =**
➢ ऑक्सीजन जीवनदायी गैस है।

4. **अस्तित्व = होने का भाव =**
➢ मनुष्य का अस्तित्व पेड़-पौधों से है।
5. **क्षमता = सामर्थ्य =**
➢ मानव की क्षमता प्रकृति से अधिक नहीं है।

**7. इन मुहावरों के अर्थ दिए गए हैं । अर्थ समझते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :-**
**1. दिनों-दिन सूखना = कमज़ोर होते जाना =**
➢ मोहन परीक्षा की चिंता के कारण दिनों-दिन सूखता जा रहा है।
**2. बाल-बाल बचना = मुश्किल से बचना =**
➢ आज सड़क दुर्घटना में मैं बाल-बाल बची।
**3. जान बचाना = जीवन बचाना =**
➢ सीता ने रक्तदान करके गीता की जान बचाई।
**4. सिर मारना = सोच-विचार करना =**
➢ कई समस्याओं को हल करने के लिए बहुत सिर मारना पड़ता है।
**5. अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारना = अपनी ही गलती से अपना नुक्सान करना =**
➢ मनुष्य पेड़ काटकर स्वयं अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है।
6. **सेहत बिगाड़ना = सेहत ठीक न होना =**
➢ हम अधिक गुस्से से स्वयं अपनी सेहत बिगाड़ लेते हैं।

**8.(I) लिंग बदलें : -**
1. **सदस्य** = सदस्या
2. **नायिका** = नायक
3. **खलनायक** = खलनायिका

**(II) इन गैसों के लिंग बताएं :-**
1. **ऑक्सीजन** = स्त्रीलिंग
2. **कार्बन-डाइ-ऑक्साइड** = स्त्रीलिंग
3. **हाइड्रोजन** = स्त्रीलिंग
4. **नाइट्रोजन** = स्त्रीलिंग
5. **ओज़ोन** = स्त्रीलिंग

**9. 'इत' और 'इक' शब्दांश लगाकर नए शब्द बताएं :-**
1. **इन्सान + इत** = इन्सानियत
2. **सुरक्षा + इत** = सुरक्षित
3. **संबंध + इत** = संबंधित
4. **आमंत्रण + इत** = आमंत्रित
5. **रसायन + इक** = रासायनिक
6. **समाज + इक** = सामाजिक
7. **भूगोल + इक** = भौगोलिक
8. **परिवार + इक** = पारिवारिक

**10. पर्यायवाची शब्द लिखें : -**
1. **सूरज** = रवि, सूर्य, आदित्य
2. **हवा** = समीर, वायु, पवन
3. **किरण** = कर, अंशु, रश्मि
4. **रात** = रजनी, रात्रि, विभावरी

5. पेड़ = तरु, वृक्ष, विटप
6. दिन = वार, दिवस, वासर

11. विपरीत शब्द लिखें : -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. अंधेरा | = | उजाला | 4. दुर्बल | = | सबल |
| 2. मुक्त | = | बंदी | 5. कमज़ोर | = | ताकतवर |
| 3. बहुमत | = | अल्पमत | | | |

12. इन शब्दों के भिन्न अर्थ समझाते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :-

- **मूल = मुख्य** = इस सभा का मूल उद्देश्य क्या है।
  **जड़** = पेड़ का जीवन उसकी मूल पर टिका है।

- **भाग = हिस्सा** = इस मकान में मेरा भी भाग है।
  **बँटवारा** = पिता ने अपने धन के भाग कर दिये।

- **घड़ी = पानी का छोटा मटका** = इस घड़ी में थोड़ा-सा पानी है।
  **समय बताने वाला यंत्र** = मेरी घड़ी में आठ बजे हैं।

- **बैठक = बैठने वाला कमरा** = बैठक में मेहमान ठहरे हैं।
  **चौपाल, अधिवेशन** = यहाँ कुछ लोगों की बैठक चल रही है।

14. इस पाठ में आए 'र' वर्ण के प्रयोग वाले शब्द ढूँढकर लिखें :-

र = खतरा, सुरक्षित
र् = कार्बन, गर्म
्र = साम्राज्य, प्रशीतक
्र = नाइट्रोजन, हाइड्रोजन

10. निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें :-

(क) ਇਹ ਧਰਤੀ ਤੇ ਜੀਵਨ ਦਾ ਮੂਲ ਅਧਾਰ ਹੈ।
- **यह धरती पर जीवन का मूल आधार है।**

(ख) ਉਸ ਪਿੰਡ ਵਿੱਚ ਸੜਕ ਬਣ ਰਹੀ ਹੈ।
- **उस गाँव में सड़क बन रही है।**

(ग) ਅੱਗੇ ਦੀ ਅਵਾਜ ਹਾਸੇ ਵਿੱਚ ਦੱਬ ਜਾਂਦੀ ਹੈ।
- **आगे की आवाज़ हँसी में दब जाती है।**

(घ) ਅੱਜ ਮੇਰੇ ਜੀਵਨ ਨੂੰ ਖ਼ਤਰਾ ਲਗ ਰਿਹਾ ਹੈ।
- **आज मेरे जीवन को खतरा लग रहा है।**

(ङ) ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਜੀਵਨ ਕਿਵੇਂ ਸੰਭਵ ਹੋਵੇਗਾ।
- **पानी नहीं तो जीवन कैसे संभव होगा।**

## पाठ – 18
## अन्तरिक्ष-परी : कल्पना चावला
### लेखक : डॉ. सुनील बहल
### अभ्यास हल सहित

1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਆਤਮਵਿਸ਼ਵਾਸ | = | आत्मविश्वास | 3. ਸਕੂਲ | = | स्कूल |
| 2. ਸਫਲਤਾ | = | सफलता | 4. ਸ਼ੁਰੂ | = | शुरू |





| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. ਵਿਸ਼ਾ | = | विषय | 9. ਤਕਨੀਕੀ | = | तकनीकी |
| 6. ਮਿੱਤਰ | = | मित्र | 10. ਪ੍ਰਯੋਗਸ਼ਾਲਾ | = | प्रयोगशाला |
| 7. ਵਿਦੇਸ਼ | = | विदेश | 11. ਵਿਅਕਤੀ | = | व्यक्ति |
| 8. ਅਮਰੀਕਾ | = | अमेरिका | 12. ਅਧਿਕਾਰੀ | = | अधिकारी |

2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਜਮਾਤ | = | कक्षा | 5. ਬਾਕੀ | = | शेष |
| 2. ਵਿਆਹ | = | विवाह | 6. ਉਡੀਕ | = | प्रतीक्षा |
| 3. ਬੁਲਾਉਣਾ | = | निमंत्रण | 7. ਸਿਖਲਾਈ | = | प्रशिक्षण |
| 4. ਮੌਕਾ | = | अवसर | 8. ਮਿਹਨਤ | = | परिश्रम |

3. शब्दार्थ :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. स्नातक | = | विश्वविद्यालय की उपाधि | 5. इंजीनियरिंग | = | इंजीनियर की पढ़ाई |
| 2. स्नातकोत्तर | = | स्नातक के ऊपर की डिग्री | 6. अंतरिक्ष | = | आकाश |
| 3. प्रवृत्ति | = | मन का झुकाव | 7. उपाध्यक्ष | = | संस्था, समिति में अध्यक्ष का सहायक |
| 4. बरबस | = | ज़बरदस्ती | 8. अदम्य | = | प्रबल, प्रचंड, जो दबाया न जा सके |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-

**प्रश्न (क) सपने कैसे पूरे होते हैं?**
उत्तर :- सपने केवल देखने से ही पूरे नहीं होते उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न (ख) बचपन से ही कल्पना चावला का क्या सपना था?**
उत्तर :- बचपन से ही कल्पना चावला का सपना आसमान की सैर करना था।

**प्रश्न (ग) कल्पना चावला का जन्म कब और कहाँ हुआ?**
उत्तर :- कल्पना चावला का जन्म 1 जुलाई, 1961 ई. को हरियाणा राज्य के करनाल नगर में हुआ।

**प्रश्न (घ) कल्पना का विवाह कब और किससे हुआ?**
उत्तर :- कल्पना चावला का विवाह 1983 में जीन पियरे हैरिसन से हुआ।

**प्रश्न (ङ) कल्पना की प्रारम्भिक शिक्षा कहाँ पूरी हुई?**
उत्तर :- कल्पना चावला की प्रारम्भिक शिक्षा करनाल के टैगोर बाल निकेतन स्कूल में पूरी हुई।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-

**प्रश्न (क) कल्पना चावला का सपना कब और कैसे पूरा हुआ?**
उत्तर :- कल्पना चावला बचपन से ही आसमान की सैर का सपना देखती थी। अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने जाने पर उसका आत्मविश्वास और भी बढ़ गया। उसका यह सपना 19 नवम्बर, 1997 को पूरा हुआ जब उसने एस.टी.एस. अन्तरिक्ष यान द्वारा दोपहर 2.37 बजे अपनी पहली उड़ान भरी। यह मिशन अंतरिक्ष में 17 दिन 16 घंटे 32 मिनट रहा और फिर धरती पर लौट आया।

**प्रश्न (ख) कल्पना की दूसरी अंतरिक्ष यात्रा उसकी जीवन की अन्तिम यात्रा बनी। स्पष्ट करें?**
उत्तर :- कल्पना चावला ने दूसरी अंतरिक्ष उड़ान 16 जनवरी, 2003 को कोलम्बिया से शुरू की। इस मिशन में अंतरिक्ष में 80 परीक्षण व प्रयोग किए। यह अंतरिक्ष यान 16 दिनों के बाद अंतरिक्ष अभियान से लौट रहा था। तभी 1 फरवरी, 2003 को पृथ्वी से 63 किलोमीटर की ऊँचाई पर एक धमाके से टूटकर बिखर गया। इसमें कल्पना चावला समेत शेष अन्य 6 यात्री अंतरिक्ष में विलीन हो गये। इस प्रकार कल्पना की दूसरी उड़ान उसके जीवन की अन्तिम यात्रा बनी।

**प्रश्न (ग) कल्पना चावला के जीवन से आप क्या प्रेरणा लेते हैं?**
उत्तर :- कल्पना चावला के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सपने केवल सोचने से ही सच नही हो जाते। उनको पूरा करने के लिए अनथक परिश्रम, दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास व एकाग्रता की आवश्यकता होती है। अत: जो सपनों को साकार करने के लिए जी-तोड़ मेहनत करता है, उसको सफलता निश्चित रूप से मिलती है।

**6. निम्नलिखित साल कल्पना चावला के जीवन में क्यों महत्वपूर्ण थे :-**

| साल | महत्वपूर्ण क्यों ? |
|---|---|
| 1978 = | इस वर्ष कल्पना चावला ने प्री इंजीनियरिंग की परीक्षा पास की । |
| 1982 = | इस वर्ष पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चण्डीगढ़ से ऐरानॉटिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री ली । |
| 1984 = | इस वर्ष टैक्सॉस विश्वविद्यालय से ऐरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की । |
| 1988 = | इस वर्ष उसने कोलोरोडो विश्वविद्यालय से ऐरोस्पेस इंजीनियरिंग में पी.एच.डी. की डिग्री प्राप्त की। |
| 1994 = | इस वर्ष कल्पना चावला नासा के अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया । |
| 1997 = | इस वर्ष कल्पना चावला ने अंतरिक्ष यान एस.टी.एस. 87 द्वारा अन्तरिक्ष की प्रथम उड़ान भरी । |

**7. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य इस तरह बनायें ताकि अर्थ स्पष्ट हो जायें :-**

1. **अनुसरण** = हमें अपने गुरुजनों का अनुसरण करना चाहिए।
2. **एकाग्रता** = बच्चों को पूरी एकाग्रता से पढ़ाई करनी चाहिए।
3. **आकर्षित** = अच्छे बच्चे सभी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।
4. **आकांक्षा** = जीवन में आकांक्षा रखना बहुत जरूरी है।
5. **नियंत्रित** = हमें अपने मन को नियंत्रित रखना चाहिए।
6. **नियुक्ति** = मेरी नियुक्ति अध्यापक के पद पर हुई है।
7. **परीक्षण** = वैज्ञानिक सदा नए-नए परीक्षण करते रहते हैं।
8. **परिसर** = हमारे विद्यालय का परिसर बहुत सुन्दर है।

**8. इन मुहावरों / लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग करें : -**

**1. जहाँ चाह वहाँ राह = इच्छा से ही रास्ता निकलता है =**
➢ कल्पना चावला ने बचपन में ही अन्तरिक्ष में उड़ने का सपना देखा था और उसे अपनी मेहनत से पूरा भी कर लिया इसे कहते हैं जहाँ चाह वहाँ राह।

**2. दु:ख के सागर में डूब जाना = बहुत दुखी होना =**
➢ कल्पना चावला की मौत की खबर सुनकर सारा संसार दु:ख के सागर में डूब गया।

**3. दिलों पर राज करना = सबको अच्छा लगना =**
➢ कल्पना चावला आज भी सभी के दिलों पर राज करती है।

**4. खुशी का ठिकाना न रहना = बहुत खुश होना =**
➢ पूरे राज्य में प्रथम आने की खबर सुनकर नेहा की खुशी का ठिकाना न रहा।

**5. दिल दहला देना = भयभीत करना =**
➢ कल्पना चावला की मौत की खबर ने सभी का दिल दहला दिया।

**9. इन वाक्यों में क्रिया अकर्मक है या सकर्मक :-**

| | |
|---|---|
| (क) स्कूल में वह सभी अध्यापकों की चहेती थी। | **अकर्मक क्रिया** |
| (ख) आसमान में विमानों को उड़ता देखकर वह उनकी ओर आकर्षित हो जाती थी। | **सकर्मक क्रिया** |
| (ग) वह स्नातकोत्तर की डिग्री लेने के लिए अमेरिका पहुँच गयी। | **अकर्मक क्रिया** |
| (घ) कल्पना ने 19 नवम्बर, 1997 को अन्तरिक्ष में अपनी पहली उड़ान भरी। | **सकर्मक क्रिया** |
| (ङ) प्रत्येक मनुष्य सपने देखता है। | **सकर्मक क्रिया** |
| (च) बड़े होने पर कल्पना ने अपने सपने को साकार कर दिखाया। | **सकर्मक क्रिया** |
| (छ) नासा ने उसे एक बार फिर अन्तरिक्ष यात्रा के लिए चुना। | **सकर्मक क्रिया** |

**10. नीचे लिखे पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें :-**

(क) ਇਹ ਉਸਦਾ ਮਨਪਸੰਦ ਵਿਸ਼ਾ ਸੀ।
➢ **यह उसका मनपसंद विषय था।**
(ख) ਉਹ ਆਪਣੇ ਪਰਿਵਾਰ ਵਿੱਚ ਸਭ ਤੋਂ ਛੋਟੀ ਸੀ।
➢ **वह अपने परिवार में सबसे छोटी थी।**





(ग) ਕਲਪਨਾ ਚਾਵਲਾ ਨੂੰ ਸੰਗੀਤ ਬੇਹਦ ਪਸੰਦ ਸੀ।
➢ **कल्पना चावला को संगीत बहुत पसंद था।**
(घ) ਉਹ ਜਹਾਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਉਡਾਉਣ ਵਿੱਚ ਪਹਿਲਾਂ ਤੋਂ ਹੀ ਮਾਹਿਰ ਸੀ।
➢ **वह जहाज़ों को उड़ाने में पहले से ही माहिर थी।**
(ङ) ਅੱਜ ਵੀ ਉਹ ਸਾਰਿਆਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਤੇ ਰਾਜ ਕਰਦੀ ਹੈ।
➢ **आज भी वह सभी के दिलों पर राज करती है।**

## पाठ - 19
## होंगे कामयाब
### अभ्यास हल सहित

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ਸ਼ਾਂਤੀ | = शान्ति | 3. ਵਿਸ਼ਵਾਸ | = विश्वास |
| 2. ਡਰ/ਭੈ | = भय | 4. ਅੱਜ | = आज |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ਸਫਲ | = कामयाब | 3. ਚੁਫੇਰੇ ਪਾਸੇ | = चारों ओर |
| 2. ਮਿਲ ਜੁਲ ਕੇ | = साथ-साथ | 4. ਸਹਿਯੋਗ ਕਰਦੇ ਹੋਏ | = डाल हाथों में हाथ |

**6. इन काव्य-पंक्तियों में खाली स्थानों मे उपयुक्त शब्द भरें :-**

(क) हम होंगे कामयाब एक दिन
हो हो मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन
(ख) नहीं डर किसी का आज
नहीं डर किसी का आज
नहीं डर किसी का आज के दिन

**4. कवि को किन तीन बातों का पूरा विश्वास है । कविता में से इन तीनों को चुन कर लिखें : -**

(क) किसी का डर नहीं होगा।
(ख) एक न एक दिन अवश्य कामयाब होंगे।
(ग) एक न एक दिन चारों ओर शान्ति स्थापित होगी।

**5. 'होंगे कामयाब' कविता का भावार्थ लिखें।**

उत्तर :- 'होंगे कामयाब' कविता हमें संगठित होकर, एक साथ मिलकर चलने की प्रेरणा देती है। यदि हम सब मिलजुल कर चलेंगे तो एक दिन अवश्य सफल हो जायेंगे। चारों ओर शान्ति हो जायेगी। हम किसी से नहीं डरेंगे और हमें सफलता जरूर मिलेगी।

## पाठ - 20
## सरफरोशी की तमन्ना
### लेखक : शिव शंकर
### अभ्यास हल सहित

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ਜਾਨਵਰ | = जानवर | 5. ਪਰਚਮ | = परचम |
| 2. ਭਾਰਤੀ | = भारतीय | 6. ਕ੍ਰਾਂਤੀਕਾਰੀ | = क्रांतिकारी |
| 3. ਮਿੱਟੀ | = मिट्टी | 7. ਕੁਰਬਾਨੀ | = कुर्बानी |
| 4. ਕਰਮਚਾਰੀ | = कर्मचारी | 8. ਤਿਆਰੀ | = तैयारी |

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिन्दी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. ਅੰਗ੍ਰੇਜ਼ | = | फिरंगी | 6. ਸਵੈਰਾਜ | = | स्वराज्य |
| 2. ਬਿਨਾਂ ਹਥਿਆਰਾਂ ਤੋਂ | = | निहत्था | 7. ਖੁਸ਼ ਕਿਸਮਤ | = | अहोभाग्य |
| 3. ਲਾਠੀ | = | बेंत | 8. ਅਗਵਾਈ | = | नेतृत्व |
| 4. ਚੁੱਪ ਚਾਪ | = | गुपचुप | 9. ਬੰਬ-ਧਮਾਕਾ | = | विस्फोट |
| 5. ਲੋਅ | = | ज्वाला | 10. ਚਮਕ | = | आभा |

**3. शब्दार्थ :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **परखचे** | = | टुकड़े-टुकड़े, धज्जियाँ | 7. **सौगन्ध** | = | कसम |
| 2. **स्वराज्य** | = | अपना राज्य, स्वतंत्र राज्य | 8. **बवंडर** | = | तूफान |
| 3. **परचम** | = | झंडा | 9. **विस्फोट** | = | धमाका |
| 4. **वहशियाना** | = | क्रूर और जंगलियों की तरह की | 10. **आतुर** | = | व्याकुल |
| 5. **भाल** | = | मस्तक | 11. **फरमान** | = | आदेश |
| 6. **मुराद** | = | इच्छा | | | |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) भगत सिंह स्कूल से कहाँ चले गये थे?**

उत्तर :- भगत सिंह स्कूल से जलियाँवाले बाग की पवित्र धरती को प्रणाम करने चले गये थे।

**प्रश्न (ख) जलियाँवाले बाग़ की मिट्टी हाथ में लेकर उन्होंने क्या सौगन्ध खायी?**

उत्तर :- जलियाँवाले बाग़ की मिट्टी हाथ में लेकर उन्होंने यह सौगन्ध खायी कि वे अंग्रेज़ों को यहाँ से भगाकर भारत माँ को आज़ाद करवायेंगे।

**प्रश्न (ग) भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के प्रिय नारे कौन-कौन से थे?**

उत्तर :- भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के प्रिय नारे थे :-

(क) भारत माता की जय

(ख) इन्कलाब ज़िन्दाबाद

(ग) साम्राज्यवाद का नाश हो

**प्रश्न (घ) इस प्रदर्शन में किस महान नेता की मृत्यु हुई?**

उत्तर :- इस प्रदर्शन में महान नेता लाला लाजपतराय जी की मृत्यु हुई।

**प्रश्न (ङ) विधान सभा में बम फेंकने की ज़िम्मेवारी किसे सौंपी गई?**

उत्तर :- विधान सभा में बम फेंकने की ज़िम्मेवारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को सौंपी गई।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखें :-**

**प्रश्न (क) इन क्रान्तिकारियों ने साइमन कमीशन का विरोध किस प्रकार किया ?**

उत्तर :- भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद आदि क्रान्तिकारियों ने साइमन कमीशन का विरोध किया। यह विरोध उन्होंने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी के नेतृत्व में किया। साइमन कमीशन वापिस जाने के लिए नारे लगाए गए। अंग्रेज़ों ने लाला जी पर लाठियाँ बरसायीं जिससे लाला जी की मृत्यु हो गई।

**प्रश्न (ख) लाला जी की मृत्यु का बदला इन क्रान्तिकारियों ने कैसे लिया?**

उत्तर :- सभी क्रान्तिकारियों ने लाला जी की मृत्यु का बदला लेने की ठानी। इसके लिए आज़ाद ने एक योजना बनाई। एक गुप्त स्थान पर लाहौर माल रोड पर सभी क्रान्तिकारी इकट्ठे हो गए। जय गोपाल के इशारे पर उन्होंने सांडर्स को गोलियों से भून दिया और वहाँ से भाग गए।

**प्रश्न (ग) विधान सभा में बम विस्फोट का क्या परिणाम निकला?**

उत्तर :- विधान सभा में बम विस्फोट के बाद भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त पकड़े गए। अंग्रेज़ों ने अपना दमन चक्र तेज़ कर दिया। राजगुरु और सुखदेव के अतिरिक्त असंख्य युवक जेलों में बंद हो गए। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फाँसी की सज़ा सुनाई गई और बटुकेश्वर दत्त को काला पानी की सज़ा हो गई।

**6. इन पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या करें :-**

**(क) 'ऐ फिरंगी, सामान बाँध ले, वरना सम्भलने का मौका भी न मिलेगा।'**





**प्रसंग :** यह पंक्ति हमारी हिन्दी की पाठ्य पुस्तक 'आओ हिन्दी सीखें' में से **'सरफरोशी की तमन्ना'** नामक पाठ में से ली गई है। इसके लेखक **'शिवशंकर'** जी हैं। भगत सिंह के अनुसार जलियाँवाले बाग के शहीदों की कुर्बानी अंग्रेज़ों को चेतावनी दे रही है।

**व्याख्या :** जलियाँवाले बाग में शहीद हुए स्त्री-पुरुषों, बच्चों-बूढ़ों की कुर्बानी चीख-चीख कर अंग्रेज़ों को चेतावनी देती हुई कहती है कि तुम अपना सामान बाँध लो नहीं तो बाद में सम्भलने का मौका नहीं मिलेगा। अर्थात अब तुम भारत छोड़ कर जाने के लिए तैयार हो जाओ।

**(ख) 'हम दीवानों की टोली आज़ादी की दुल्हन को ब्याह कर लायेगी।'**

**प्रसंग :** यह पंक्ति हमारी हिन्दी की पाठ्य पुस्तक 'आओ हिन्दी सीखें' में से **'सरफरोशी की तमन्ना'** नामक पाठ में से ली गई है। इसके लेखक **'शिवशंकर'** जी हैं। यह पंक्ति भगत सिंह द्वारा कही गई है जिससे देशभक्तों में देशभक्ति की भावना के बारे में पता चलता है।

**व्याख्या :** भगत सिंह कहते हैं कि उन सब दीवाने देशभक्तों की टोलियाँ आज़ादी की दुल्हन को ब्याह कर लायेंगी अर्थात एक दिन वे सब मिलकर भारत देश को अंग्रेज़ों से अवश्य आज़ाद करवा लेंगे ।

**(ग) 'हमने तो बचपन से ही बसंती चोले की पूजा की है।'**

**प्रसंग :** यह पंक्ति हमारी हिन्दी की पाठ्य पुस्तक 'आओ हिन्दी सीखें' में से **'सरफरोशी की तमन्ना'** नामक पाठ में से ली गई है। इसके लेखक **'शिवशंकर'** जी हैं। यह पंक्ति भगत सिंह दुर्गा भाभी को कहते हैं जब वे विधानसभा में बम फेंकने को मौत के मुँह में जाने के समान कहती हैं।

**व्याख्या :** जब दुर्गा भाभी विधान सभा में बम विस्फोट के काम को बहुत मुश्किल कहती हैं तो भगत सिंह कहते है कि हमने तो बचपन से ही बसंती चोले की पूजा की है अर्थात वे सदा अपने देश के लिए मर मिटने को तैयार हैं।

**7. पर्यायवाची शब्द :-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. **तमन्ना** | = | आकांक्षा, | इच्छा, | चाह |
| 2. **योद्धा** | = | वीर, | बहादुर, | सूरमा |
| 3. **आज़ादी** | = | मुक्ति, | स्वतन्त्रता, | स्वाधीनता |
| 4. **अंग्रेज़** | = | गोरे, | फिरंगी, | विदेशी |
| 5. **शहीदी** | = | कुर्बानी, | शहादत, | वीरगति |

**8. इन शब्दों के अन्तर वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट करें : -**

| | | |
|---|---|---|
| **आज़ाद = एक नाम** | = | चन्द्रशेखर आज़ाद ने क्रान्तिकारियों में जोश भर दिया। |
| **आज़ाद = स्वतंत्र** | = | भारत 15 अगस्त, 1947 को आज़ाद हुआ। |
| **माँ = जन्म देने वाली** | = | माँ अपने बच्चों से बहुत प्रेम करती है। |
| **माँ = भारत माँ** | = | भगत सिंह ने भारत माँ के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। |
| **बांध = बांधना, समेटना** | = | मैंने अपना सामान बांध लिया। |
| **बाँध = जलाशय का जल रोकने हेतु पत्थर आदि का बनाया गया टीला** | = | भाखड़ा बाँध पूरे संसार में प्रसिद्ध है। |
| **बदला = बदलना** | = | कल मोहन ने अपना घर बदला। |
| **बदला = बदला लेना** | = | क्रान्तिकारियों ने लाला जी की मृत्यु का बदला लिया। |
| **सबक = पाठ** | = | माँ अपने बच्चों को मेहनत करने का सबक सिखाती है। |
| **सबक = सबक सिखाना** | = | भारतीय सेना ने दुश्मनों को अच्छा सबक सिखाया। |

**9. इन मुहावरों / लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग करें : -**

**1. कान में सीसा भरा होना = कुछ सुनाई न देना =**

- लगता है मोहन के कान में सीसा भरा हुआ है जो उसे सोहन की चीखें सुनाई नहीं दे रही।

**2. खिसियानी बिल्ली सा मुँह लेकर रह जाना = अपना सा मुँह लेकर जाना =**

- जब सुखदेव ने गोरे सिपाही की बेंत पकड़ी तो वह खिसियानी बिल्ली सा मुँह लेकर रह गया।

**3. जले पर नमक छिड़कना = किसी को उसके दुःख याद करवाना =**

- हमें किसी के जले पर नमक नहीं छिड़कना चाहिए।

4. **नींद हराम होना = परेशान हो जाना =**
➢ अच्छी नौकरी न मिलने पर मोहन की नींद हराम हो गई।
5. **जान बचा कर भागना = अपनी जान बचाना =**
➢ कल सोहन एक जंगली कुत्ते से बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचा कर भागा।
6. **मौत के मुँह में जाना = जान बूझकर खतरा उठाना =**
➢ विधान सभा में जाकर बम विस्फोट करना मौत के मुँह में जाने के समान था।
7. **कुत्ते की दुम सीधी न होना = कभी न सुधरना =**
➢ महेश कभी भी नहीं सुधर सकता क्योंकि किसी ने ठीक ही कहा है कि कुत्ते की दुम कभी सीधी नहीं हो सकती।
8. **परखचे उड़ाना = नष्ट कर देना =**
➢ क्रान्तिकारियों ने बम विस्फोट से शत्रुओं के परखचे उड़ा दिए।

**10. नये शब्द बनायें :-**

1. **क्रान्ति + कारी** = क्रान्तिकारी
2. **आन्दोलन + कारी** = आन्दोलनकारी
3. **कार्य + कारी** = कार्यकारी
4. **मुख्य + आलय** = मुख्यालय
5. **पुस्तक + आलय** = पुस्तकालय
6. **मेघ + आलय** = मेघालय
7. **चिकित्सा + आलय** = चिकित्सालय

**11. उपयुक्त विस्मयादि बोधक शब्द लिखें :-**

(क) **हैं** ! विधान सभा में बम लेकर जायें।
(ख) **अहा** ! हम मस्तानों का टोला आज़ादी का डोला लायेंगे।
(ग) **अरे** ! तुम्हें ज़िंदगी अच्छी नहीं लगती ।
(घ) **हाँ** ! यही ठीक रहेगा।
(ङ) **वाह** ! उसने देश का नाम उज्ज्वल कर दिया।
(च) **अहा** ! देखना, एक दिन हम दीवानों की टोली आज़ादी की दुल्हन को ब्याह लायेगी।

## कारक

**कारक आठ प्रकार के होते हैं। उन्हें उनके विभक्ति चिह्नों से पहचाना जा सकता है।**

| कारक | कारक चिह्न |
|---|---|
| कर्ता | ने, (x) |
| कर्म | को, (x) |
| करण | के द्वारा, के साथ |
| संप्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से, (जुदाई) |
| संबंध | का, के, की |
| अधिकरण | में, पर |
| संबोधन | हे, रे, अरे |

**तैयारकर्ता :- कुमकुम, सरकारी हाई स्मार्ट स्कूल, शाहपुर रोड, लुधियाना**





**कक्षा – आठवीं**

**व्याकरण भाग**

**निबन्ध व पत्र**

### प्रातः काल की सैर

शीघ्र सोना और शीघ्र उठना मनुष्य को न केवल स्वस्थ बनाता है बल्कि बुद्धिमान और संपन्न भी बनाता है। परंतु आजकल कोई भी इस नियम का पालन नहीं करता। देर रात तक बच्चे मोबाइल और टी.वी. से चिपके रहने के कारण सुबह जल्दी नहीं उठ पाते। परंतु छात्रों को यह बात अच्छे से समझ लेनी चाहिए कि उनके लिए जितनी पढ़ाई जरूरी है उतना ही अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है और स्वस्थ रहने का सबसे उत्तम साधन है प्रातः काल की सैर।

प्रातः काल का समय शांत, निर्मल व सुहावना होता है। ऐसे समय में सैर करने से फेफड़ों को शुद्ध हवा मिलती है, जिससे वे स्वस्थ रहते हैं। शरीर में ताज़गी आती है। सुबह के समय पेड़ ऑक्सीजन अधिक मात्रा में छोड़ते हैं। उस समय उनके पास अधिक समय रहना स्वस्थ बनाता है। पक्षी अपने घोंसलों से बाहर निकल आते हैं। उनका मधुर स्वर मन को खुशी देता है। धीरे-धीरे बहती खुशबू मन को ताज़गी प्रदान करती है। घास पर पड़ी ओस की बूँदें मोती की तरह लगती हैं। उगते सूरज की लाली व किरणों में अंधकार के साथ कई कीटाणुओं को खत्म करने की क्षमता होती है। प्रातः काल की सैर खुले मन से करनी चाहिए। प्रकृति का आनंद लेना चाहिए। हरी घास पर नंगे पांव चलने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। उम्र लंबी व शरीर स्वस्थ होता है। मैं भी रोज अपने मित्र के साथ प्रातः काल की सैर को जाता हूँ। हम नज़दीक के एक ही पार्क में सैर करते हैं। वहां पक्षियों के चहचहाने की आवाज़ मन को खुश कर देती है। हम जानते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसलिए हम सबको प्रातः काल की सैर अवश्य करनी चाहिए।

### मेरा प्रिय खेल

मैं आठवीं कक्षा का छात्र हूँ। मैं सरकारी हाई स्कूल में पढ़ता हूँ। स्कूल में हम कई खेल खेलते हैं जैसे खो-खो, फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, मुक्केबाजी आदि। मैं भी कई खेलता हूँ परंतु क्रिकेट मेरा प्रिय खेल है। क्रिकेट की टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं। क्रिकेट का मैदान बहुत बड़ा होता है। आजकल यह विश्व का प्रिय खेल बन गया है। मैंने विश्व के बड़े-बड़े क्रिकेट खिलाड़ियों की तस्वीरों की चित्र पुस्तिका बना रखी है। मैं टी.वी.पर क्रिकेट के सारे मैच देखता हूँ। विराट कोहली मेरा प्रिय भारतीय क्रिकेटर खिलाड़ी है। मेरी इच्छा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच क्रिकेट मैदान में देखने की है। हमारे स्कूल की भी एक क्रिकेट टीम है। हमारे खेलों के अध्यापक हमें क्रिकेट के गुर सिखाते हैं। मुझे सच में क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। मैं बड़ा होकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी बनना चाहता हूँ। मेरे इस सपने को पूरा करने में मेरे माता-पिता भी मुझे पूरा सहयोग देते हैं। मैं इसके लिए पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट की कोचिंग भी लेता हूँ। मेरे क्रिकेट के कोच भी मेरे खेल से बहुत प्रसन्न हैं। मेरे कई मित्र भी बढ़िया क्रिकेट खेलते हैं। परमात्मा से प्रार्थना है कि वे मेरा क्रिकेट खिलाड़ी बनने का सपना अवश्य पूरा करें।

## शहीद भगत सिंह

वतन को चाहिए आज, शत्रु का या अपना रक्त
कहां से ढूंढ कर लाएं, शहीद भगत सिंह सा भगत

भूमिका – भगत सिंह शहीदों के सरताज हैं। इतनी कम उम्र में देश के लिए प्राण देने वाला कोई विरला ही इस धरती पर जन्म लेता है। धन्य है यह भारत की धरती जहां ऐसे सपूतों ने जन्म लिया।

जन्म – भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर, 1907 को पंजाब के गांव लायलपुर में हुआ। इनका परिवार देशभक्त था। उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और मां का नाम विद्यावती था। उनके चाचा जी का नाम अजीत सिंह था, जो एक देशभक्त थे। भगत सिंह के जन्म पर वे जेल से छूटकर आए थे। तब उनकी दादी ने इनका नाम 'भागों वाला' रख दिया था। जो बाद में आगे चलकर भगत सिंह बन गया।

क्रांतिकारी कार्य – 12 वर्ष की उम्र में जलियांवाले कांड ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला। भगत सिंह गांधी जी की अहिंसावादी नीति को पसंद नहीं करते थे क्योंकि उनके अनुसार अहिंसा से देश को आजादी नहीं मिल सकती थी। इसलिए वे चंद्रशेखर के दल में शामिल होकर अंग्रेजी सत्ता से लड़ते रहे। उनका उद्देश्य आजादी था। सन् 1926 में उन्होंने नौजवान भारत सभा का गठन किया। 8 अप्रैल, 1929 को उन्होंने असेंबली में बम फेंक कर अपनी गिरफ्तारी देकर अंग्रेजी सरकार को चुनौती दी। उनके दो साथी राजगुरु और सुखदेव भी गिरफ्तार हुए। सब पर मुकदमा चला। 23 मार्च, 1931 को इन्हें फांसी पर लटका दिया गया।

उपसंहार – भगत सिंह ने शहीदी पाकर भारतीय जनता में एक नया जोश भर दिया। उनकी शहीदी देश की आज़ादी की नींव बनी। आज भी देश बड़ी श्रद्धा और प्रेम से उन्हें याद करता है। फिरोजपुर जिले में हुसैनीवाला में बनी उनकी समाधियों पर आज भी मेला लगता है। भगत सिंह को 'शहीद ए आजम' की उपाधि दी गई है।

शहीदों की चिताओं पर, लगेंगे हर वर्ष मेले,
वतन पर मिटने वालों का, यही बाकी निशां होगा।

---

## मेरा परिवार

मेरा नाम रोहन है। मैं आठवीं कक्षा का छात्र हूँ। आज मैं आपको अपने परिवार से मिलवाता हूं। मेरा परिवार एक संयुक्त परिवार है। मेरे परिवार में 8 सदस्य हैं। मैं अपने दादा- दादी, माता-पिता, चाचा-चाची व छोटी बहन के साथ रहता हूँ। मेरा परिवार खेती- बाड़ी करता है। हम सब गांव में रहते हैं। मेरे पिता जी चाचा जी के साथ खेतों में काम करते हैं। मेरी मां और चाची जी मिलकर घर का काम करती हैं। हमारे घर में तीन गाय हैं। मां हर रोज दूध में से मक्खन निकालती हैं। मुझे और मेरी छोटी बहन को मक्खन स्वाद लगता है। हम दोनों गाय के बछड़े के साथ खेलते हैं। मेरी छोटी बहन पांचवी कक्षा में पढ़ती है। मैं उसकी पढ़ाई में मदद करता हूँ। मेरे चाचा जी इंजीनियर हैं। वह मुझे पढ़ाते हैं। मैं भी उनकी तरह इंजीनियर बनना चाहता हूँ। मेरा परिवार गांव का सम्मानित परिवार है। मेरे पिता जी पंचायत के सदस्य हैं। वह गांव के विकास में अपना योगदान देते हैं। मेरे दादा जी रिटायर्ड फौजी हैं। देश सेवा के लिए उन्हें कई बार सम्मानित किया गया है। मेरी चाची की अध्यापिका है। मैं गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ता हूँ। मेरे माता जी गांव की स्त्रियों को सिलाई का काम सिखाती हैं। मेरे परिवार का प्रत्येक सदस्य देश की उन्नति में अपना सहयोग देता है। मैंने अपने परिवार से अनुशासन, देश प्रेम और कर्तव्य की शिक्षा पाई है। मैं बड़ा होकर एक अच्छा नागरिक बनूंगा क्योंकि मुझे मेरे परिवार से अच्छे संस्कार मिले हैं।





## स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त भारत के राष्ट्रीय त्योहार में से एक है। इस दिन भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। लगभग डेढ़ सौ वर्षों की अंग्रेजों की गुलामी से भारत इस दिन मुक्त हुआ था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का लाल किले पर तिरंगा फहराने का सपना इसी दिन सच हुआ था।

तभी से यह त्योहार हर वर्ष सारे भारतवर्ष में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के लाल किले पर होता है। लाल किले के सामने का मैदान और सड़कें दर्शकों से खचाखच भरी होती हैं। दिल्ली में वायुयानों द्वारा फूलों की वर्षा की जाती है। तीनों सेनाओं के जवान सलामी देते हैं। इंडिया गेट की शोभा निराली ही होती है। हमारे प्रधानमंत्री दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय झंडा लहराते हैं। राष्ट्रीय गान गाया जाता है और राष्ट्रध्वज को 31 तोपों की सलामी दी जाती है। इसके बाद प्रधानमंत्री भाषण करते हैं जिसमें वे देश के कष्टों, कठिनाइयों व विपदाओं की चर्चा करते हैं और देश को उनसे मुक्त करवाने का संकल्प भी करते हैं। देश की भावी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला जाता है। अपने भाषण के अंत में प्रधानमंत्री तीन बार जय हिंद का नारा लगाते हैं। देशभक्ति से संबंधित गीतों व नृत्य का प्रदर्शन भी किया जाता है। देश के लिए विशेष कार्य करने वालों को इनाम भी बांटे जाते हैं। सारे देश में प्रत्येक शहर और गांव में राष्ट्रीय झंडा फहराया जाता है। विद्यालयों व सरकारी दफ्तर में भी यह उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और मिठाइयां बांटी जाती हैं। देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने की सौगंध खाई जाती है।

आज हमें आज़ादी तो मिल गई है परंतु हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए तथा उन शहीदों को सदा याद रखना चाहिए जिन्होंने अपनी कुर्बानी देकर हमें आज़ादी दिलवाई। हमें ऐसे राष्ट्रीय पर्वों को बड़े उत्साह व श्रद्धा से मनाना चाहिए।

---

## सत्संगति

*अच्छी संगत कीजिए, हर माँ पाठ यही पढ़ाए*
*अच्छी संगत से जीवन, सहज सफल हो जाए*

**'सत्संगति' शब्द दो शब्दों के योग से बना है 'सत् + संगति'। 'सत्' शब्द का अर्थ है 'अच्छा' और 'संगति' शब्द का अर्थ है 'साथ' अर्थात सत्संगति का अर्थ है 'अच्छे लोगों का साथ'।**

**किसी भी मनुष्य पर जितना प्रभाव उसकी संगति का पड़ता है उतना किसी और बात का नहीं पड़ता। इसलिए भारतीय परम्परा में बचपन से ही सत्संगति पर बहुत ज़ोर दिया जाता है ।किसी भी मनुष्य के लिए समाज में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए सत्संगति उतनी ही आवश्यक है जितनी कि जीवित रहने के लिए रोटी और कपड़ा। सत्संग करने वाले व्यक्ति की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता। इसलिए सत्संग की महिमा तो संतों ने भी गाई है।**

**सत्संग के प्रभाव से बुरी प्रवृत्तियों वाले बड़े-बड़े दानव भी महामानव बन गये। ऐसी अनेक उदाहरणें हमें अपने इतिहास में पढ़ने व सुनने को मिलती हैं। जैसे अंगुलिमाल जैसा डाकू महात्मा बुद्ध की संगति में महामानव बन गया। कबीरदास जी ने भी अपने दोहों में सत्संगति पर बहुत बल दिया है।**

**वास्तव में सत्संगति पारस पत्थर के समान है जो लोहे को भी सोना बना देती है। उदाहरण के तौर पर जब गंदे नाले का पानी पवित्र गंगा नदी में प्रवेश करता है तो वह भी गंगा जल कहलाता है। इसके विपरीत यदि कोई भला मनुष्य किसी चोर या नशेड़ी की संगति में उठता बैठता है तो वह अपने लिए मुसीबतों के द्वार खोल लेता है। समाज में उसके मान-सम्मान पर भी दाग लग जाता है। कोई मनुष्य किसी विद्वान की संगति करता है तो वह विद्वान भले ही न बने परन्तु निरा मूर्ख भी नहीं रहता। सत्संगति सहारा देने वाली बाहु के समान होती है जो हमेशा हमें उन्नति की ओर ले जाती है और कुसंगति पैरों में बँधी चक्की के समान होती है जो हमेशा अवनति के गड्ढे में गिराती है ।**

**इस प्रकार हम कह सकते हैं कि मनुष्य की संगति ही उसके जीवन की दशा और दिशा निर्धारित करती है। अत: हमें कुसंगति की छूत से बचना चाहिए और सत्संगति करके उत्तम जीवन चरित्र का निर्माण करना चाहिए।**

## प्रदूषण की समस्या व समाधान

प्रदूषण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है प्र+दूषण। प्र का अर्थ होता है पराया और दूषण का अर्थ होता है गंदा। जब पर्यावरण में एक या अधिक तत्वों की मात्रा अपने निश्चित अनुपात से बढ़ने लगती हैं, तो परिवर्तन होना आरंभ हो जाता है। पर्यावरण में होने वाले इस घातक परिवर्तन को ही प्रदूषण कहा जाता है। प्रदूषण मानव के लिए हर तरह से हानिकारक है। प्रदूषण के विभिन्न रुप हो सकते हैं। परंतु मुख्य रूप से प्रदूषण के चार प्रकार होते हैं :-

वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण तथा ध्वनि प्रदूषण।

वायु प्रदूषण :-

कारण:- वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण कारखानों तथा वाहनों की बढ़ती हुई संख्या है। इन से निकलने वाला धुआँ वायु में जहरीली गैसों की मात्रा बढ़ा रहा है। लकड़ी, कोयला, आदि कार्बनिक पदार्थों के जलने के कारण भी वायुमंडल दूषित होता है।

हानियाँ :- प्रदूषित वायु में साँस लेने से व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होता है दमा, अस्थमा, खांसी और साँस संबंधी रोग हो जाते हैं। साथ ही लोगों का जीवन स्तर भी प्रभावित होता है।

जल प्रदूषण :-

कारण :- इसका सबसे बड़ा कारण साफ जल में कारखानों तथा अन्य तरीकों से व्यर्थ पदार्थों को जल में बहाना है। मानव द्वारा किए जाने वाले दैनिक कार्यो जैसे कि नहाना, कपड़े धोना, बर्तन साफ करना, साफ सफाई आदि में बहुत जल गंदा हो जाता है। इस दूषित जल को नालों के द्वारा नदियों में बहा दिया जाता है। ऐसा जल पीने योग्य नहीं रहता।

हानियाँ :- दूषित जल पीने से स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। इससे हैजा, उल्टियां, दस्त और पेट संबंधी रोग हो जाते हैं। दूषित जल के प्रयोग से त्वचा संबंधी रोग भी हो जाते हैं।

भूमि प्रदूषण :-

कारण :- मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने के लिए इसमें अनेक प्रकार की रासायनिक खादों का प्रयोग किया जाता है, जो भूमि प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। मनुष्य लगातार वनों को काटता जा रहा है, जिससे उपजाऊ मिट्टी का कटाव भी हो रहा है।

हानियाँ :- प्रदूषित भूमि में पैदा हुई वनस्पति को खाने से मनुष्य को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इससे कैंसर जैसे गंभीर रोग भी हो रहे हैं।

ध्वनि प्रदूषण:-

कारण :- अनेक प्रकार के वाहनों, लाउडस्पीकरों और औद्योगिक कारखानों की मशीनों के शोर ने ध्वनि प्रदूषण को जन्म दिया है।

हानियाँ :- ध्वनि प्रदूषण से मनुष्य को कानों संबंधी रोग, हृदय संबंधी रोग और सिर दर्द आदि समस्याएं हो रही हैं।

प्रदूषण के समाधान :- प्रदूषण को रोकने के लिए वायुमंडल को साफ सुथरा रखना बहुत जरुरी है। इस ओर जनता को जागरुक किया जाना चाहिए। कारखानों को शहर से दूर खुले स्थान पर लगाना चाहिए। जल को व्यर्थ बहाने से गुरेज करना चाहिए। भूमि में रासायनिक खादों के स्थान पर प्राकृतिक खादों का प्रयोग करना चाहिए। लाउडस्पीकर और वाहनों के हार्न का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं। इस प्रकार प्रदूषण रहित वातावरण का निर्माण किया जा सकेगा।

कुमकुम



## स्वच्छता अभियान

**आओ स्वच्छता अभियान चलाएं, जन-जन को नई राह दिखाएं।।**

स्वच्छता अभियान को स्वच्छ भारत मिशन के नाम से भी जाना जाता है। इस अभियान की शुरुआत भारत सरकार ने देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए की है। इस अभियान का उद्देश्य हमारे देश के प्रत्येक गांव व शहर को साफ सुथरा रखना है। यह अभियान हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया है। स्वच्छ भारत हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना था इसीलिए इस अभियान को भारत सरकार ने 2 अक्टूबर, 2019 को महात्मा गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर आरंभ किया था।

साफ-सफाई को लेकर देश की छवि बदलने के लिए इसे जन आंदोलन का रूप दिया गया। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने झाड़ू उठाकर इस अभियान का आरंभ किया इस अभियान में सभी लोगों को शामिल किया गया यहां तक कि स्कूलों के विद्यार्थियों को भी इसका अहम् हिस्सा बनाया गया । इस अभियान ने देश के लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया है । स्वच्छ भारत अभियान शुरू करने के कई उद्देश्य हैं जैसे प्रत्येक घर में शौचालय का प्रबंध करना, खुले में शौच पर पाबंदी लगाना, दूषित जल के निकास का उचित प्रबंध, सड़कों, नदियों, तालाबों और जलाशयों की सफाई करना, पीने के पानी की उचित व्यवस्था आदि। इससे हमारा देश स्वच्छ और सुंदर बन सकेगा ।

प्रधानमंत्री जी के इस अभियान की विदेशों में भी सराहना की गई है। हम सब मिलकर अपने देश से पूरी तरह से गंदगी हटाएंगे तो हमारे देश का नाम भी स्वच्छ देशों की सूची में शामिल हो जाएगा। इस अभियान से पूरा देश भगवान का निवास-स्थल बन जाएगा।

## मेरा पंजाब

पंजाब शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है पंच+आब। जिसका अर्थ है पांच पानियों अर्थात नदियों की धरती। परंतु विभाजन के बाद यहां पर केवल तीन नदियां ही रह गई सतलुज, व्यास और रावी। 1 नवंबर, 1966 को पंजाब के तीन भाग हो गए जिसमें दो नए प्रांत बने हिमाचल प्रदेश और हरियाणा।

पंजाब की सीमा एक ओर से पाकिस्तान से मिलती है। इसका क्षेत्रफल 50362 किलोमीटर है। पंजाब में कुल 22 जिले हैं। इसकी राजधानी चंडीगढ़ है। इसकी राजभाषा पंजाबी है। पंजाब को गुरुओं, पीरों, फकीरों, ऋषि-मुनियों की धरती कहा जाता है। पहले इसे सप्त सिंधु के नाम से भी जाना जाता था। पंजाब भारत के पश्चिम दिशा में है। लुधियाना अमृतसर जालंधर इसके तीन बड़े जिले राष्ट्रीय मार्ग 1 से जुड़े हुए हैं। लुधियाना हौज़री के सामान के लिए, जालंधर खेलों के सामान के लिए प्रसिद्ध है। अमृतसर एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर है और पंजाब का प्रमुख तीर्थ स्थल भी कहा जाता है। यहां के स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहाँ जलियांवाला बाग और वाघा बॉर्डर प्रमुख देखने योग्य स्थान है। पटियाला बागों और दरवाज़ों का शहर है। बठिंडा भी एक बड़ा शहर है। पंजाब की धरती बहुत उपजाऊ है। यहां के लोगों का मुख्य कार्य खेती है। लुधियाना में विश्व प्रसिद्ध खेती-बाड़ी विश्वविद्यालय है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी पंजाब सबसे आगे है सर्व शिक्षा अभियान ने पंजाब में शिक्षा के स्तर को बहुत ऊंचा उठाया है। पंजाब को 'वीरों की धरती' भी कहा जाता है। गुरुओं की इस पवित्र धरती को श्री गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की वीरता प्राप्त है। गुरुओं, पीरों और वीरों की यह धरती उन्नति के शिखरों को छू रही है। हमें अपने प्यारे पंजाब पर गर्व है।

कुमकुम

## मोबाइल के लाभ हानियां

आज के युग में मोबाइल फोन हमारे जीवन का एक अहम् हिस्सा बन गया है। आज समाज के हर व्यक्ति चाहे वह अमीर है या गरीब के पास फोन दिखाई देता है। स्मार्टफोन आ जाने से बच्चों से लेकर बूढ़े तक हर व्यक्ति की दिलचस्पी इस ओर तेजी से बढ़ती जा रही है।

मोबाइल फोन के लाभ इस प्रकार है:-

मोबाइल फोन के द्वारा हम किसी भी व्यक्ति से कभी भी और कहीं भी बातचीत कर सकते हैं चाहे विदेश में ही क्यों न हो। केवल इंटरनेट का कनेक्शन लेकर हम किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन के द्वारा मैसेज भेज सकते हैं,वीडियो कॉल कर सकते हैं, अपनी लोकेशन भेज सकते हैं, किसी भी प्रकार की वीडियो या मैसेज शेयर कर सकते हैं। मोबाइल फोन में कैलकुलेटर, कैलेंडर, अलार्म घड़ी, क्लॉक जैसी अनेक सुविधाएँ भी उपलब्ध होती हैं। मोबाइल फोन के प्रयोग से हम घर बैठे ही खरीदारी कर सकते हैं, बैंक खाते का प्रयोग कर सकते हैं विभिन्न प्रकार के लेनदेन कर सकते हैं। मोबाइल फोन में हम अपनी वीडियो, फोटो और अनेक प्रकार का डाटा हमेशा के लिए सेव करके रख सकते हैं। वास्तव में आज मोबाइल फोन एक मिनी कंप्यूटर के समान है जिसे हर व्यक्ति अपने साथ कहीं पर भी रख सकता है। मोबाइल फोन की जहां इतने लाभ है वहां पर कुछ हानियां भी है जो इस प्रकार है:-

हानियाँ :-

मोबाइल फोन के बहुत अधिक प्रयोग से आँखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है आज छोटे-छोटे बच्चों को भी मोबाइल फोन के प्रयोग के कारण चश्मे लग गए हैं। मोबाइल फोन के आदी हो जाने के कारण बच्चों का पढ़ाई में मन नही लगता। मोबाइल फोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक किरणों के कारण मनुष्य को अनेक प्रकार की बीमारियों का भी सामना करना पड़ सकता है जैसे हृदय रोग, सुनने और देखने संबंधी रोग, मानसिक रोग आदि। आजकल लोग अपनी बहुत सी गोपनीय जानकारियां मोबाइल में सेव कर लेते हैं जिससे कोई इनका गलत प्रयोग भी कर सकता है। महंगाई के इस युग में मोबाइल फोन के कारण फिजूल खर्च बढ़ गया है।

सारा दिन मोबाइल पर लगे रहने के कारण पारिवारिक संबंध आपस में कमजोर हो रहे हैं।

अतः हमें मोबाइल फोन का प्रयोग सोच समझ कर करना चाहिए आना तथा इसके अनावश्यक प्रयोग से बचना चाहिए। ताकि विज्ञान की यह देन हमारे लिए वरदान साबित हो न कि अभिशाप।





## स्कूल में पीने के पानी की उचित व्यवस्था करवाने के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र।

सेवा में,
श्रीमान मुख्याध्यापक जी,
क. ख. ग. स्कूल,
च. छ. ज. शहर ।
श्रीमान जी,

निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय का आठवीं कक्षा का छात्र हूँ और अपनी कक्षा का मॉनिटर भी हूँ। मैं आपका ध्यान स्कूल में पीने के पानी की समस्या की ओर दिलवाना चाहता हूँ। हमारे स्कूल में पीने के पानी के दो नल लगे हुए हैं। जिन पर आधी छुट्टी के समय बहुत भीड़ लगी रहती है। बड़े बच्चे पानी पी जाते हैं और छोटे बच्चे प्यासे रह जाते हैं। इसलिए आपसे प्रार्थना है कि छोटे बच्चों के लिए पीने के पानी के दो नल कम ऊंचाई पर लगवा दें। जिस से स्कूल के सभी विद्यार्थियों को आधी छुट्टी के समय पीने का पानी मिल सकेगा। हम सभी विद्यार्थी आपकी इस कृपा के लिए आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद सहित।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,
नाम ट. ठ. ड.
कक्षा आठवीं
रोल नंबर 15
दिनांक 10 अप्रैल, 2025

## स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने हेतु मुख्य अध्यापक को प्रार्थना पत्र।

सेवा में,
श्रीमान मुख्याध्यापक जी,
क. ख. ग. स्कूल,
च. छ. ज. शहर ।
श्रीमान जी,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय का आठवीं कक्षा का छात्र हूँ। मेरे पिताजी एक पुलिस अधिकारी हैं। उनका तबादला लुधियाना से जालंधर हो गया है। मेरा पूरा परिवार यहां से जालंधर जा रहा है। मेरा यहां पर अकेले रहना कठिन है अतः मुझे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र देने की कृपा करें ताकि मैं वहां जाकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकूँ। आपकी इस कृपा के लिए मैं आपका अति आभारी रहूंगा।

धन्यवाद सहित।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
नाम ट. ठ. ड.
कक्षा आठवीं
रोल नंबर 15
दिनांक 10 मई, 2025

## चाचा जी को जन्मदिन के उपहार के लिए धन्यवाद पत्र।

परीक्षा भवन,
च. छ. ज. शहर ।
10 अगस्त, 2024 दिनांक
आदरणीय चाचा जी,
प्रणाम,
हम सब यहां पर कुशलता से हैं और आशा करते हैं कि आप भी सकुशल होंगे। कुशलता के उपरांत समाचार यह है कि मुझे अभी-अभी आपका भेजा हुआ पार्सल मिला। आपने मेरे जन्मदिन के अवसर पर उपहार के रूप में एक बड़ी ही सुंदर घड़ी भेजी है, जिसका डायल बहुत सुंदर है। मुझे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान सदा एक घड़ी की आवश्यकता महसूस हुई है। इस घड़ी के द्वारा मैं अपने सभी काम समय पर कर सकूंगा। सभी को आपके द्वारा भेजा गया उपहार बहुत पसंद आया। आपकी इस अमूल्य भेंट के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। चाची जी को नमस्ते। सोनू और सीमा को प्यार।
आपका प्यारा भतीजा ।
ट. ठ. ड.

---

## अपने मित्र को स्कूल में मनाए गणतंत्र दिवस के बारे में बताते हुए पत्र ।

परीक्षा भवन
च. छ. ज. शहर ।
10 अगस्त, 2024 दिनांक
प्रिय मित्र,
स्नेह मिलन ।

हम सब यहां पर कुशलता से हैं और आशा करते हैं कि आप भी सकुशल होंगे। आज पत्र के माध्यम से मैं तुम्हें हमारे स्कूल में मनाए गए गणतंत्र दिवस के बारे में बताने जा रहा हूँ। इस वर्ष हमारे स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे शहर के मेयर साहिब थे। उन्होंने कार्यक्रम का आरंभ झंडा फहराने की रस्म से किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बड़ी जोश के साथ परेड की। कुछ विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत गाए व कुछ ने देशभक्ति के गानों पर नृत्य किया। देशभक्तों के जीवन के ऊपर नाटक भी प्रस्तुत किया गया। मैंने भी भगत सिंह के जीवन पर भाषण दिया था। कार्यक्रम का अंत गिद्दा व भंगड़ा से किया गया। हमारे मुख्य अतिथि ने भी इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की। हमारे मुख्याध्यापक जी ने मुख्य अतिथि जी का धन्यवाद किया। अंत में सभी विद्यार्थियों को लड्डू बांटे गए। इस बार का गणतंत्र दिवस का उत्सव मुझे सदा याद रहेगा। तुम भी अपने विद्यालय के गणतंत्र दिवस के बारे में मुझे बताना। पूज्य चाचा व चाची जी को प्रणाम। छोटी बहन को प्यार।
तुम्हारा मित्र,
ट. ठ. ड.





## मित्र के जन्मदिन पर उसे बधाई देते हुए पत्र

**परीक्षा भवन,**
**च. छ. ज. शहर ।**
**1 नवंबर, 2024 दिनांक**
**प्रिय मित्र,**
**स्नेह मिलन,**

**हम सब यहाँ कुशलता से हैं और आप सब की कुशलता की भगवान से कामना करते हैं। कल ही तुम्हारी तरफ से भेजा गया तुम्हारे जन्मदिन का निमंत्रण पत्र मुझे मिला जो कि 4 नवंबर को है। परन्तु मुझे खेद है कि घर में मेरे माता जी के बीमार होने के कारण मैं तुम्हारे जन्मदिवस पर नहीं आ सकता। इसलिए इस पत्र के माध्यम से मैं तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को तुम्हारे जन्मदिवस की बधाई भेज रहा हूँ और भगवान से तुम्हारी लम्बी आयु की प्रार्थना करता हूँ। मैंने तुम्हारे जन्मदिवस का उपहार भी ले लिया है जो तुम्हें मिलने पर दूँगा और तभी तुमसे पार्टी भी ले लूँगा।**

**पत्र के माध्यम से तुम भी अपने जन्मदिन की पार्टी के बारे में अवश्य बताना। आंटी व अंकल को मेरी तरफ से नमस्कार व बहुत-बहुत बधाई।**

**तुम्हारा प्रिय मित्र,**

**........... ।**

---

## अपने गाँव के सरपंच को स्कूल के विकास में योगदान देने हेतु पत्र।

सेवा में,
सरपंच जी,
क. ख. ग. गांव,
च. छ. ज. जिला।
आदरणीय सरपंच महोदय,
प्रणाम।

मैं आपके गांव के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र हूँ। इस गांव के सभी छात्र इसी स्कूल में पढ़ते हैं। मैं स्कूल के छात्र संघ का सचिव हूँ। इसलिए मैं आपका ध्यान स्कूल की कुछ समस्याओं की ओर दिलवाना चाहता हूँ। हमारे स्कूल में चार दिवारी नहीं है जिसके कारण स्कूल में पशु आ जाते हैं। स्कूल में कोई खेल का मैदान नहीं है जिसके कारण विद्यार्थी खेल के पीरियड में सही ढंग से खेल नहीं पाते। जिससे उनका शारीरिक विकास नहीं हो पाता। स्कूल की छत की भी मुरम्मत करवाने वाली है। वर्षा के दिनों में छत पर पानी खड़ा हो जाने पर छत से पानी टपकता है जिससे कक्षा में बैठना मुश्किल हो जाता है। स्कूल के विकास से ही विद्यार्थियों का विकास संभव है और विद्यार्थियों के विकास से ही देश का विकास हो सकता है। इसलिए आशा करते हैं कि आप हमारे स्कूल के विकास में अवश्य योगदान देंगे। आपके सहयोग के लिए हम आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद सहित,
ट. ठ. ड.

## छुट्टी वाले दिन स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति लेने संबंधी पत्र

सेवा में,
श्रीमान मुख्याध्यापक जी,
क. ख. ग. स्कूल,
च. छ. ज. शहर ।
श्रीमान जी,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय का आठवीं कक्षा का छात्र हूँ। मैं हमारे स्कूल की क्रिकेट टीम का कप्तान हूँ। जैसा कि आप जानते ही हैं कि हमारे स्कूल की टीम जिला स्तर पर होने वाले मैच को खेलने जा रही है। इस मैच को खेलने के लिए हमें बहुत अधिक अभ्यास की आवश्यकता है, जोकि केवल स्कूल समय में संभव नहीं हो पाता। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि कृपया आप हमें छुट्टी वाले दिन भी स्कूल के क्रीडा क्षेत्र में क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति प्रदान करें ताकि हम एक अच्छी टीम तैयार कर सकें। आशा करता हूँ कि आप हमारी इस प्रार्थना को अवश्य स्वीकार करेंगे। आपकी इस कृपा के लिए हम आपके अति आभारी रहेंगे।

धन्यवाद सहित।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,
नाम ट. ठ. ड.
कक्षा आठवीं
रोल नंबर 15
दिनांक 10 दिसंबर, 2024

---

## अपनी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को निमंत्रण पत्र लिखें।

परीक्षा भवन,
च. छ. ज. शहर ।
10 अगस्त, 2024 दिनांक
प्रिय मित्र,

नमस्ते।

तुम्हें यह जानकर बहुत प्रसन्नता होगी कि मेरी बड़ी बहन का विवाह 30 अक्टूबर को होना निश्चित हुआ है। इस विवाह में अपने सभी मित्र आ रहे हैं अतः मैं चाहता हूँ कि तुम भी इस विवाह में अवश्य शामिल होना। मैं इस पत्र के द्वारा तुम्हें निमंत्रण भेज रहा हूँ। 29 तारीख को संगीत का कार्यक्रम रखा गया हैं। तुम एक दिन पहले ही यहां पहुंच जाना ताकि विवाह के सभी कार्यक्रमों में शामिल हो सको और साथ ही शादी के कामों में मेरी मदद भी कर सको। हम सब तुम्हारा इंतजार करेंगे। तुम्हारी प्रतीक्षा में....

तुम्हारा प्रिय मित्र,
क.ख.ग.





## इस गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

स्वच्छता हमें स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। जनसंख्या की वृद्धि ने जहाँ वस्तुओं की माँग को बढ़ाया है वहीं गंदगी को भी बढ़ावा दिया है। जहाँ देखो कूड़े के ढेर हैं। टूटी-फूटी सड़कों में भरा पानी हो या गंदे पानी से भरे नाले, दूषित और बदबूदार हवा का कारण बन गए हैं। लोग नाक पर रूमाल रखकर कूड़े को लांघते हुए निकल जाते हैं लेकिन साफ़-सफ़ाई की तरफ़ बिलकुल ध्यान नहीं देते हैं। जगह-जगह पड़े थूक, कागज, पॉलिथिन, खाली डिब्बे-डिब्बियों के ढेर स्थान की सुंदरता को बिगाड़ देते हैं। जहाँ सफ़ाई की बात आती भी है तो लोग सरकार पर दोष लगाकर निश्चिंत हो जाते हैं। जैसे सरकार को दोषी ठहराकर उनका फर्ज़ पूरा हो जाता है। आज यदि हर इनसान सफ़ाई की जरूरत को समझेगा तभी वह गंदगी न करके अपने आसपास को साफ़-सुथरा व उज्ज्वल बना सकेगा।

प्रश्न(क) स्वच्छता क्यों जरूरी है?
उत्तर - स्वच्छता हमें स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।
प्रश्न(ख) गंदगी किस कारण बढ़ी है?
उत्तर - जनसंख्या की वृद्धि के कारण गंदगी बढ़ी है।
प्रश्न(ग) स्थान की सुंदरता कैसे बिगड़ने लगी है?
उत्तर - जगह-जगह पड़े थूक, कागज़, पॉलिथीन, खाली डिब्बे- डिब्बियों के ढेर के कारण स्थान की सुंदरता बिगड़ने लगी है।
प्रश्न(घ) दूषित और बदबूदार हवा का कारण कौन बन गए हैं?
उत्तर - टूटी फूटी सड़कों में भर पानी और गंदे पानी से भरे नाले दूषित और बदबूदार हवा का कारण बन गए हैं।
प्रश्न(ङ) लोग किस प्रकार कूड़े को लांघते हुए निकल जाते हैं?
उत्तर - लोग नाक पर रूमाल रखकर कूड़े को लांघते हुए निकल जाते हैं।
प्रश्न(च) उपयुक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
उत्तर - स्वच्छता की आवश्यकता

---

निम्नलिखित सारणी में बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे कुछ सार्थक शब्द छिपे हैं इनमें से पांच सार्थक शब्द ढूँढ कर लिखो और उनके वाक्य बनाओ :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जी | व | न | खे | रा | खी |
| क | क्षा | न | त | सी | दि |
| आ | स | मा | न | सा | न |
| स | मा | ज | ल | पे | ट |

1. आसमान = आसमान में बादल छाए हुए हैं।
2. जीवन = जल ही जीवन है।
3. कक्षा = बच्चे कक्षा में बैठे हैं।
4. समाज = हम समाज में रहते हैं।
5. दिन = दिन को दिवस भी कहते हैं ।
6. राखी = आज राखी का त्योहार है।
7. जल = जल को पानी कहते हैं ।

**तैयारकर्ता:-कुमकुम,सरकारी हाई स्मार्ट स्कूल,शाहपुर रोड,लुधियाना**